www.epaper.azadsipahi.in

28 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 11, अंक 40

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नौकरी के साथ-साथ स्वरोजगार को भी दे रहे बढ़ावा : हेमंत सोरेन




मंईयां सम्मान ₹2500

अधिवक्ताओं और राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा

झारखण्ड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग का गठन

रांची में हाईटेक फ्लाईओवर

झारखण्ड फ़्लाईंग इंस्टिट्यूट शुरू

520 बेड बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण शुरू

महिला महाविद्यालय, डिग्री कॉलेज एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति

पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से 40 हजार महिलाओं को करोड़ों रुपए की मदद

2 लाख 80 हजार से अधिक SHGs को ₹17,374 Cr क्रेडिट लिंकेज

हजारों स्टूडेंट्स को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ

पलाश ब्रांड से ₹56.47 Cr का व्यापार

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड 25
अनंत संभावनाओं की ओर

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं रजत पर्व पर भव्य आयोजन

राजस्व निरीक्षक, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायकों, स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, चिकित्सा पदाधिकारियों, विधि सहायक आदि अंतर्गत विभिन्न विभागों में हजारों नियुक्तियां

मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना

खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल में BAR COUNCIL BULIDING का शिलान्यास

मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना

स्कूलों में STEM एवं SCIENCE लैब की स्थापना

राज्य में नए 800 MW बिजली का उत्पादन

इको टूरिज्म को बढ़ावा

4th SAAF CHAMPIONSHIP 2025 का आयोजन

## हेमन्त सरकार के

# प्रथम वर्षगांठ

## पर चयनित हजारों अभ्यर्थियों का

# नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**28 नवंबर, 2025**
**अपराह्न 12:15 बजे से**
**मोरहाबादी मैदान, रांची**

स्कैन करें और इस समारोह के सहभागी बनें!

**अध्यक्षता**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**सम्मानित अतिथि**

| | | |
|---|---|---|
| **श्री राधा कृष्ण किशोर**<br>माननीय मंत्री | **श्री दीपक बिरुवा**<br>माननीय मंत्री | **श्री चमरा लिण्डा**<br>माननीय मंत्री |
| **श्री संजय प्रसाद यादव**<br>माननीय मंत्री | **श्री इरफान अंसारी**<br>माननीय मंत्री | **श्री हफीज़ूल हसन**<br>माननीय मंत्री |
| **श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह**<br>माननीय मंत्री | **श्री योगेन्द्र प्रसाद**<br>माननीय मंत्री | **श्री सुदिव्य कुमार**<br>माननीय मंत्री |

**श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की**
माननीय मंत्री



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 367263 (IPRD) 25-26

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# हेमंत 2.0 : मजबूत इच्छाशक्ति, प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक सूझबूझ का परिचय

## ■ हेमंत पर जनता का भरोसा प्रगाढ़, यही है उनकी सरकार की असली कुंजी

## ■ जनता जानती है, हेमंत है, तो हर राह आसान, भले उनके सामने चुनौतियां कई

## ■ हेमंत हर चुनौती से लड़े हैं, जिये हैं, आंख में आंख डालकर उनका सामना किया है



राकेश सिंह
संपादक

एक साल पहले 28 नवंबर, 2024 को झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में जब हेमंत सोरेन शपथ ले रहे थे, तो उन्हें पता था कि उनकी दूसरी पारी में भी उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन वह इसके लिए कमर कस चुके थे। अपनी पहली पारी में 29 दिसंबर 2019 को जब हेमंत सीएम की कुर्सी पर बैठे थे, तो राज्य का खजाना लगभग खाली था। राज्य में विकास का पहिया पूरी तरह से रुका पड़ा था और व्यवस्था बेपटरी हो चुकी था। लेकिन धीरे-धीरे हेमंत सोरेन ने इस कांटों भरे ताज को एक खूबसूरत जिम्मेदारी में बदल दिया और झारखंड को पटरी पर लाने का बेहद चुनौतीपूर्ण काम करना शुरू किया। फिर जब उनकी पहली सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम दौर में थी, अचानक एक प्रशासनिक बवंडर उठा और हेमंत के बढ़ते कदम को बलपूर्वक रोक दिया गया। लेकिन झारखंड की जनता ने इस अवरोध को तोड़ कर हेमंत पर एक बार फिर भरोसा जताया। हेमंत सोरेन में जनता के अटूट विश्वास ने उन्हें दोबारा सत्ता सौंप दी। इसके बाद पिछले एक साल में हेमंत सोरेन ने हिम्मत दिखायी और एक-एक कर सामने आनेवाली चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीति बना कर काम शुरू किया। आज जब हेमंत सोरेन सरकार अपनी दूसरी पारी का एक साल पूरा कर रही है, यह जानना दिलचस्प है कि यह सरकार कैसा काम कर रही है। पिछले एक साल के दौरान सभी मोर्चों पर जूझते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनौतियों का सफलता से सामना किया और नतीजा सामने है। मुसीबत की इस घड़ी में उन्होंने न केवल खुद को राजनीति का एक माहिर खिलाड़ी साबित किया, बल्कि प्रशासनिक मोर्चे पर भी तमाम भविष्यवाणियों को गलत साबित कर दिया। यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले एक साल में झारखंड ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने 2019 में आश्वस्त किया था कि वह बदले की भावना से कोई काम नहीं करेंगे। उनका लक्ष्य सिर्फ राज्य को विकासशील बनाने का होगा। इस भरोसे को उन्होंने आज तक कायम रखा है। उन्होंने कहा था कि अब हर फैसला झारखंड के हितों को ध्यान में रख कर किया जायेगा और उनका यह वादा पिछले एक साल के दौरान भी जारी रहा है। उनका एक भी फैसला राज्य हित के खिलाफ नहीं गया है।

### चुनौतियों एक डट कर सामना किया

2019 में अपनी सरकार के शुरूआती दिनों में ही हेमंत सोरेन को पता चल गया था कि झारखंड के सामने समस्याएं बड़ी हैं, सरकार के सामने चुनौतियां विकराल हैं और संसाधनों का भयंकर अभाव। तमाम अवरोधों के बावजूद हेमंत ने आगे कदम बढ़ाया और अपनी मजबूत इच्छाशक्ति, प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक सूझबूझ से अवरोधों को एक-एक कर हटाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास का ऐसा ब्लूप्रिंट तैयार किया, जिससे झारखंड को उसकी विरासत के गौरव के साथ विकास का रास्ता तय करने में आसानी हो। बिरसा हरित ग्राम योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना और वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के माध्यम से 25 करोड़ मानव दिवस का सृजन करने और 20 हजार करोड़ रुपये पारिश्रमिक के रूप में देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इन योजनाओं के कारण झारखंड को पलायन और मानव तस्करी के कलंक से छुटकारा मिल गया है। इन सबके बीच हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार पर भी बहुत चोट कर रही है। अभी तक तीन सौ के करीब अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में कार्रवाई हो चुकी है। इनमें से कई सलाखों के पीछे भी हैं। हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री बने थे, तो गरीबों और जरूरतमंदों में एक उम्मीद और आस जगी थी। सभी लोग अपनी उम्मीद लेकर सीएम से मिलते रहे और हेमंत भी सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

### आम लोगों के दरवाजे पर पहुंचा प्रशासन

हेमंत सोरेन सरकार ने अपनी दूसरी पारी के पहले साल में ही बता दिया है कि प्रशासनिक व्यवस्था में उसका जोड़ नहीं है। हेमंत सोरेन सरकार ने पहले कार्यकाल में ही एक अभियान शुरू किया था। इसका नाम था, आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार। इसका दूसरा चरण राज्य के 23वें स्थापना दिवस के दिन शुरू किया गया था। इस बार राज्य स्थापना की रजत जयंती पर 'सेवा अधिकार सप्ताह' के नाम से इस योजना का तीसरा संस्करण चलाया जा रहा है। देश के किसी भी राज्य में अपनी तरह का यह पहला अभियान है। यह अभियान आज एक प्रशासनिक क्रांति का रूप ले चुका है और पहली बार लग रहा है कि सरकार में कुछ काम हो रहा है। झारखंड के लोगों के लिए यह एकदम नया अनुभव है। जिस राज्य को राजनीतिक प्रयोगशाला बना कर यहां केवल कागजी घोड़े दौड़ाये गये और भ्रष्टाचार के घोड़े पर सवार बेलगाम नौकरशाही के बोझ तले कराहने के लिए छोड़ दिया गया था, उस राज्य में यह सब एक सपना ही है। इसका कारण यह है कि हेमंत सोरेन ने लगातार दूसरी बार सवा तीन करोड़ झारखंडियों की अगुवाई करने का जो भार अपने कंधों पर लिया था, उसे वह बखूबी निभा रहे हैं। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान की आज पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है और इसके जरिये सरकार के इकबाल और शासन करने का असली मतलब लोगों के सामने आने लगा है। झारखंड को मिली इस नयी ताकत के कारण राज्य के सपने अब अंगड़ाई लेने लगे हैं।

### आम जनता की सरकार

यह तो सभी जानते हैं कि झारखंड के सामने समस्याएं बड़ी हैं, सरकार के सामने चुनौतियां विकराल हैं और संसाधनों का भयंकर अभाव है। तमाम अवरोधों के बावजूद राज्य ने आगे कदम बढ़ाया और हेमंत ने अपनी मजबूत इच्छाशक्ति, प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक सूझबूझ से अवरोधों को एक-एक कर हटाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार की कार्यशैली पर नाक-भौं सिकोड़नेवालों को बता दिया है कि प्रशासन कैसे चलाया जाता है। उन्होंने सिर्फ इतना किया कि प्रशासन को आम लोगों और जरूरतमंदों के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया। झारखंड के लिए यह एक बड़ा और क्रांतिकारी बदलाव है। वाकई झारखंड का सिस्टम तो कुछ मुट्ठी भर लोगों के पास बंधक बना था। इन लोगों ने पूरे सिस्टम को अपने हित में चला रखा था। आम लोगों की बदौलत चलनेवाली व्यवस्था पूरी तरह से पंगु बना दी गयी थी। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़क, कृषि, कानून-व्यवस्था और वे तमाम विभाग, जो आम लोगों से सीधे जुड़े थे, कुछ मुट्ठी भर लोगों के इशारों पर काम कर रहे थे। पिछले चार साल में यह सब बदल चुका है। अब शासन में न तो राजनीति को घुसने दिया जा रहा है और न ही प्रशासन को बेलगाम होने का मौका ही मिल रहा है। राज्य के सिस्टम में जड़ जमा चुकी गड़बड़ियों को दूर करने के लिए व्यापक कदम उठाये गये।

आजाद सिपाही खास

### तेजी से बदल रही है झारखंड की तस्वीर

हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली दूसरी सरकार ने पिछले एक साल में कई ऐसी योजनाएं लागू की हैं, जिनसे झारखंड की तस्वीर तेजी से बदल रही है। सरकार ने महिला सशक्तिकरण, महिला शिक्षा, विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों और कर्मचारियों की बेहतरी की दिशा में कई कदम बढ़ाये हैं। मंईयां सम्मान योजना का शानदार कार्यान्वयन आज देश-दुनिया में एक उदाहरण बन चुका है। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, पुरानी पेंशन योजना और मरंग गोमके जयपाल सिंह पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की है।





### आर्थिक मोर्चे पर बहुत काम हुआ

अब बात अर्थव्यवस्था की। झारखंड के विकास की लगातार दौड़ रही गाड़ी के पीछे भी हेमंत सोरेन का विजन ही है। 2019 में जब हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री का पद संभाला था, तब राज्य के खजाने की हालत बहुत अच्छी नहीं थी। पहले अपनी पहली पारी में और अब दूसरी पारी के एक साल में हेमंत सोरेन सरकार ने इस मोर्चे पर बहुत काम किया है। इस बात में भी कोई शक नहीं कि इस सरकार ने राज्य हित में कई ऐसे कदम उठाये हैं, जिनका अर्थव्यवस्था पर दूरगामी असर पड़ना निश्चित है। हेमंत सोरेन सरकार ने 2019 में जब सत्ता संभाली थी, तब राज्य का खजाना लगभग खाली था और सामान्य कामकाज के लिए भी रकम की व्यवस्था इधर-उधर से की जा रही थी। जीएसटी संग्रह और केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से से रोजाना का खर्च तो चल रहा था, लेकिन विकास योजनाओं के लिए पैसे की कमी से राज्य जूझ रहा था। ऐसे में हेमंत सोरेन सरकार की पहली चुनौती फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की थी। इस चुनौती का सामना राज्य सरकार ने सफलता से किया। अपनी दूसरी पारी में हेमंत सोरेन अपनी इसी नीति पर चल रहे हैं। और झारखंड की आर्थिक स्थिति आज अच्छी नहीं, तो खराब भी नहीं है। हेमंत सरकार ने बजट में जहां कुछ विभागों के आवंटन में कटौती की, वहीं लोक कल्याण और विकास से जुड़े विभागों का आवंटन बढ़ाने में कोताही नहीं की। हेमंत सरकार ने अपना इरादा जाहिर कर दिया कि वह चुनौतियों का सामना करने से पीछे नहीं हटेगी। इसके बाद इस सरकार ने आमदनी बढ़ाने पर ध्यान दिया। इसके लिए कुछ ऐसे कड़े फैसले लिये गये। लेकिन बाद में इन फैसलों की उपयोगिता साबित हुई। इन फैसलों से ही राज्य के खजाने में अतिरिक्त आमद हुई। हेमंत सोरेन सरकार ने इन कदमों के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया है कि विकास योजनाओं में धन की कमी को बाधा नहीं बनने दिया जाये। इसके लिए उसे केंद्रीय सहायता की सख्त जरूरत थी। राजनीतिक कारणों से केंद्र से अपेक्षित मदद नहीं मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लगातार अपनी बात सामने रखी। इसका सकारात्मक परिणाम भी निकला। समय-समय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की जरूरतों और इसके अधिकारों के लिए आवाज उठायी। चाहे जीएसटी की क्षतिपूर्ति में कमी का मुद्दा हो या फिर केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से में कटौती, हेमंत ने झारखंड के हित में हमेशा बेहद तार्किक ढंग से अपनी बात रखी।

### कई चुनौतियां हैं सामने

जहां तक चुनौतियों का सवाल है, तो हेमंत सोरेन सरकार के सामने झारखंड पर लगे गरीब राज्य के टैग को हटाना सबसे बड़ी चुनौती है। आंकड़े बताते हैं कि झारखंड की करीब 37 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करती है। झारखंड को गरीबी से पार पाना है। राज्य की प्रति व्यक्ति आमदनी राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आमदनी से लगभग आधी है, जबकि राज्य की विकास दर बीते 21 साल में सात-आठ प्रतिशत रही है। इसका मतलब यह हुआ कि राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के लिए झारखंड को अपने आर्थिक विकास की गति को तेज करना होगा। भारत की औसत प्रति व्यक्ति आमदनी तक पहुंचने के लिए झारखंड को कम-से-कम 11 प्रतिशत की दर से विकास करना होगा, तभी वह भारत की औसत प्रति व्यक्ति आमदनी के बराबर पहुंचेगा। केवल विकास दर बढ़ाने से ही झारखंड का काम नहीं चल सकता। राज्य में व्याप्त असमानता को भी दूर करना होगा। झारखंड को मानव विकास सूचकांक के हर स्तर पर आगे बढ़ना होगा। चाहे वह बिजली हो, स्वच्छता हो, शिक्षा हो, भूख हो, गरीबी हो या बेरोजगारी हो। इन सभी स्तरों पर जब तक सम्यक रूप से नीति बनाकर काम नहीं किया जायेगा, तब तक मुश्किल है कि झारखंड अपने लक्ष्यों को प्राप्त करे। यह भी सच है कि झारखंड जैसे संसाधन-संपन्न राज्य के लिए यह कोई मुश्किल नहीं है कि वह इन सूचकांकों को ठीक नहीं कर सकता। हेमंत सरकार ने जिस इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया है, उससे तो यह बहुत मुश्किल नहीं लगता।

### खेती पर ध्यान देना जरूरी

झारखंड को अपने कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान देना होगा। यहां की करीब 50 प्रतिशत आबादी कृषि क्षेत्र से सक्रिय रूप से जुड़े हैं, लेकिन राज्य की जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान महज 14-15 प्रतिशत ही है, जबकि राज्य के केवल ढाई फीसदी लोग खनन क्षेत्र से जुड़े हैं और जीडीपी में उनका योगदान 12 प्रतिशत है। करीब साढ़े छह फीसदी रोजगार देनेवाला विनिर्माण क्षेत्र की जीडीपी में हिस्सेदारी 14 प्रतिशत है। ये आंकड़े बताते हैं कि झारखंड के विकास का पैटर्न बहुत विषम है और यह विषमता कई चुनौतियों को जन्म देती है। इसके बारे में सरकार को गहराई से सोचना पड़ेगा। झारखंड जैसे गरीब और प्रति व्यक्ति कम आमदनी वाले राज्य में छोटे और मंझोले उद्योगों का होना बहुत जरूरी है, ताकि वे लोगों की आर्थिक स्थितियों के हिसाब से वस्तुओं का निर्माण कर सकें। यह समझना होगा कि बड़ी औद्योगिक इकाइयों से ज्यादा रोजगार उत्पन्न नहीं होता। उनकी सीमाएं होती हैं और वे शहरों तक ही सीमित रहती हैं, जबकि छोटे और मंझोले उद्योगों से ज्यादा रोजगार उत्पन्न होता है। इसलिए विनिर्माण और खनन क्षेत्र में जीडीपी तो बहुत आता है, लेकिन बमुश्किल 10 प्रतिशत ही रोजगार उत्पन्न होता है। इसलिए झारखंड सरकार को चाहिए कि वह छोटे और मंझोले उद्योगों की ओर ध्यान दे, ताकि ज्यादा-से-ज्यादा और ग्रामीण क्षेत्रों तक भी रोजगार की उपलब्धता बन सके।

कुल मिलाकर हेमंत सरकार 2.0 का पहला कई मायनों में सफल रहा। जनता का भरोसा हेमंत सरकार पर प्रगाढ़ बना हुआ है, इससे बड़ी उपलब्धि और सफलता का प्रमाण और क्या हो सकता है। चुनौतियां तो हमेशा रहेंगी। अगर कोई सरकार काम करना चाहती है तो उसके सामने चुनौतियां रहेंगी। लेकिन फर्क यही होता है कि उन चुनौतियों का सामना कोई सरकार कैसे करती है। हेमंत सरकार ने अपने कार्यकाल से सिद्ध कर दिया है कि उसका लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ जनता को मजबूत करना है। चाहे सामाजिक रूप से हो या आर्थिक। हेमंत ने झारखंड की महिलाओं को आत्मनिर्भर बना दिया है। एक-एक कर हर लक्ष्य और वादों को साधने में हेमंत सरकार प्रतिबद्ध दिखती है।

www.epaper.azadsipahi.in

28 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 11, अंक 40

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



हांगकांग : आठ बहुमंजिली इमारतें जलीं, 65 मौतें

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## हेमंत सरकार 2.0 का एक वर्ष पूरा : मोरहाबादी मैदान में आज होगा भव्य कार्यक्रम, तैयारी पूरी

# 'नियुक्ति वर्ष' के रूप में जनता को तोहफा

- आज 10000 युवाओं को मिलेगा सरकारी नौकरी का तोहफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार शुक्रवार को अपने दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरा कर रही है। इसे 'नियुक्ति वर्ष' के रूप में देखा जा रहा है। रांची के मोरहाबादी मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कार्यक्रम का न्योता दिया। कार्यक्रम में लगभग 10000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। सबसे अधिक 8000 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। साथ ही 11 नवंबर से शुरू हुए झारखंड के रजत जयंती समारोह का समापन भी 28 को हो जायेगा।

**मोरहाबादी मैदान में समारोह की तैयारी :** राजधानी के मोरहाबादी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है। अभ्यर्थियों की नियुक्ति राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों में की जायेगी, जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को भेज दी गयी है। मोरहाबादी मैदान में बड़ा मंच बनाया गया है। साथ ही 10 हजार लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां भी लगायी जा रही हैं। मोरहाबादी मैदान के चारों तरफ होर्डिंग्स लगाये गये हैं। अब तक नियुक्ति पत्र के लिए 8514 अभ्यर्थियों की सूची तैयार हो गयी है।

**सबसे अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी :** राज्य में सबसे अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी। राज्य के प्राथमिक व मध्य विद्यालय में कुल आठ हजार सहायक आचार्य की नियुक्ति होगी। कक्षा छह से आठ में गणित एवं विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व भाषा विषय में सफल अभ्यर्थी शामिल हैं। पलामू जिला में सबसे अधिक 779 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिलेगा। जिले में कक्षा एक से पांच के 396, भाषा के 81, गणित एवं विज्ञान के 37 व सामाजिक विज्ञान विषय के 265 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलेगा।



### मुख्यमंत्री कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने गुरुवार को उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 28 नवंबर 2025 को मोरहाबादी मैदान में राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित 'राज्यस्तरीय समारोह' में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

### किस पद के लिए कितने नियुक्ति पत्र होंगे वितरित

सहायक आचार्य-8000
उप समाहर्ता-207
पुलिस उपाधीक्षक-35
राज्य कर पदाधिकारी-56
काराधीक्षक-02
झारखंड शिक्षा सेवा श्रेणी-दो-10
जिला समादेष्टा-01
सहायक निबंधक-08
श्रम अधीक्षक-14
प्रोबेशन पदाधिकारी-06
निरीक्षक उत्पाद-03
कीटपालक-150 व अन्य।

## स्थिरता, विश्वसनीयता और जनता का भरोसा

प्रशांत झा

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूसरी पारी का एक साल पूरा हो गया। यानी हेमंत सरकार 2.0 का एक साल पूरा हो गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक साल पहले विधानसभा चुनाव में अपार बहुमत के साथ जीत हासिल की थी। उनकी सबसे बड़ी उबलब्धि रही, स्थिर सरकार, विश्वासनीयता और जनता का भरोसा। एक साल में हेमंत सोरेन ने साबित कर दिया कि वे झारखंड की सत्ता पर मजबूती से कायम हैं। विशाल जनादेश को देखते हुए कल्याणकारी योजनाओं की गति बरकरार है। जनता से चुनाव पूर्व किये एक-एक वादे को एक-एक कर पूरा कर रहे।

एक साल पहले राज्य की क्या स्थिति थी, यह किसी ने भूला नहीं है। हेमंत अपने पहले पांच साल के कार्यकाल में लगातात संघर्ष करते हुए राज्य को आगे बढ़ा रहे थे, ठीक एन मौके पर उन्हें जेल में रहना पड़ा। हेमंत पर तमाम आरोप लगाये गये। हेमंत सोरेन की गैर-मौजूदगी में झामुमो ने लोकसभा चुनाव लड़ा ही नहीं, अपनी ताकत भी दिखा दी। हेमंत न ही झुके, न ही डिगे और न ही टूटे। वह पूरे आत्म विश्वास के साथ और मजबूत हो कर जेल से बाहर निकले। तमामा झंझावतों को किनारा कर नये सिरे से जनता के बीच पहुंचे। विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू की, तो महिला सशक्तिकरण को और मजबूबत करने का बीड़ा उठाया। मंईंया सम्मान योजना की बात की, महिलाओं को 2100 रुपये देने का वादा किया, तो उंगलियां उठने लगी। पैसा कहां से आयेगा, कहां से पैसा देंगे। हेमंत सोरेन का झूठा वादा है। हेमंत ने एक साल में इन तमाम बोतों को झुठला दिया। महिलाओं के खाते में पैसा भेजने से कभी नहीं चूके। इतना ही नहीं किसी खास मौके, मसलन होली, दीपावली, भाईदूज, दशहरा आदि पर समय से पूर्व महिलाओं के खाते में पैसे भिजवाया। राज्य के सभी लोगों के लिए 200 यूनिट बिजली मुफ्त, युवाओं के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना जैसी कई जनहित की योजनाएं शुरू की। इसी तरह पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना समेत अन्य जनकल्याण की योजनाओं के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर हर क्षेत्र में कदम दर कदम बढ़ाते गये।

हेमंत सोरेन ने कभी भी पीछे मुड़ कर नहीं देखा, बस जनहित और राज्य विकास पर फोकस कर आगे बढ़ते गये। इस वर्ष राज्य के साथ-साथ उन्हें व्यक्तिगत क्षति पहुंची। पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन हो गया। पिता का साया उठना कितना पीड़ादायक होता है, यह उनकी बातचीत में उभर कर हर वक्त आता है। इस तकलीफ के बाद भी वह गुरुजी की तबियत खराब हो या उनका श्राद्ध कर्म या फिर गुरुजी का साथ छूट जाना, कभी भी राज धर्म को नहीं भूले। जनहित के कार्य को सर्वोच्च स्थान पर रखते आगे बढ़ते रहे।

यही कारण है कि एक वर्ष में जनता का विश्वास हेमंत सोरेन के ऊपर और गहरा होता जा रहा है। इसका नमूना घाटशिला उपचुनाव है, जिसमें झामुमो की रिकॉर्ड मतों से जीत हुई।

हेमंत सोरेन का कार्यकाल चार साल बचा है। इन चार सालों में उन्हें बहुत कुछ करना है। वह इस बात को कहते भी हैं। इसलिए उन्होंने जनता के सामने राज्य स्थापना दिवस के मौके पर अगले 25 सालों का रोडमैप रख दिया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहते हैं, राज्य को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए अभी भी कई चुनौतियां बांकी हैं, लेकिन आप सभी के साथ मिलकर उसे पूरा कर लिया जायेगा। जनता को भी विश्वास है कि हेमंत हैं, तो हिम्मत है।

## इंटर्न कर रहे डॉक्टरों का अनुदान बढ़ेगा सीएम ने दी मंजूरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, गोड्डा में इंटर्नशिप कर रहे होम्योपैथी छात्र-छात्राओं और एमबीबीएस इंटर्न छात्रों को दी जा रही मासिक अनुदान राशि में महत्वपूर्ण वृद्धि को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने इंटर्न छात्रों को दी जा रही मासिक राशि को 15,000 से बढ़ाकर 17,500 रुपये करने का आदेश दिया। इस प्रस्ताव को कैबिनेट में रखा जायेगा। वहां से मंजूरी के बाद होम्योपैथी छात्र-छात्राओं और एम.बी.बी.एस इंटर्न छात्रों को बढ़ी हुई राशि मिलने लगेगी। इससे इंटर्नशिप के दौरान उनकी कार्य क्षमता और प्रेरणा में वृद्धि होगी। साथ ही सरकार की ओर से इसे हेल्थ सेक्टर में एक सकारात्मक कदम बताया जा रहा है।

## आइएएस विनय चौबे के ससुर और साले को भी समन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड एसीबी ने निलंबित आइएएस विनय चौबे के ससुर सत्येंद्र नाथ त्रिवेदी और उनके साले शिपिज त्रिवेदी को समन भेजा है। एसीबी ने दोनों आरोपियों को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों आरोपी एसीबी के बुलावे पर आते हैं या नहीं, क्योंकि एसीबी दोनों से विनय चौबे की आय से अधिक संपत्ति मामले में पूछताछ कर सकती है। दरअसल शराब घोटाला, वन भूमि घोटाला और सेवायत भूमि घोटाला के आरोपी आइएएस विनय चौबे पर एसीबी ने एक और एफआइआर दर्ज की है। इस एफआइआर का नंबर 20/2025 है। इसमें विनय चौबे के अलावा उनकी पत्नी स्वप्न संचिता, नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह, उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह, विनय सिंह के साले शिपिज त्रिवेदी, शिपिज की पत्नी प्रियंका त्रिवेदी और विनय चौबे के ससुर सत्येंद्र नाथ त्रिवेदी को अभियुक्त बनाया गया है।

## मुख्यमंत्री ने शहीद सोबरन सोरेन के 68वें शहादत दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी

# नौकरी के साथ-साथ स्वरोजगार को भी दे रहे बढ़ावा: हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को शहीद सोबरन सोरेन जी के 68वें शहादत दिवस पर लुकैयाटांड़ (नेमरा, गोला) पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद स्थल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन प्रत्येक वर्ष हम सभी लोग यहां एकत्रित होकर मेरे (दादा जी) शहीद सोबरन सोरेन जी के शहादत दिवस पर उन्हें याद कर नमन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग यह जानते हैं कि झारखंड के अलग-अलग जगहों पर हमारे कई वीर सपूतों ने जन्म लिया जिन्होंने यहां के आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग-समुदाय को लोगों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ी तथा यहां की जल, जंगल, जमीन एवं राज्यवासियों की अस्मिता की रक्षा का नेतृत्व किया। हमारे वीर सपूतों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर यहां के आदिवासी एवं मूलवासियों का हक-अधिकार का हनन तथा शोषण करने वालों के विरुद्ध मजबूती से आवाज उठायी। हमारे कई वीर सपूतों की सामंती विचारधारा के लोगों द्वारा हत्या करायी गयी, कई वीर सपूतों को जेल की सलाखों में भेजने का कार्य किया गया।





### झारखंड वीरों की धरती

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रदेश खून से सींचा हुआ प्रदेश है। इस प्रदेश के हर कोने में हमारे वीर शहीदों की स्मृतियां, प्रतिमाएं और समाधि स्थल हैं। इन वीर सपूतों के पुण्यतिथि तथा शहादत दिवस के मौके पर हम इन्हें याद कर नमन करते हैं। आज हमारे बीच आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन का नहीं होना एक युग का अंत है। पूर्वजों के आदर्श पर चलते ह७ुए हमारे वीर सपूत अलग झारखंड राज्य की परिकल्पना को पूरा कर हम सभी को एक ताकत देते हुए, अपने अधिकार को पहचानने की शक्ति देते हुए विधि के अनुरूप अपने-अपने जगह पर चले गये। हेमंत ने कहा कि अब जिम्मेदारी और बड़ी हो गयी है, आगे हम सभी को एकजुट होकर अपने हक-अधिकार की लड़ाई लड़नी है। सभी को एक साथ आगे बढ़ते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देना सुनिश्चित करना है।

### 10 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 नवंबर को वर्तमान राज्य सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है, इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा यहां के 10 हजार से अधिक युवक-युवतियों को सरकारी नियुक्तियां मिल रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सरकारी नौकरियां ही नहीं, बल्कि स्वरोजगार के विभिन्न साधनों का भी सृजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार रांची हेड क्वार्टर से नहीं बल्कि गांव से चलती है। 'सेवा का अधिकार' कार्यक्रम के तहत हमारी सरकार योजनाओं को आपके घर आंगन तक पहुंचा रही है। आपकी समस्याओं का निदान भी आपके गांव घर पर ही किया जा रहा है।

### 2050 तक का रोडमैप तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को वर्ष 2050 तक दिल्ली, मुंबई, गुजरात की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। विकास के लिए हमारे पास कई रास्ते है। इसका रोड मेप तैयार किया जा रहा है। राज्य के सावा तीन करोड़ लोगों में से आधी आबादी को सशक्त करने के लिए योजना चलायी जा रही है। नौजवान साथियों के लिए अलग-अलग कार्य योजना तैयार किया जा रहा है। किसानों के लिए योजनाएं तैयार हो रही हैं।

**असहायों की मदद और शिक्षकों का सम्मान किया :** श्रद्धांजलि सभा के दौरान दस वृद्ध असहाय गरीब लोगों के बीच कंबल और 10 शिक्षकों को शॉल ओढा कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामगढ़ विधायक ममता देवी, जिला प्रशासन के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने एसआइआर पर रोक लगाने से किया इंकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के 12 राज्यों में चल रहे गहन वोटर पुनरीक्षण यानी एसआइआर पर विपक्ष को तगड़ा झटका लगा है। आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि एसआइआर कराने के लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास ऐसा करने का पूरा संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। शीर्ष अदालत ने इस प्रक्रिया को रोकने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि अगर इसमें कोई अनियमितता सामने आयी, तो वह तुरंत सुधार के आदेश देगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने राजद सांसद मनोज झा की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि एसआइआर की जरूरत पर सवाल उठाने वाले तर्कों में दम नहीं है। सीजेआइ ने याद दिलाया कि पिछले निर्देश पर चुनाव आयोग ने प्रक्रिया में सुधार किया था और उसके बाद एक भी औपचारिक आपत्ति दर्ज नहीं हुई है।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे: रांची में सिर चढ़कर बोल रहा क्रिकेट का जुनून

- सभी टिकट बिकीं, खिलाड़ी पहुंचे, शुरू किया अभ्यास
- फैंस एयरपोर्ट, होटल और स्टेडियम के पास झलक पाने को बेताब
- 30 नवंबर को मैच देखने को बेताब हैं क्रिकेट प्रेमी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची का पारा 12-13 डिग्री पर पहुंच गया है। लोगों को ठंडक महसूस होने लगी है। इस ठंड के मौसम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले पहले वनडे मैच ने क्रिकेट प्रेमियों में गर्मी पैदा कर दी है। हालत यह है कि दो दिन में ही मैच के सारे टिकट बिक गये। टिकट काउंटर बंद कर दिया गया है। उधर, दोनों टीमों के खिलाड़ी रांची पहुंच चुके हैं। जेएससीए स्टेडियम में खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरू कर दिया है। एक ओर जहां फैंस फैंस एयरपोर्ट, होटल और स्टेडिम के पास झलक पाने को बेताब हैं और भीड़ लगी है, वहीं दूसरी ओर क्रिकेट प्रेमी 30 नवंबर को मैच देखने के लिए बेताब हैं।

**दो दिन टिकट लेने वालों का लगा रहा तांता :** वनडे मैच 30 नवंबर को होना है। जेएससीए ने 25 नवंबर से टिकट बिक्री के लिए काउंटर खोला था। टिकट बिक्री शुरू होने के बाद लगातार दो दिनों से स्टेडियम के काउंटरों पर काफी भीड़ उमड़ रही थी। इसी बीच जेएससीए ने साफ कर दिया है कि अब मैच की सभी टिकटें पूरी तरह बिक चुके हैं। अब टिकट काउंटर नहीं खोले जायेंगे। जेएससीए ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दर्शकों से मिली अपार प्रतिक्रिया के बीच सभी टिकटें कुछ ही समय में बिक गयीं। स्टेडियम के बाहर रात से ही लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई थीं, जहां सभी लोग टिकट पाने के लिए घंटों ठंड में खड़े होकर इंतजार कर रहे थे। इसी बीच सभी टिकटें अब बुक हो चुकी हैं।



**स्टेडियम में तैयारी अंतिम चरण में:** वनडे मुकाबला को लेकर जेएससीए ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्टेडियम में तैयारी अंतिम चरण में है। गुवहाटी में टेस्ट मैच खत्म होने के बाद दोनों देशों के खिलाड़ी गुरुवार को रांची पहुंच गये हैं। इससे पहले विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत कुछ अन्य खिलाड़ी पहले ही रांची पहुंच चुके हैं।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये:** हवाई अड्डा, होटल स्टेडियम सभी जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। खिलाड़ियों के अवागमन को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनके वाहन के साथ चलने के लिए विशेष कारकेड को नियुक्ति किया गया है। सड़कों पर जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस और अन्य पुलिस कर्मी तैनात किये गये हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 28 नवंबर और 29 नवंबर को स्टेडियम में पहुंचकर प्रैक्टिस सेशन में भी भाग लेगी। ऐसे में होटल से लेकर स्टेडियम तक क्रिकेट खिलाड़ियों को ले जाने के लिए भी ट्रैफिक रूट का निर्धारण कर दिया गया है। रूट पर एक दर्जन से ज्यादा ट्रैफिक के जवान तैनात रहेंगे। इसके अलावा सुरक्षा के लिए पुलिस बल की भी तैनाती की गयी है।



## चौबे पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार शिविर कार्यक्रम आयोजित



**चलकुशा /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौबे पंचायत भवन में प्रमुख नितू कुमारी की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन दीपक चौधरी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज़िप सदस्य सविता सिंह, प्रमुख नितू कुमारी, बीडीओ अमृता सिंह, सीओ नवीन भुषण, कुल्लू प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी गणेश प्रजापति, उप प्रमुख शमसेर आलम, बींस सुत्री उपाध्यक्ष मोइन उदीन, पंसस उदीत राम ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया। वहीं प्रमुख नितू कुमारी के द्वारा लोगों को माला पहनाकर और बुकें देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद लोगों ने संयुक्त रूप से बाल विवाह रोकने को लेकर शपथ भी ली। शिविर में सभी तरह का स्टॉल लगायी गयी थी। वहीं शिविर में जॉब कार्ड साडी- धोती का वितरण किया गया। लगभग सभी शिविर में सरकार की बहुत महत्वकांक्षी मंईयां सम्मान योजना का फोर्म लोगों के द्वारा जमा किया जा रहा है। मौके पर समाजसेवी भुनेश्वर स्वर्णकार, अशोक यादव, रामजी चौधरी, प्रदीप चौधरी,मुकेश रंजन, शमशाद अंसारी, महबूब अंसारी, भूदेव चौधरी, वरुण चौधरी, बिजली मिस्त्री नईम अंसारी, संजय वर्मा, अमित दांगी, उमेश कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण और प्रखंड सह अंचल के कर्मचारी मौजूद थे।

## ओच्छी राजनीति करना बंद करें अंबा प्रसाद और उनके समर्थक : खेमलाल महतो



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आये दिन समाचार पत्रों के माध्यम से पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और कांग्रेस पार्टी के विशेश्वर नाथ चौबे के द्वारा बयान जारी किया गया कि हरली डिग्री कॉलेज का शिलान्यास उनके द्वारा किया गया था और शिलापट उखाड़कर फेंक दिया गया। इस संबंध में भाजपा पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए बताया कि 21 नवंबर 2025 को जो शिलान्यास और भूमि पूजन हुआ। उसमें महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार, झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनके मंत्री राधा कृष्ण किशोर, संजय प्रसाद यादव, सुद्विव्य कुमार के साथ-साथ क्रमानुसार स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी का नाम दर्ज है। पूर्व में जो शिलान्यास किया गया था उसमें ना तो कार्य का टेंडर हुआ था और ना ही उक्त भूमि का सीमांकन हुआ था। पूर्व का शिलान्यास सिर्फ शत प्रतिशत विधानसभा चुनाव जीतने के उद्देश्य से किया गया था। साथ ही क्षेत्र में कई ऐसी योजनाओं का भी बिना पैर हाथ के सिर्फ दिखावे के लिए शिलान्यास कर क्षेत्र की जनता को दिगभ्रमित करने का काम किया गया था। जबकि वर्तमान में जो शिलान्यास व भूमि पूजन हुआ है वह न्याय संगत है और राज्य से लेकर विधानसभा स्तर तक के प्रतिनिधियों का सम्मान दिया गया है। पूर्व विधायक और उनके समर्थक ओच्छी राजनीतिक कर रहे हैं जो करना बंद करें। साथ ही साथ इस शिलापट की आलोचना बंद करें जो अपने सरकार और महामहिम की आलोचना कर रहे हैं। मैं मांग करता हूं कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व संज्ञान लेते हुए पूर्व विधायक और विशेश्वर नाथ चौबे के ऊपर कड़ी कार्रवाई करते हुए अपनी गिरती हुई साख को बचाने का कार्य करे।

## द रामेश्वर वैली स्कूल में ऋतु उत्सव मना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया स्थित द रामेश्वर वैली स्कूल में गुरुवार को नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के बीच ऋतु उत्सव मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्या रश्मि वर्णवाल ने बताया कि ऋतु उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रकृति और उसकी ऋतुओं के बारे में सिखाना और उनका आनंद लेने का अवसर देना है। सभी बच्चे ऋतुओं के कट आउट पोशाक में दिखे। बच्चों के बीच इस तरह के कार्यक्रम से ऋतुओं की जानकारी बढ़ती है। कार्यक्रम में बच्चों के अलावा शिक्षिका साची चौधरी, सीमा कुमारी, निकिता सिन्हा ने अपना योगदान दिया। बच्चों में बिद्ध, गायत्री, एलिजा खान, कृषा, आरव, गुरशिमर भाटिया, सौम्या वर्णवाल, आकृति, श्रेयांश, शिवांश, धृति आर्य आदि बच्चे उपस्थित थे।

## मारपीट की घटना में एक दर्जन लोग घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बासोडीह में अंगार से आए बारातियों के साथ जमकर हुई मारपीट में दर्जन भर लोग घायल हो गये। घायलों में मधुसूदन चौधरी 30 वर्ष, हेमराज चौधरी 35 वर्ष दोनों के पिता स्वर्गीय रामस्वरूप चौधरी, मनोज चौधरी 42 वर्ष पिता दोबराज चौधरी ग्राम जेठाडीह राजावर, रोहित चौधरी 17 वर्ष पिता सुनील चौधरी ग्राम बासोडीह, सागर चौधरी 21 वर्ष पिता सिकंदर चौधरी का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार अंगार निवासी हेमराज चौधरी के पुत्र दीपक चौधरी का विवाह बासोडीह निवासी नवलेश चौधरी की पुत्री से तय हुआ था। मंगलवार की रात बारात आने के दौरान दोनों पक्ष आपस में झगड़ गये। मारपीट में समधी समेत आधा दर्जन से अधिक लोग चोटिल हुए हैं जिसमें हेमराज चौधरी, मनोज चौधरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के बाद कोडरमा रेफर कर दिया गया।

## केरेडारी के कंडाबेर और चट्टी बारियतु में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत केरेडारी प्रखंड के कंडाबेर व चट्टी बारियातु पंचायत में जनता दरबार का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण जनता ने अपने आवेदन जमा किये और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया। कंडाबेर पंचायत में कुल 378 आवेदन आये जिसमें 332 मामलों का निष्पादन किया गया जबकि कुल 46 मामलों को लंबित किया गया। इसी प्रकार चट्टी बारियातु पंचायत में कुल 343 आवेदन जमा हुए जिनमें 265 आवेदन निष्पादित किये गये व 78 मामलों को लंबित किया गया। कंडाबेर और चट्टी बारियातु पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में लोक कल्याणकारी योजनाओं, आय प्रमाण पत्र,जन्म प्रमाण पत्र, जाती प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन और स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र सहित कई अन्य विभागों के भी स्टाल लगाये गये थे। इस कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी व जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# कबाड़ दुकान में लगी आग लाखों का सामान राख

### हजारीबाग के चौपारण में चतरा रोड पर हुई घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा रोड पर स्थित एक कबाड़ दुकान में सुबह अचानक भीषण आग लग गयी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान धधकने लगी और उठती लपटें दूर-दूर तक दिखायी देने लगीं। आसपास के लोगों ने जब धुआं देखा, तो तुरंत मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया।

दुकानदार धीरज ने बताया कि उनकी दुकान के पास प्लास्टिक का एक बड़ा ढेर जल रहा था। उस ढेर से उठी चिनगारी तेज हवा के कारण सीधे उनकी दुकान में जा गिरी। थोड़े ही समय में आग ने पूरे कबाड़ और दुकान में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। धीरज का कहना है कि आग इतनी तेजी से फैली कि उसे संभालने का कोई मौका ही नहीं मिला।



### लाखों का सामान जलकर खाक

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग सक्रिय हो गये। पानी से भरी बाल्टियां, ड्रम और पाइप लेकर लोगों ने आग बुझाने की कोशिशें शुरू कर दीं। उनकी सामूहिक कोशिशों से आग को आसपास की अन्य दुकानों तक फैलने से रोका गया। आग की वजह से धीरज की दुकान के भीतर रखा सारा कबाड़, पुराने मशीन पार्ट्स, इलेक्ट्रिक उपकरण और कई मूल्यवान आइटम जलकर राख हो गये। धीरज के अनुसार, नुकसान लाखों रुपए में है। इसी दुकान पर ही उनके परिवार की आजीविका निर्भर है।

**दमकल और पुलिस मौके पर पहुंची, जांच शुरू :** घटना की सूचना पर चौपारण थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग को पूरी तरह बुझाया और क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के पीछे की सटीक वजह की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में प्लास्टिक जलाने से उठी चिनगारी को आग फैलने की मुख्य वजह माना गया है। पुलिस अब पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग पर काबू में करने के लिए राहत दल के देर से पहुंचने से नुकसान अधिक हुआ। दुकान मालिक सहित कई लोगों ने दमकल विभाग की देरी को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

# आम और खास हर किसी को सताने लगी सर्दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** अभ्रकनगरी कोडरमा में सर्दी ने रफ्तार पकड़ ली है। झुमरीतिलैया सहित कोडरमा जिले के डोमचांच, मरकच्चो, जयनगर, चंदवारा, सतगावां, कोडरमा सदर में तापमान गिरकर 12 डिग्री तक पहुंच गया है। लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दिन हो या रात, तेज हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ठंड बढ़ने के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी है, जिससे फुटपाथ पर रहने वाले जरूरतमंद लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कोडरमा जिले में भी नवंबर के एक पक्षीक व्यतीत होते ही शीतलहर तेज हो गयी है। सुबह-शाम ठंडी हवाओं के कारण बाजारों, चौक-चौराहों और ग्रामीण इलाकों में आम गतिविधियां प्रभावित दिखायी दे रही हैं। मजदूर, दुकानदार, स्कूल जाने वाले बच्चे और दूर-दराज क्षेत्रों में रोजाना आने-जाने वाले लोग ठंड से बचने के लिए अतिरिक्त कपड़ों का सहारा ले रहे हैं, लेकिन कड़ाके की ठंड में यह नाकाफी साबित हो रहा है। ठंड के कारण बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और मुख्य सड़कों पर भीड़ देर शाम होते ही कम हो जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक स्थलों पर अविलंब अलाव की व्यवस्था की जाए, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि शीतलहर से हालात बिगड़ते जा रहे हैं और ऐसे में सरकारी स्तर पर गर्म कपड़े व अलाव जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना बेहद जरूरी है।

# सहयोग आशा ट्रस्ट ने खुर्द गांव में तीन सौ ग्रामीणों के बीच बांटे कंबल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** संविधान दिवस पर सहयोग आशा ट्रस्ट द्वारा हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड स्थित डपोक पंचायत के खुर्द ग्राम में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से लगभग 300 ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, सह सचिव पुईदेन लकड़ा (पूनम) और सीताराम सिंह उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट के अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने माला और शॉल ओढ़ाकर किया। कार्यक्रम संचालन सीताराम चन्द्रवंशी ने किया। अपने संबोधन में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने संविधान दिवस पर किये गये इस सामाजिक कार्य को सराहनीय बताया। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं और युवाओं को ट्रस्ट से जुड़कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि जिन महिलाओं की पढ़ाई शादी के बाद रुक गयी है, वे पुनः शिक्षा शुरू कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा, पढ़ाई है तो सब कुछ है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने बताया कि सहयोग आशा ट्रस्ट कम समय में ही जमीनी स्तर पर मजबूत कार्य कर रहा है। ट्रस्ट खूंटी, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा में सक्रिय रूप से कार्यक्रम कर चुका है तथा जल्द पूरे झारखंड में विस्तार करेगा। सह सचिव पूनम लकड़ा ने महिलाओं को स्वयंरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट जल्द ही सिमडेगा में साबुन निर्माण इकाई शुरू करेगा, जिससे महिलाएं जुड़कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकेंगी। उन्होंने छोटे-छोटे समूह बनाकर सब्सिडी आधारित आर्थिक सहयोग लेने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में ललिता द्वारा मात्र 15 दिनों में 300 सदस्य बनाने की उपलब्धि की सराहना की गयी और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रांची से स्वास्थ्य मिशन के संतोष सोनी, मुन्ना यादव, दिपक टेटे, सौमेन टेटे, एनम एलिस एक्का, बलराज यादव, संतोष यादव, सचिन यादव, विद्याधर यादव, इंद्रदेव यादव, कुलदीप यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम को लेकर शिविर

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देश पर 21 से 28 नवंबर तक पंचायतों में सेवा का अधिकार सप्ताह का आयोजन करने के प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत सतगावां प्रखंड के टेहरो, समलडीह, अंबाबाद, डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया, ढाब, बंगाखलार, कोडरमा प्रखंड के पाण्डेयडीह, लरियाडीह, पथलडीहा, चंदवारा प्रखंड के कांको, खांडी, चंदवारा पश्चिमी, जयनगर प्रखंड के रूपायडीह, गोहाल, घरौंजा, और मरकच्चो प्रखंड के कादोडीह, तेलोडीह, मरकच्चो उत्तरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 16, 17, 18, 23, 24 एवं 25, नगर पंचायत कोडरमा के वार्ड संख्या 08, वार्ड संख्या 09, वार्ड संख्या 10 और नगर पंचायत डोमचांच के वार्ड संख्या 09 (दक्षिण पंचायत भवन), वार्ड संख्या 10 (उ.म.वि. मंझलीटांड़–आयुष) में शिविर का आयोजन किया गया।

# त्रिवेणीकांत ठाकुर साहित्य पत्रकारिता और रंगकर्मी सम्मान समारोह आयोजित

### मैथिली के लेखक प्रोफेसर अशोक अविचल, हिंदी कवियत्री डॉ प्रमिला कुमारी, पत्रकारिता में निलेंदु जयपुरियार और रंगकर्मी राकेश गौतम हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के प्रसिद्ध शिक्षाविद् त्रिवेणी कांत ठाकुर की 15 वी पुण्यतिथि पर गुरुवार को डीवीसी सभागार में त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य पत्रकारिता और रंगकर्मी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने त्रिवेणीकांत ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद रेखा झा मैथिली भाषा में सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। प्रथम सत्र सम्मान समारोह मे स्व. त्रिवेणीकान्त ठाकुर के व्यक्तित्व और कृतित्व के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गयी। अध्यक्षता करते




डॉ. वंशीधर रुखैयार ने त्रिवेणी कांत ठाकुर को हजारीबाग साहित्यिक समाज का दर्पण और महत्वपूर्ण विचारक बताया। कहा कि उनके विचार ने शिक्षकों और साहित्यकारों में संघर्ष करने की क्षमता और साहित्य सृजन की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि कुमार मनीष अरविन्द ने कहा कि त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य और संस्कृति के संरक्षक थे। वह शिक्षक के साथ समाज निर्माण के महान योगदान कर्ता थे। वह अपने साथ शिक्षक और साहित्यकारों की आत्मा को लेकर साथ चलते थे। यह काम उनके पुत्र राकेश ठाकुर आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ सुबोध सिंह शिवगीत ने कहा कि शिक्षाविद् त्रिवेणी कांत ठाकुर विचारों के वाहक थे। जो लोगों को अपने विचारों से चेतना को जागृत करते थे। वह अपने विचारों से मानव मन के भावुक भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते थे। कार्यक्रम में मैथिली के लेखक प्रोफेसर अशोक अविचल, हिंदी कवियत्री डा प्रमिला कुमारी, पत्रकारिता में निलेंदु जयपुरियार और रंगकर्मी राकेश गौतम को त्रिवेणी कांत ठाकुर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार एसकेबी हाई स्कूल के फरजाना परवीन को दिया गया। मौके पर कुमार मनीष अरविंद रचित द जंगल कंक्रीट और हिटनाथ झा की लिखी पुस्तक प्रशांत का लोकार्पण भी किया गया। ट्रस्ट के सचिव राकेश ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने ट्रस्ट का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते कार्यों की जानकारी दी। पुस्तक का लोर्कापण साहित्यकार रतन वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन, शिक्षाविद प्रो. सजल मुखर्जी, प्रो.राजेश कुमार, डा. सुबोध सिन्हा, कर्नल विनय कुमार, सरोज कुमार और नागेन्द्र निश्चल ने किया। समारोह में चेंबर के अध्यक्ष शंभू अग्रवाल, झारखंड आंदोलनकारी बटेश्वर प्रसाद मेहता, जदयू नेता अर्जुन मेहता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और गणमान्य लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता अरविन्द झा ने किया।

## खैरा में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम संपन्न



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत टाटीझरिया प्रखंड की खैरा पंचायत में गुरूवार को शिविर का आयोजित किया गया। पंचायत भवन परिसर में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता मुखिया कुमारी माधुरी ने की। शिविर का शुभारंभ प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, पंसस विनय कुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुधीर राय ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्राप्त आवेदनों की संख्या के लिहाज से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना के स्टॉलों पर सबसे अधिक लोग जुटे। खैरा-करमा, बेडमक्का, नारायणपुर, सिमराढाब आदि पंचायत क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने धनकटनी छोड़ इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन देने पंचायत सचिवालय पहुंचे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराना है इस दौरान ग्रामीणों के बीच सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत वस्त्र, आय-जाति-आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, नौनिहालों को गर्म कपड़े आदि वितरित किये गये। शिविर में सूचना और जनसंपर्क विभाग हजारीबाग, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति, मनरेगा, पेंशन, कृषि समेत विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे ताकि लोग आसानी से अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें और योजनाओं की जानकारी ले सकें। इस मौके पर बीपीओ अफरोज अख्तर, सुनिल कुमार, अनिल राणा, प्रकाश यादव, अरूण कुमार, प्रबील प्रसाद, रंजीत कुमार, सुरेश प्रसाद, सीताराम प्रसाद, चंद्रभूषण मिश्रा समेत पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने तरंग ग्रुप के कलाकारों को किया सम्मानित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने हजारीबाग के प्रतिष्ठित 'तरंग ग्रुप' के कलाकारों को सांस्कृतिक क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान दिया गया, जहां मेहता ने युवा कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया और संविधान निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने उपस्थित लोगों और कलाकारों को संबोधित करते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बटेश्वर प्रसाद मेहता के हाथों सम्मान पाकर 'तरंग ग्रुप' के कलाकारों में नई ऊर्जा का संचार हुआ। वर्तमान में, 'तरंग ग्रुप' के कलाकार जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'आपकी योजना, आपकी द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने 'तरंग ग्रुप' के कलाकारों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि तरंग ग्रुप के युवा कलाकार अपनी कला के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। कला संस्कृति समाज का दर्पण होती है, और इन युवा प्रतिभाओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। सम्मान मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए 'तरंग ग्रुप' के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने बटेश्वर प्रसाद मेहता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा: बटेश्वर प्रसाद मेहता द्वारा मिला यह सम्मान हमारे पूरे ग्रुप के लिए प्रेरणास्रोत है। यह हमें सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र में और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर सीलवार के पूर्व मुखिया महेंद्र राम, तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, सलीम रज्जा, नंदनी कुमारी, संजना रानी, सुजीत हाजरा, सानिया परवीन सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## 'सरकार आपके द्वार' शिविर का हुआ आयोजन



**हजारीबाग सदर (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंदूर, सिलवार और आमनारी पंचायत भवन में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार सिंदूर पंचायत के मुखिया सरोज देवी, सिलवार पंचायत के मुखिया रुक्मणी देवी, आमनारी पंचायत के मुखिया कृष्णा मेहता ने संयुक्त रूप से किया शिविर में कल्याण विभाग, 15वें वित्त आयोग, जन्म- मृत्यु, आपूर्ति, पेंशन, कृषि- आत्मा, मनरेगा, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग अंचल कार्यालय, प्रज्ञा केंद्र सहित कई योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। इस शिविर में सिंदूर, सिलवार, और आमनारी पंचायत से कुल 406 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 274 आवेदन का निपटारा कार्य स्थल पर ही किया गया वहीं 132आवेदन लंबित रहा। मौके पर उपस्थित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शंकर प्रसाद, सिलवार पंचायत के उप मुखिया सिंकू कुमारी, पंचायत समिति सदस्य बसंती देवी और ओमप्रकाश देव, वार्ड सदस्य कुमारजित प्रसाद, छोटन मेहता, सुनीता देवी, रीना देवी, सोनी देवी, कुमारी रीता शर्मा, गिरिजा देवी, नागेश्वर साव, रवि कुमार रजक, रीता देवी, चिंता देवी, तारा देवी, मुकेश कुमार, सुजीत कुमार के अलावा प्रखंड के एई, जई समेत अन्य कर्मी और सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विभिन्न क्षेत्र के सरकारी और गैरसरकारी संस्थानों में संविधान दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एस आई रौशन पासवान ने थाना परिसर में पुलिस के पदाधिकारियों और कर्मियों के उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना, संविधान के प्रति निष्ठा, राष्ट्र की एकता, अखंडता और कर्तव्य की पालन की शपथ ली। मौके पर एसआइ अरविंद सिंह, श्रवण राम, कार्तिक सिंह मुंडा, बृजनंदन प्रसाद, एएसआइ रंजीत सिंह, दिनेश मुर्मू, रागदा सोरेन, दाऊद पवरिया और पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## पतरातू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम अंतर्गत पतरातू पंचायत के पंचायत सचिवालय में गुरुवार को प्रखंड प्रशासन के द्वारा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इसमें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस मौके पर कई विभागों के स्टाल लगाये गये। इसमें आपूर्ति, राजस्व, मनरेगा, समाज कल्याण आदि विभागों के स्टाल मुख्य रूप से शामिल थे। इस कार्यक्रम में सबसे ज्यादा मैया सम्मान योजना के तहत लाभुक की पात्रता पाने के लिए करीब डेढ़ सौ आवेदन जमा किये गये। वहीं राजस्व विभाग के स्टाल में पांच व आपूर्ति विभाग में सात आवेदन जमा किये गये। कार्यक्रम में मुखिया गिरजेश कुमार, वार्ड सदस्य बजरंग कुमार, राजू कुमार, अवतार सिंह, सोनी देवी, विश्वकर्मा पुष्पा देवी, संगीता देवी सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## बाल विद्या मंदिर में मना संविधान दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि आज के दिन हीं हमारे महान संविधान निमार्ता ने देश को एक मजबूत संवेदनशील और सर्व समावेशी संविधान का उपहार दिया। हमारा संविधान केवल कानून का संग्रह नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, विविधता और भारत की एकता का अमर दस्तावेज है। वहीं, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संविधान प्रस्तावना की शपथ ली। मौके पर शिक्षक सुनीता कुमारी, पुष्पिता कुमारी, कामेश्वर प्रसाद, कोलेश्वर महतो, भागीरथ प्रसाद, बलराम साव,अशोक करमाली, बैजनाथ प्रसाद, रीता कुमारी, सविता कुमारी, सोनी गुप्ता, वंदना पांडेय समेत विद्यार्थी शामिल रहे।

## राशन दुकान से लाखों रुपये के सामान की चोरी

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना अंतर्गत पीटीपीएस पथ संख्या 17 स्थित पीटीपीएस कॉलोनी निवासी ललन प्रसाद के राशन दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी स्थानीय थाने को दे दी गयी है और लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की गयी है। बताया जाता है की दुकान से लाखों रुपये मूल्य का सामान चोरी हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने और लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

## परवरिश स्कूल, कुजू में मना संविधान दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू में संविधान दिवस मनाया गया। विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार व प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को हमारे देश का संविधान स्वीकार किया गया था, जिसने भारत को लोकतांत्रिक, न्यायपूर्ण और समानता – आधारित राष्ट्र बनाने की शक्ति दी। संविधान हमारे मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है और साथ ही, हमें कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा भी देता है। संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर ने पूरे भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। वहीं, विद्यार्थियों ने संविधान दिवस पर प्रस्तावना प्रस्तुत किया। साथ ही, संविधान दिवस पर भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय समन्वयक रश्मि कुजूर विद्यालय के शिक्षक अर्चना कुमारी, संगीता कुमारी, कंचन प्रसाद, नंदनी झा, प्रियंका यादव, आकांक्षा मिश्रा, सानू साहू, हर्षिता कुमारी, नीति सोनी, रिया कुमारी, ज्योति कुमारी, नंदनी कुमारी समेत कई विद्यार्थी शामिल रहे।

## चितरपुर में उर्दू दिवस मनाया गया




**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर महाविद्यालय मे उर्दू दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ गालिब नश्तर सहायक प्राध्यापक उर्दू विभाग, जे एन .महाविद्यालय धुर्वा रांची, विशिष्ट अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय, अंजुमन फरोग-ए-उर्दू के अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल और दानिश रियाज शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथियों को पुष्प गुच्छ और शाल देकर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने दिया। इस दौरान उपस्थित छात्रों को संवोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य प्रो अशोक कुमार उपाध्याय ने कहा कि उर्दू की तरक्की के लिए उर्दू भाषा का गहराई से अध्ययन करना होगा, तभी जाकर ये संभ्रांत की भाषा बन पायेगी। उर्दू की प्रासंगिकता बनी रहे इसके लिए सबसे पहले गैर उर्दू के विद्यार्थियों आगे आना होगा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ गालिब नश्तर ने कहा कि उर्दू भाषा मोहब्बत की जबान है, उर्दू, हिंदी भाषा से अलग नहीं है, न हिंदी भाषा उर्दू से अलग है, भारत की संस्कृति से जन्मी ये हमारी अपनी भाषा है। उन्होंने आगे कहा कि आज के आधुनिकतावाद ने उर्दू को संकुचित करना शुरू कर दिया है, इसे जितना फलना-फुलना चाहिए था, इसके विपरीत ही ये भाषा उतना ही सिमटता जा रहा है। संचालन प्रो. शबाना अंजुम ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो.कुर्रतुल ऐंन ने किया। राष्ट्रगान प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं व भारी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थीं।

## राजद प्रदेश अध्यक्ष शिविर में हुई शामिल

**चतरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) रश्मि प्रकाश गुरुवार को चतरा विधानसभा क्षेत्र के कान्हाचट्टी प्रखंड के कैंडीनगर पंचायत में पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित 'आपकी योजना – आपकी सरकार – आपके द्वार' कार्यक्रम में शमिल हुई और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ की। ततपश्चात कार्यक्रम में लगाये गये स्टॉल का जायजा ली। साथ ही सभी उपस्थित जनता मालिकों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सरकारी योजनाओं से जुड़कर उसका लाभ उठाने की अपील की। उक्त कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील प्रकाश, अंचलाधिकारी, मुखिया अंचला कुमारी, समाजसेवी अमित कुमार, राजद नेता राजेश दास समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# धनबाद-बंगाल में इडी की कार्रवाई के बाद रामगढ़-हजारीबाग के कोयला तस्कर हलकान

### बंगाल-बिहार, बोकारो-चौपारण के रूट पर काले हीरे के अवैध कारोबार पर इडी की नजर

**बीरु कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** धनबाद और बंगाल में इडी की रेड के बाद बोकारो, रामगढ़ हजारीबाग का काले हीरे के सौदागरों की अवैध सिंडिकेट में खलबली मच गयी है। इडी की रेड भले ही धनबाद और बंगाल में हुआ हो। लेकिन उसकी हनक से रामगढ़-बोकारो और हजारीबाग के अवैध कोयले के कारोबारी और कुछ अधिकारी, नेता, मीडिया प्रतिनिधि हलकान है। कोयला तस्कर और उनके रहनुमा बचाओ मोड में दिख रहे हैं। कई एक कोयला तस्कर और उनके मालिक झारखंड भी छोड़ चुके हैं। साथ ही मोबाइल और सिम बदलकर रामगढ़-हजारीबाग बोकारो में हो रहे गतिविधियों से अवगत होकर वेट एंड वॉच की स्थिति में बने हुए हैं।

**इडी की कार्रवाई, जो बनी चर्चा का विषय :** इधर आम लोग और कारोबार से मतलब रखने वालों में यह चर्चा है कि पहली बार इडी ने झारखंड की कीमती हीरे के डर्टी सिंडिकेट पर हाथ मारा है। दूसरी ओर सूत्रों पर भरोसा करें तो पता चल रहा है कि इडी ने पूरी तैयारी और रोड मैप बनाकर यह कार्रवाई शुरू किया है। क्योंकि अवैध कोयले के कारोबार का सिंडिकेट काफी संगठित और राजनीतिक रसूख रखने वाले लोगों तक जुड़ा रहता है।

**काले हीरे के खेल में नेता, अभिनेता, कारोबारी और अधिकारी होते है मालामाल :** काले हीरे के अवैध कारोबार से कोयला चोर, नेता, अफसर और मीडिया के कुछ लोग मालामाल होते हैं। इसके कारण ही इस बार बड़े एजेंसियों ने काले कारोबार पर नजर डाला है। सूत्रों ने बताया कि इस बार की कार्रवाई सटीक और यादगार होने वाली है। क्योंकि इस बार बड़ी मछलियों को दबोचने की तैयारी की गयी है। क्योंकि कोयला तस्करी में इससे पहले बहुत बार कार्रवाई हुई है। लेकिन छोटी मछलियों को निवाला बनाकर बड़े मछलियों को छोड़ दिया गया है। जिसके करण कोयला तस्करी पर पूरी तरह से नकेल नहीं कसा जा सका है।

**इडी ने बंगाल और धनबाद के रास्ते के सिंडिकेट पर धावा बोला है :** इधर बताया जाता है कि इडी ने धनबाद और बंगाल के रास्ते के कोयला तस्करी के सिंडिकेट पर धावा बोला है। लेकिन सूत्रों की माने तो इडी की गहरी नजर बोकारो, धनबाद, रामगढ़ से होकर बिहार जाने वाली अवैध कोयले के सिंडिकेट पर है। सूत्रों ने बताया कि इडी के पास बोकारो, रामगढ़ रूट से अवैध कोयले के कारोबार के तमाम छोटे-बड़े मोहरे से लेकर खिलाड़ियों तक का डाटा उपलब्ध हो चुका है।

### प्लांट वाले झा जी की फूलने लगी सांस

इधर रामगढ़ में अवैध कोयला खरीदने वाले प्लांट वाले झा भी इनोवा के क्षेत्र में इंट्री होने से काफी हैरान और परेशान दिख रहे हैं। वे किसी से कोई बात नहीं कर रहे हैं। सबको पुराना मोबाइल फेंकने की सलाह दे रहे हैं। कोयला चोरी में महारथ हासिल करने वाले झा जी की भी बोलती बंद है। क्योंकि इनोवा का रूख उनका ही प्लांट तरफ था। लेकिन एन वक्त पर इनोवा का रास्ता बदल गया और झा जी सांस लेना शुरू किये। अवैध कोयला खरीदने वाले प्लांट में भले ही झा जी नौकरी करते हैं। लेकिन अवैध कारोबार ने उनका एक अलग ही दुनिया चलता है। उनके इशारे के बिना एक भी अवैध कोयला लदा ट्रक प्लांट के अंदर नहीं प्रवेश कर सकता है। क्योंकि झा प्लांट में ट्रक प्रवेश कराने के लिए कोड जारी करते हैं। कोड बोलने पर ही अवैध कोयला लदा ट्रक अंदर प्रवेश करता है। इसके लिए झा जी प्रत्येक ट्रक से टन के हिसाब से मोटी रकम की वसूली करते हैं।

## बकरी बचाने के चक्कर में पिता-पुत्र घायल

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** बांका से डाल्टेनगंज जाने वाले मुख्य मार्ग पर कौरा गांव में एक सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब मोटरसाइकिल सवार ने अचानक सड़क पर आई एक बकरी को बचाने की कोशिश की। घटना में घायल हुए दोनों व्यक्ति पिता-पुत्र हैं। पुत्र का नाम शुभम कुमार है, और उनके पिता का नाम बालगोविंद पाठक बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों बांका के निवासी बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद, घटनास्थल पर मौजूद अन्य राहगीर साथियों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को मदद पहुँचाई। उन्हें एक ऑटो की मदद से तुरंत प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, दोनों पिता-पुत्र की नाजुक स्थिति को देखते हुए, उन्हें तत्काल बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क पर सावधानी बरतने की आवश्यकता को उजागर किया है। चतरा पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे मुख्य मार्गों पर सतर्कता बनाए रखें, विशेषकर जब ग्रामीण या जंगली इलाके से गुजर रहे हों। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रामगढ़ के सिदो-कान्हू मैदान में सांसद करायेंगे 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**माइंस रेस्क्यू में खुला सांसद सेवा केंद्र, मनीष जायसवाल ने किया उद्घाटन**

**हर संपन्न व्यक्ति गरीब परिवार की बेटी का शादी का ले संकल्प तो बेटी नहीं रहेगी बोझ : मनीष**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के बाजार टांड़ स्थित सिदो-कान्हू मैदान में सांसद मनीष जायसवाल 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह करायेंगे। उन्होंने इस कार्य के लिए शुभमहूर्त 8 फरवरी 2026 का तय किया है। इससे पूर्व उन्होंने गुरुवार को नई सराय स्थित माइंस रेस्क्यू में सांसद सेवा केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल ने इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष यह कार्यक्रम हजारीबाग में हुआ था। लेकिन इस वर्ष रामगढ़ की धरती पर यह पुनीत कार्य होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर वधू की शादी के लिए कुछ शर्ते भी रखी गई हैं। पहली शर्त यह है कि वर वधू का परिवार समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा हो। वर वधू दिव्यांग है या उनके गार्जियन दिव्यांग हों। वधु के पिता अगर नहीं होंगे तो उन्हें प्राथमिकता मिलेगी। इसके अलावा वर वधु हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के निवासी होने चाहिए। सांसद ने कहा कि 101 जोड़ों में शामिलि होने के लिए परिवार के लोग मंडल अध्यक्ष को आवेदन देंगे। जांच के बाद उनका पंजीकरण होगा और उन्हें एक नंबर अलॉट किया जायेगा।

**विकास के अलावा सारे धर्म निभायेंगे :** सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि विकास का काम रूटीन है। इसके अलावा सामाजिक और धार्मिक जिम्मेदारी भी निभाना आवश्यक है। इसके अलावा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना, युवाओं और महिलाओं को प्रोत्साहित करना भी एक काम है।

**सांसद सेवा केंद्र से जुड़ेंगे आम नागरिक :** सांसद मनीष जायसवाल ने सेवा केंद्र का उद्घाटन कर आम लोगों को खुले मन से जुड़ने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग पहुंचने के लिए रामगढ़ वासियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। चुनाव के समय भी उन्होंने कार्यालय खोलने का वादा किया था। रामगढ़ में स्थाई कार्यालय खुलने से लोग सांसद से सीधे जुड़ेंगे। लोग अपनी समस्या लेकर आयेंगे तो उनके समाधान का प्रयास भी होगा। इससे पहले सांसद से मिलने के लिए आम नागरिकों को परेशानी होती थी।

**प्रेस कांफ्रेंस में ये थे उपस्थित :** रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडे, राजीव जायसवाल, अनमोल सिंह, विजय जायसवाल, धनंजय कुमार पुटूस, चंद्रशेखर चौधरी आदि उपस्थित थे।

### पिता के लिए बेटी नहीं रहेगी बोझ

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार में बेटियां बोझ नहीं है। आज हर नौकरी और राजनीतिक स्तर पर महिलाओं को आरक्षण मिल रहा है। लेकिन बाप के लिए बेटियों की शादी तनावपूर्ण स्थिति पैदा करता है। इसी उद्देश्य से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। अगर संपन्न परिवार गरीब परिवार की एक बेटी की शादी का संकल्प ले तो कभी भी बाप के लिए बेटी की शादी बोझ नहीं बनेगी।

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ : सुधीर मंगलेश



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के जमीरा पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम और सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश नोडल पदाधिकारी विजेंद्र कुमार, मुखिया अमरून निशा पंचायत समिति शेख बहादुर, दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे, शिविर में बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत और उपयोगी जानकारी प्रदान की गयी। अध्यक्ष सुधीर ने कहा सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक गांव तक विकास योजनाओं को पहुंचाना, जनसेवा अब आपके द्वार पर उपलब्ध हो। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की जरूरतों और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। आम जनता को योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिले यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय और निवास प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, वृद्धा-विधवा-दिव्यांग पेंशन सहित अनेक सेवाओं से संबंधित आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बार-बार प्रखंड कार्यालय नहीं जाना पड़े। मौके पर समाजसेवी तौसीफ अंसारी, विरेन्द्र महतो, आतिफ कमर, संजय प्रसाद, प्रेमकुमार, गंगा चौधरी, रामकुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, एमओ जॉर्ज टुडू आत्मा के अनूपमा टोप्पो, प्रियंका देवी, सुनिल महतो, आनंद कुमार व प्रखंड व अंचल और बालविकास परियोजना कर्मी और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर शिविर का आयोजन



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को कुंदा पंचायत सचिवालय परिसर में झारखंड सरकार की जन-कल्याणकारी पहल आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत पुनः एकदिवसीय शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों तथा कर्मियों की उपस्थिति में उन सभी लाभुकों को एक और सुनहरा अवसर प्रदान किया गया, जो किसी कारणवश पूर्व में आयोजित शिविरों में अपना आवेदन जमा करने से वंचित रह गये थे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभुकों ने पहुंचकर राशन, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, किसान हित से जुड़ी योजनाओं, विद्युत-संबंधित सेवाओं और विभिन्न प्रमाण-पत्रों के लिए अपने-अपने आवेदन जमा किये। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने प्रत्येक लाभुक को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी जरूरी सुविधा या योजना के लाभ से वंचित न रह जाये। ग्रामीणों ने शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए बताया कि पुनः आयोजित शिविर से उन्हें काफी राहत मिली है, क्योंकि कई लोग पिछली बार दस्तावेज की कमी या किसी अन्य वजह से आवेदन नहीं दे पाये थे। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में भी ऐसे शिविरों के माध्यम से हर घर तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। मौके पर जिला भू.अर्जन पदाधिकारी वैवों सिंह, अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, पंचायत सचिव के अलावा कई लोग मौजूद थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सं.: एडीईई-जी-कन्सील्ड-25-04-आर3, दिनांक 26.11.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत सेवाएं अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए **दिनांक 22.12.2025** को अपराह्न 3.00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** अग्नि सुरक्षा के अनुमोदन के कार्यान्वयन हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के गार्डनरीच में विभिन्न प्रशासनिक भवनों तथा सेंट्रल हॉस्पिटल में कन्शील्ड वायरिंग के साथ सहायक उपकरणों के प्रावधान तथा सब-स्टेशन सं. 6 एवं 8 में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में वृद्धि के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** लागू जीएसटी के साथ रु. 6,94,90,407.24; **बयाना राशि:** रु. 4,97,500; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **बंद होने की तारीख:** 22.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित निविदादातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-886)


# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर शपथ कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की प्रथम वर्षगांठ पर जिले में गुरुवार को बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। इस अभियान के तहत 200 से अधिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बाल विवाह रोकथाम और शिक्षा के महत्व पर शपथ दिलायी गयी। यह कार्यक्रम डीसी फैज अक अहमद मुमताज के नेतृत्व में और जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम और जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कैथा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी (डीसीपीओ), लीगल कम प्रोबेशन ऑफिसर (एलसीपीओ) एवं चाइल्ड राईट एसोसिएट (एवीए) द्वारा छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, बच्चों के कानूनी अधिकार, स्वास्थ्य और शिक्षा के भविष्य निर्माण में योगदान के विषय में जागरूक किया गया। छात्राओं ने बाल विवाह न करने और न होने देने का लिया संकल्प इस पहल में एसोसिएशन फॉर वॉलन्टरी एक्शन (एवीए) नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम का विकास सहयोगी की प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित राजनंदनी द्वार विद्यालय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों के समन्वय, अभियान से जुड़े संदेशों के प्रसार और बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने बाल विवाह न करने और न होने देने का संकल्प लिया।

# ऑरेंज द वर्ल्ड थीम पर निकाली गयी जागरूकता कार रैली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ के तत्वावधान में महिलाओं के विरूद्ध अहिंसा समाप्त करने पर आधारित 16 दिवसीय संयुक्त राष्ट्र संघ के सक्रियता अभियान के अंतर्गत 'ऑरेंज द वर्ल्ड' थीम पर जागरूकता कार रैली का आयोजन किया गया। यह वैश्विक अभियान प्रत्येक वर्ष 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के प्रति होने वाली हिंसा को समाप्त करने के लिए समाज में संवेदनशीलता, जागरूकता और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है। कार रैली का शुभारंभ होप हॉस्पिटल से किया गया। शहर के विभिन्न मुख्य मागों से होते हुए यह रैली सैनी होटल पहुंच कर संपन्न हुई।

**नारंगी रंग के परिधान में दिखे लोग :** रैली में प्रतिभागियों ने नारंगी रंग के परिधानों, पोस्टरों और नारों के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों के प्रति हिंसा मुक्त समाज का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को यह संदेश देना था कि हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, सम्मान जनक और समानता-पूर्ण वातावरण बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली के माध्यम से क्लब ने संकल्प लिया कि वे निरंतर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करती रहेंगी।

रैली में नमिता श्राफ, जनेशा वडेरा, निधि चौधरी, शर्मिष्ठा दत्ता, रंजू अग्रवाल, अनुराधा श्राफ, राजिंदर बुधवाल, नम्रता जैन, विजयालक्ष्मी अयंगर, रंजू अरोड़ा, मनबीर कौर, जसमीत कौर सोनी, परमजीत भुसरी, पिंकी गांधी, नीति अरोड़ा, नवलजीत कौर, अंबाली जैन, श्वेता जैन, प्रियंका जैन, हरमीत कौर, मधु अग्रवाल, गुरबख्श कौर, ममता वसंत, जसप्रीत कौर आदि शामिल थी।

# बहुत चुभती है हार

हार 30 रनों से मिले या फिर 408 से, चुभती ही है, लेकिन गुवाहाटी टेस्ट जैसी हार क्रिकेट फैंस के लिए त्रासदी जैसी होती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट गंवाने वाली टीम इंडिया ने क्लीन स्वीप खाने के साथ-साथ ऐसे रेकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं, जो पीछे कई सवाल छोड़ जाते हैं। मैदान पर हार से पहले ही हारी हुई लग रही टीम इंडिया को फिर से उठाना है, तो रवायती जवाबों से काम नहीं चलेगा।

**जीत की याद :** कोच गौतम गंभीर इस समय क्रिकेट फैंस के निशाने पर हैं। उनके निर्णयों की आलोचना की जा रही है। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी सबकी है और शुरूआत मुझसे होती है। लेकिन, यह याद दिलाना भी नहीं भूले कि उन्हीं की कोचिंग में टीम ने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज डॉ कराई थी और चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

**हार की जिम्मेदारी :** कई पूर्व खिलाड़ी भी गंभीर के पक्ष में हैं, कि खेलना तो खिलाड़ी को होता है, कोच को नहीं। बात बिल्कुल सही है, लेकिन जब कोच किसी जीत में हिस्सेदार होता है, तो हार की जिम्मेदारी से वह बच नहीं सकता। गंभीर के फैसले पर अंगुली उठाने वाले भी कई पूर्व खिलाड़ी ही हैं, जिन्हें टीम इंडिया का सिलेक्शन प्रॉसेस समझ नहीं आ रहा।

**गंभीर और बीसीसीआइ, दोनों को सोचना है कि बदलाव के नाम पर बदलाव, सीनियर खिलाड़ियों की अनदेखी, टीम में लगातार उठा-पटक और घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को तवज्जो न देना कितना सही है।**

**बहुत ज्यादा प्रयोग :** हर कोच का अपना विजन होता है। राहुल द्रविड़ के जाने के बाद गौतम गंभीर ने जिस तरह टीम में नए कॉम्बिनेशन बनाए, वह उनका तरीका है। लेकिन, फिर भी कुछ फैसले सवालों से नहीं बचते। सरफराज जैसे खिलाड़ियों की अनदेखी क्या घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन की अनदेखी नहीं है? टेस्ट क्रिकेट को स्पेशलिस्ट और स्थायित्व चाहिए। क्या टीम इंडिया बहुत ज्यादा प्रयोग की शिकार हो गयी?

**बड़ी समस्या :** गंभीर के कोच बनने के बाद से भारत 18 में से 10 टेस्ट हार चुका है। 5 टेस्ट तो उसने अपनी जमीन पर गंवाए हैं। जो टीम टेस्ट चैंपियनशिप के लगातार दो फाइनल में पहुंची हो, उसका ऐसा प्रदर्शन बताता है कि समस्या बहुत गहरी है। गंभीर ने पिछले प्रदर्शनों का हवाला दिया, पर उसी दौरान भारत को श्रीलंका से 27 साल बाद वनडे सीरीज हारनी पड़ी थी। ऑस्ट्रेलिया में भारत उस टीम से वनडे श्रृंखला गंवा बैठा, जिसके कई मुख्य खिलाड़ी रेस्ट पर थे।

**आत्मनिरीक्षण का समय :** जीत हो या हार, उससे जुड़ी हकीकत को देखना जरूरी है। इस हार पर बहस केवल परिणाम नहीं, उस वजह से हो रही है, जैसे यह गले पड़ी है। गंभीर और बीसीसीआइ, दोनों को सोचना है कि बदलाव के नाम पर बदलाव, सीनियर खिलाड़ियों की अनदेखी, टीम में लगातार उठा-पटक और घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को तवज्जो न देना कितना सही है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**भारत गंगा के मैदान में लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को एक एकीकृत मल्टीमॉडल तरीके के जरिये बदल रहा है जिसमें रोड, रेल और अंतर्देशीय जलमार्ग शामिल हैं और जिसकी वजह से परिवहन तेज, सस्ता और ज्यादा हरित हो रहा है। पूर्वी समर्पित माल गलियारा (इडीएफसी) एक तीव्र गति वाला मालवाहन सेवा है जिसने वैगन टर्नअराउंड समय को 15-16 दिन से घटा कर 2-3 दिन कर दिया है और ट्रांजिट समय को 60 घंटे से घटाकर 35-38 घंटे कर दिया है।**

# विकास इंजन से वैश्विक बढ़त तक: भारत के लॉजिस्टिक्स का सशक्तिकरण

**पीआइबी**

भारत की लॉजिस्टिक्स एक नये चरण में प्रवेश कर रही है और खुद को एक तेज स्मार्ट और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में परिवर्तित कर रही है। एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्मों से जो माल परिवहन को नियंत्रित करते हैं से लेकर आधुनिक अवसंरचना तक देश के हर भाग को जोड़नेवाला अगली पीढ़ी का लॉजिस्टिक इकोसिस्टम धीरे-धीरे आकार ले रहा है। लक्षित नीति सुधारों, सांस्थानिक पुनर्व्यवस्था और तकनीक आधारित समाधानों की सहायता से सरकार लॉजिस्टिक्स को भारत के आर्थिक विकास और वैश्विक व्यापार व्यवस्था के मुख्य कारक में परिवर्तित कर रही है। ढांचागत बदलावों की लहर देश भर में लॉजिस्टिक्स के नियोजन, कार्यान्वयन और परिमापन के तरीके को बदल रही है। यूएलआइपी (यूनीफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफार्म) जैसे प्लेटफार्म विभिन्न विभागों के आंकड़ों का एकीकरण कर रहे हैं, जबकि एलडीबी (लॉजिस्टिक्स डाटा बैंक) 2.0 वास्तविक समय में लाखों कंटेनरों की दृश्यता को सुगम बना रहा है। प्रत्येक एचएसएन (हार्मोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नॉमिनक्लेचर) कोड को उसके मंत्रालय से जोड़ा जाता है, जिससे जवाबदेही और नीति निर्धारण में सुधार होता है। एसएमआइएलइ (स्ट्रेंथनिंग मल्टीमॉडल एंड इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम) प्रोग्राम के तहत शहर और राज्य स्तर की लॉजिस्टिक्स योजना को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ जोड़ा जा रहा है। अंतर्देशीय जलमार्ग ने पिछले साल 145.84 मीलियन टन का कार्गो का परिवहन करके रिकॉर्ड बनाया है जबकि रेल में भीड़ कम करने के लिए समर्पित माल गलियारों का उपयोग किया जा रहा है। औद्योगिक जोन में एनआइसीडीसी (नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) के तहत प्लग-एंड-प्ले पार्क निवेशकों के लिए तैयार अवसंरचना पेश करते हैं। जमीनी स्तर पर जीएसटी जैसे सुधारों और ई-वे बिल ने अंतरराज्यीय परिवहन में लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों को दूर किया है। इन हस्तक्षेपों का स्पष्ट उद्देश्य है: लॉजिस्टिक्स लागत घटाना, क्षमता में सुधार करना और वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की स्थिति को मजबूत करना।

**भारत की लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी के 7.97 प्रतिशत तक गिर गयी है।**



**गंगा के मैदान में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स :** भारत गंगा के मैदान में लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को एक एकीकृत मल्टीमॉडल तरीके के जरिये बदल रहा है जिसमें रोड, रेल और अंतर्देशीय जलमार्ग शामिल हैं और जिसकी वजह से परिवहन तेज, सस्ता और ज्यादा हरित हो रहा है। पूर्वी समर्पित माल गलियारा (इडीएफसी) एक तीव्र गति वाला मालवाहन सेवा है जिसने वैगन टर्नअराउंड समय को 15-16 दिन से घटा कर 2-3 दिन कर दिया है और ट्रांजिट समय को 60 घंटे से घटाकर 35-38 घंटे कर दिया है। मालवाहन परिचालन का प्रबंधन अब प्रयागराज में मध्य नियंत्रण केंद्र के जरिये होता है, जिसकी वजह से मौजूदा रेल नेटवर्क पर भीड़ कम होती है। गंगा जलमार्ग का पुनर्जीवन वाराणसी में इडीएफसी से जुड़ा है जो विनिर्माताओं को कार्गो को हल्दिया जैसे पूर्वी बंदरगाहों तक ले जाने की अनुमति देता है। कॉरिडोर के नजदीक भंडारण और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के तीव्र विकास ने रोजगार बढ़ाया है, भंडारण प्रबंधन में सुधार किया है और समय पर उत्पादन और निर्यात सुनिश्चित किया है। इन परियोजनाओं को विश्व बैंक से अच्छा निवेश मिला है, जिसमें 1.96 अरब डॉलर ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और रेल लॉजिस्टिक्स पहलकदमियों के लिए और 375 मिलियन डॉलर गंगा जलमार्ग विकास के लिए है। कुल मिला कर ये प्रयास एक कुशल, एकीकृत लॉजिस्टिक्स तंत्र बना रहे हैं, जो लागत घटाता है, कार्बन उत्सर्जन कम करता है और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत के संपर्क को मजबूत करता है।

**लॉजिस्टिक्स पहले से कहीं ज्यादा जरूरी क्यों हैं :** भारत के आर्थिक विकास का रास्ता कुशल लॉजिस्टिक्स पर निर्भर करता है, जो प्रतिस्पर्धा और वैश्विक संपर्क को बढ़ाने के लिए जरूरी हैं। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति और पीएम गतिशक्ति ने इस बदलाव में नयी रफ़्तार डाली है जिसने एक ज्यादा एकीकृत और आंकड़ा-संचालित लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम की नींव रखी है, लेकिन रणनीति में सटीकता की जरूरत होती है और यह लॉजिस्टिक्स की सही लागत की जानकारी से शुरू होती है। कुछ समय पहले तक, भारत की लॉजिस्टिक्स लागत को अकसर ज्यादा आंका जाता था। जीडीपी के 13 से 14 परसेंट के आम तौर पर बताये जाने वाले आंकड़े कुछ खास या बाहरी आंकड़ों पर आधारित थे। इससे नीति बनाने में भ्रम पैदा हुआ और दुनिया भर में गलत धारणा फैलीं। अब यह बदल गया है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआइआइटी) ने राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) के साथ मिल कर अपनी तरह की पहला अध्ययन किया है। भारत में लॉजिस्टिक्स लागत का आकलन नामक इस अध्ययन में वैज्ञानिक आधार पर आकलन किया गया है। इसमें हाइब्रिड मेथड का इस्तेमाल करते हुए 3,500 से ज्यादा उद्योगों के हितधारकों के प्राथमिक आंकड़ों को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीएल), भारतीय रिजर्व बैंक और वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) के द्वितीयक आंकड़ों से मिलान किया गया है। इसकी रिपोर्ट में 2023 और 2024 के लिए भारत की लॉजिस्टिक्स लागत को जीडीपी का 7.97 प्रतिशत और गैर-सेवा आउटपुट का 0.09 प्रतिशत बताया गया है। कुल मिला कर कुल लागत 24.01 लाख करोड़ रुपये आंकी गयी है। यह सिर्फ. एक हेडलाइन नंबर नहीं है। यह रिपोर्ट लागत घटकों, फर्म के आकार और उत्पादन के आधार पर विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करती है। ये एक महत्वपूर्ण बात पर रोशनी डालती है: अपेक्षाकृत छोटे फर्म को ज्यादा लॉजिस्टिक लागत झेलनी पड़ती है, जो उनकी क्षमता को प्रभावित करता है। इस अध्ययन में अलग-अलग परिवहन के माध्यमों और दूरियों के आधार पर न्यूनतम मालवाहन लागत भी बतायी गयी है। यह आंकड़ा सप्लाई चेन की योजना बनाने और उसका मूल्य तय करने के लिए जरूरी है। मल्टीमॉडल परिवहन क्षमता बढ़ाने के मुख्य उपाय के रूप में उभर रहा है। उदाहरण के लिए रिपोर्ट ये दिखाती है कि लगभग 600 किलोमीटर की यात्रा के लिए पहले और आखिरी 50 किलोमीटर को बेहतर बनाने से कुल लॉजिस्टिक लागत काफी कम हो सकती है। यह अंतिम-मील अवसंरचना और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक एकीकरण की महत्ता को दिखाता है।

सभी नतीजे एक नये संवादात्मक डैशबोर्ड के जरिये उपलब्ध है जिसे वास्तविक-समय विश्लेषण और सोच समझकर फैसला लेने के लिए तैयार किया गया है। इस आंकड़ा-आधारित स्पष्टता से सरकार और उद्योग दोनों बेहतर निवेश कर सकते हैं, ज्यादा अनुकूल नीतियां बना सकते हैं और अवसंरचना का तेजी से उन्नयन कर सकते हैं। यह भारत को वैश्विक लॉजिस्टिक केंद्र बनने के लक्ष्य के और करीब लाता है। कम शब्दों में कहें तो, लॉजिस्टिक्स अब कोई ब्लैक बॉक्स नहीं रहा। सटीक लागत आकलन, व्यवहार-योग्य अंतर्दृष्टि और लक्षित हस्तक्षेपों के जरिये भारत अपनी सप्लाई चेन को एक छुपे हुए बोझ से शक्ति के स्रोत में बदल रहा है।

**निष्कर्ष :** लॉजिस्टिक्स लंबे समय से पर्दे के पीछे काम कर रहा है और धीरे-धीरे इस पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। पिछले दशकों में ट्रैक बिछाये गये और सिस्टम बनाये गये, और विकास की मौजूदा कोशिशें इसे शीर्ष पर पहुंचा रही हैं जो ज्यादा तेज, ज्यादा हरित और पूरी तरह से संपर्क सुविधा से युक्त है। अगर मेक इन इंडियाकारखाने बनाता है, तो लॉजिस्टिक्स राजमार्ग, जलमार्ग और आंकड़ों का प्रवाह तैयार करता है, जो उनके उत्पादों को दुनिया तक पहुंचाते हैं। पीएम गतिशक्ति पब्लिक/ऑफशोर, एसएमआइएलइ, एलइएपीएस 2025, एलइएडीएस 2025, आइपीआरएस 3.0, एलडीबी 2.0 जैसे पहलों के जरिये भारत अपने लॉजिस्टिक्स को एक ज्यादा लागत वाले केंद्र की बजाय एक सशक्त प्रतिस्पर्धी अग्रणी तंत्र में बदल रहा है। विकास इंजन से वैश्विक बढ़त तक का सफर शुरू हो गया है।

## कोल्हान की खबरें

### हुरलुंग गांव में 'मासिआ टुसु परब' 2025-26 की तैयारी, कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** हुरलुंग गांव के आदिवासी माइनगर रामविलास महतो के आवास में मासिआ टुसु परब 2025-26 के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। गुरुवार को बैठक की अध्यक्षता देसुआ आकुस हुरलुंग महिला संयोजक समिति की संयोजक माइनगरि नंदिनी महतो ने की। बैठक में तय हुआ 16 दिसंबर 2025 को कुंवारी कन्याओं द्वारा टुसु थापना किया जायेगा और पूरे महीने में पारंपरिक पांता नाच और टुसु गीतों का आयोजन किया जायेगा। विशेष रूप से 9 दिन के अंतराल में तीन दिन टुसु चुमान के साथ पुरखेनी टुसु गाये जायेंगे। कार्यक्रम का समापन 14 जनवरी 2026 को हुरलुंग, नुतनडीह और लुपुंगडीह गांव से होते हुए स्वर्णरेखा नदी के प्राचीन लड़कंदा टुसु घाट में टुसु बिदाई और शोभायात्रा के साथ किया जायेगा। बैठक का संचालन नमिता महतो और धन्यवाद ज्ञापन ममता महतो ने प्रस्तुत की। मौके पर प्रदेश संयोजक प्रकाश महतो केटिआर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एसएसपी ने की क्राइम मीटिंग, दिये निर्देश

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एसएसपी पीयूष पांडेय ने गुरुवार को पुलिस ऑफिस सभागार में शहरी क्षेत्र के सभी थानेदारों, डीएसपी और इंसपेक्टरों के साथ मासिक क्राइम मीटिंग की। बैठक में उन्होंने साफ निर्देश दिया किसी भी हाल में अपराध पर रोक लगनी चाहिए और पुलिस की सक्रियता हर स्तर पर दिखनी चाहिए। एसएसपी ने मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ा रुख अपनाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया ड्रग्स पैडलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये और समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर अवैध हथियारों की बरामदगी सुनिश्चित की जाये। साथ ही उन्होंने जिले में लंबे समय से लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर भी जोर दिया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने लंबित वारंट, कुर्की-जब्ती, पासपोर्ट जांच और चरित्र सत्यापन को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। एसएसपी पीयूष पांडेय ने कहा पुलिस की प्रभावी कार्रवाई से ही अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

### भुइयांडीह कल्याण नगर में 10 वर्षीय बच्चे से सोने का लॉकेट छीनकर आरोपी फरार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भुइयांडीह कल्याण नगर में गुरुवार को तीन बदमाशों ने 10 वर्षीय बच्चे से सोने का लॉकेट छीनने का एक मामला प्रकास में आया है। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार बच्चा अपनी मां सरिता देवी के साथ सामान लेने गया था। लौटते समय शिव मंदिर के पास घात लगाए युवकों ने बच्चे का मुंह दबाकर लॉकेट छीन लिया। घटना के दौरान मां के शोर मचाते ही आरोपी दौड़कर फरार हो गये। स्थानीय लोगों ने बताया क्षेत्र में नशेड़ियों की संख्या बढ़ रही है और शराब, गांजा व ब्राउन शुगर का अवैध सेवन व व्यापार बढ़ने से ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने ने पुलिस गश्त की कमी को भी इसकी बड़ी वजह बताया। लोगों ने तत्काल कड़ी कार्रवाई और नियमित पेट्रोलिंग की मांग की।

### विधायक ने मानगो फ्लाईओवर मामले में की बैठक

# सरयू राय के हस्तक्षेप से खत्म हुआ गतिरोध, शर्तों के साथ काम शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो फ्लाईओवर निर्माण को लेकर दो दिनों से जारी गतिरोध विधायक सरयू राय के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। गुरुवार को सर्किट हाउस में हुई बैठक में तय हुआ रैंप के लिए बनने वाले 14 खंभों में एक बार में केवल तीन खंभों का ढांचा तैयार होगा और उनके बीच आवागमन के लिए पर्याप्त जगह छोड़ी जायेगी, ताकि दुकानदारों और स्थानीय लोगों को कम से कम परेशानी हो। बैठक में ट्रैफिक



व्यवस्था में बदलाव पर भी सहमति बनी। सुबह 6 से 9 बजे तक बड़ा हनुमान मंदिर से मानगो पुल की ओर रास्ता खुला रहेगा। उसके बाद मानगो पुल से बड़ा हनुमान मंदिर तक यातायात चालू रहेगा। पायल सिनेमा से मानगो चौक तक सड़क का एक हिस्सा छोटे वाहनों के लिए हमेशा खुला रहेगा, जबकि बड़ा हनुमान मंदिर से मानगो चौक की ओर आने वाले वाहनों को डायवर्ट किया जायेगा। यह व्यवस्था फिलहाल एक हफ्ते ट्रायल के रूप में लागू होगी, जिसके बाद समीक्षा कर अगला फैसला लिया जायेगा। सरयू राय ने बताया डिमना चौक से मानगो चौक तक पूर्ण नो-इंट्री लागू करने का सुझाव भी सामने आया है, जिस पर वे डीसी से बात करेंगे। फ्लाईओवर निर्माण में 14 महीने से लंबित बिजली और पानी की लाइनों के स्थानांतरण पर रोक हटाते हुए सरयू राय ने अधीक्षण अभियंता को कड़े निर्देश दिये, जिसके बाद 65 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल गयी। अब निर्माण कार्य में तेजी आयेगी।

# विधायक ने 1.03 करोड़ की लागत से विद्यालय भवन का किया शिलान्यास



**हेमंत सरकार शिक्षा को नयी उंचाई दे रही, पोटका को जल्द ही सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की सौगात : संजीव सरदार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** विधायक संजीव सरदार ने पोटका विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा की गति को तेज करने के लिए सानग्राम में 1 करोड़ 3 लाख रुपये की लागत से +2 उच्च विद्यालय भवन का शिलान्यास किया। गुरुवार को शिलान्यास की गयी दो मंजिला भवन में 10 कमरे बनाये जायेंगे और कार्य 15 माह में पूरा किया जायेगा। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक श्री सरदार ने कहा हेमंत सरकार शिक्षा को नई ऊँचाई दे रही है और पोटका को जल्द ही सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की सौगात मिलेगी। उन्होंने बताया पोटका प्रखंड के छह माध्यमिक विद्यालयों को प्लस-2 में उत्क्रमित किया जा रहा है, जिससे हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### परिजनों ने अमलगम कंपनी गेट पर शव के साथ किया प्रदर्शन

**कांड्रा(आजाद सिपाही)।** अमलगम कंपनी में काम करने गये कुलुपटांगा आदित्यपुर निवासी मनीष बाजपेई की संदिग्ध मौत के बाद परिजन और सहकर्मी आक्रोशित हो उठे। गुरुवार को वे कंपनी गेट के सामने शव रखकर धरना-प्रदर्शन पर बैठ गये। मनीष सोमवार रात ड्यूटी पर गये थे और मंगलवार देर रात टीएमएच से उनकी मौत की सूचना मिली। परिजनों का आरोप है कंपनी ने 24 घंटे लगातार काम कराया और घर जाने की अनुमति नहीं दी। उनका कहना है मृतक ने खुद बताया था कंपनी मनमाने ढंग से काम करवा रही है। परिजन अपनी मांगों पर अड़े हैं, जबकि कंपनी प्रबंधन ने अब तक उनसे कोई बातचीत नहीं की। करीब 50 से अधिक कर्मी और समाजसेवी भी प्रदर्शन में शामिल हुए और कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की।घटना के बाद कंपनी की भूमिका पर सवाल उठने लगी हैं। इधर, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पटमदा में तीन पंचायतों में लगा शिविर विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** सेवा अधिकार सप्ताह के तहत गुरुवार को बनकुंचिया, ओड़िया और खेडुआ पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर लगाया गया। गुरुवार को खेडुआ पंचायत में मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया और विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने कहा यह पहल सरकार की योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है, जिसके तहत जाति, आय, आवासीय प्रमाणपत्र समेत कई सेवाएं मौके पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में गोद भराई, मुंहजुठी, धोती-साड़ी, किशोरी समृद्धि योजना, बुढ़ापा पेंशन स्वीकृति सहित कई योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर सभी विभागों के स्टॉल पर अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान किया। कार्यक्रम में बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ समेत कई जनप्रतिनिधि और सैकड़ों लाभुक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्रभावितों के बीच पहुंचीं विधायक, प्रशासन की कार्यशैली पर जतायी नाराजगी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भुईयांडीह बर्निंग घाट गोलचक्कर से कल्याण नगर चौक तक कोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन और टाटा स्टील लैंड विभाग द्वारा की गयी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दूसरे दिन जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचीं। गुरुवार को विधायक ने स्थल निरीक्षण के दौरान कहा बिना पूर्व सूचना और तैयारी के अचानक की गयी कार्रवाई अत्यंत पीड़ादायक और मानवीय रूप से अस्वीकार्य है। उन्होंने सवाल उठाया सड़क चौड़ीकरण की योजना पहले से तय होने के बावजूद प्रभावित लोगों को नोटिस व पर्याप्त समय नहीं दिया गया। अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए श्रीमती साहू ने स्पष्ट कहा कार्रवाई में उनका कोई हस्तक्षेप नहीं था और यह कोर्ट के आदेश पर हुई प्रशासनिक प्रक्रिया थी। उन्होंने कुछ लोगों पर गलत प्रचार फैलाकर गरीब परिवारों को भ्रमित करने का आरोप लगाया। उन्होंने आश्वस्त किया पूरे मामले की जानकारी वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को देंगी और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करेंगी।

### अनियंत्रित वाहन घर में घुसा, जनहानि टली

**राजनगर (आजाद सिपाही)।** खोकरो मोड़ के पास गुरुवार तड़के एक भारी मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित घर में जा घुसा। वाहन की तेज रफ्तार से घर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं, लेकिन गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पह पहुचे और राहत कार्य शुरू कर दी। फिलहाल राजनगर पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ कर कर रही है।

# देश की आत्मा है भारतीय संविधान : डॉ पातंजली



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी सहित अन्य लोगों ने संविधान दिवस के अवसर पर शहर के दानरो नदी स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसमें शामिल सभी लोगों ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश की आत्मा है। हमें अपने कर्तव्य और अधिकारों का ईमानदारी से पालन करते हुए राष्ट्र की गरिमा और अखंडता को बनाए रखना है। राष्ट्र के विकास में पूरी सक्रियता के साथ सहभागिता निभाना ही संविधान के प्रति सच्चा सम्मान है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपनी जिम्मेवारियों और अधिकारों का खास ख्याल रखें। इसलिए प्रत्येक 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान हमें मौलिक कर्तव्य सीखाता है। लोकतंत्र और एकता के मूल्यों को समझने की प्रेरणा देता है। सभी नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान बढ़ाना संविधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है। हमारा संविधान लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी ढांचे को परिभाषित करने वाला दस्तावेज है, जो पिछले सात दशकों से न्याय, स्वतंत्रता, बंधुत्व और समानता सुनिश्चित किया है। वहीं, अब्दुल मन्नान ने कहा कि 26 नवंबर का दिन ऐतिहासिक है। 26 नवंबर को ही वर्ष 1949 में हमारे देश भारत ने संविधान को अपनाया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया था। संविधान के बिना देश नहीं चल सकता है। देश का शासन और सरकार चलाना संविधान के अंदर निहित है। सरकार के विभिन्न अंगों की रूपरेखा, नागरिकों के अधिकार और उनके कर्तव्यों की रक्षा करने का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। हमें इसका सच्चे मन से सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर डॉक्टर इश्तियाक रजा, डॉक्टर आदित्य प्रकाश, संतोष कुमार, सुनील कुमार, संगीता कुमारी, मोहम्मद जावेद, रंजना कुजूर, अंजली कुमारी, माया कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# चौकीदार की पिटाई से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर घंटों किया सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा/गढ़वा।** जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के अमहर गांव में आठ महीना पहले हुई मारपीट की घटना ने गुरुवार को गंभीर रूप ले लिया। कथित रूप से पुलिस की बेरहमी से पिटाई में गंभीर रूप से घायल उपेंद्र चंद्रवंशी (45) नामक व्यक्ति की गुरुवार को मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही अमहर गांव के सैकड़ों ग्रामीण उग्र हो गए और शव को रमना-विशुनपुरा मुख्य सड़क पर रखकर जाम कर दिया। ग्रामीण सुबह नौ बजे से सड़क पर धरने पर बैठ गये और डीसी एवं एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गयी। प्रदर्शनकारी ग्रामीण चौकीदार कन्हाई पासवान को नौकरी से बर्खास्त करने, आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और न्याय सुनिश्चित करने की मांग कर रहे थे। उधर, सड़क जाम और हंगामें की सूचना मिलते ही विशुनपुरा सीओ खगेश कुमार और थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी डीसी-एसपी को बुलाने पर अड़े रहे। इस पर स्थिति को नियंत्रण करने के लिए रमना, बरडीहा और नगर उंटारी थाना से अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को मौके पर तैनात किया गया। दूसरी ओर, सूचना पाकर बंशीधर नगर इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को काफी समझाया, लेकिन वे भी नाकाम रहे। इसके बाद अनुमंडलीय एसडीओ प्रभाकर मिर्घा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्हें ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी चौकीदार कन्हाई पासवान सहित उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर तत्काल जेल भेजा जाये। लगे हाथ आरोपी को चौकीदार पद से बर्खास्त किया जाए। इसके अलावा मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा दी जाए। इस पर एसडीओ ने आश्वासन दिया कि शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाये जाने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चौकीदार पद से भी बर्खास्त के लिए वरीय पदाधिकारियों को पत्राचार करने, सरकार की ओर से दिये जाने वाले लाभ को आश्रितों को दिलाया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीओ के मौखिक आश्वासन के छह घंटे बाद सड़क जाम को समाप्त किया। जिसके बाद विशुनपुरा पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले गयी। इस मौके पर झामुमो के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य ताहिर अंसारी, जिला परिषद सदस्य शंभूराम चंद्रवंशी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, भाजपा जिला सोसल मीडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, मुखिया ललित नारायण सिंह, बलराम पासवान, बीडीसी भरदुल चंद्रवंशी, आलम अंसारी, संजय चंद्रवंशी और सुधीर सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



शव के साथ प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाते पुलिस के आला अधिकारी।

### आठ माह पुराने मामले में न्याय न मिलने का आरोप

**परिजनों का आरोप है कि होली की रात उपेंद्र चंद्रवंशी और प्रशांत कुमार को गांव के चौकीदार कन्हाई पासवान, पत्नी मेत्री देवी, पुत्र रोशन पासवान, छोटू पासवान और पुत्री करिश्मा कुमारी ने बेरहमी से पीटा था। उपेंद्र के सिर में गंभीर चोट आई थी। तभी से उसका लगातार इलाज चल रहा था। सिर की सर्जरी भी हुई थी। इलाज करवाकर वे आठ दिन पहले ही घर लौटे थे, लेकिन गुरुवार की सुबह आठ बजे उपेंद्र की मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि विशुनपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद प्रशासन की लापरवाही के कारण चौकीदार कन्हाई पासवान को आसानी से बेल मिल गई और वह ड्यूटी पर भी बहाल है। परिजनों ने कहा कि आरोपियों के खुलेआम घूमने से पीड़ित परिवार लगातार भय में जी रहा है।**

### इलाज में बिक गई जमीन

**परिजनों ने बताया कि आठ माह लंबा इलाज कराते-कराते परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। जमीन-जायदाद तक बेचनी पड़ गयी। फिर भी न्याय नहीं मिला। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर घोर लापरवाही और मामले को दबाने का भी आरोप लगाया है।**

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर थाना क्षेत्र स्थित बिलासपुर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। उनकी पहचान प्रखंड के जासा डामर निवासी राकेश कुमार (25) और भीम कुमार (19) के रूप में हुई है। दोनों सलसलादि ग्राम के र हने वाले थे। जानकारी के मुताबिक दोनों दुद्धी से अपने घर श्री बंशीधर नगर लौट रहे थे। तभी बंशीधर नगर के बिलासपुर पंचायत के समीप एनएच 75 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। उधर, घटना के बाद रामजी बैठा ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात वाहन एवं चालक पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# जीएन कान्वेंट स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्रा सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय संविधान दिवस पर जीएन कान्वेंट स्कूल में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रुप से डॉ भीमराव अंबेडकर एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि भारत का संविधान हमें विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का गौरव देता है। वर्ष 1949 में 26 नवंबर को संविधान सभा द्वारा संविधान को स्वीकार किया गया जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान दिवस हमें याद दिलाता है कि अपने अधिकारों का सम्मान करना चाहिए और अपने कर्तव्यों का पालन सत्य निष्ठा से करना चाहिए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, पेंटिंग, वाद विवाद का आयोजन किया गया। साथ ही संविधान उद्देशिका का भी वाचन कराया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक कृष्ण कुमार, खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, दिनेश कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, चंदा कुमारी, वर्षा कुमारी, श्वेता राज, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि थे।

# चैलेंजर क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हरा रेड ब्लू क्रिकेट क्लब ने दर्ज की जीत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित लीग मैच का 19वां मुकाबला रेड ब्ल्यू क्रिकेट और चैलेंजर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में रेड ब्लू क्रिकेट क्लब ने शानदार खेल दिखाते हुए छह विकेट से जीत दर्ज की। इससे पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए चैलेंजर क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित ओवरों में 119 रनों का स्कोर बनाया। तरुण गौरव ने 41 और प्रकाश यादव ने 18 की पारी खेली। जबकि, गेंदबाजी में रेड ब्ल्यू क्रिकेट क्लब की ओर से विकाश गर्ग ने तीन, कुमार आदित्य, कार्तिक उरांव ने 2- 2 विकेट चटकाए। वहीं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेड ब्ल्यू क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित ओवरों में चार विकेट खोकर ही 120 रन बना लिये। टीम की ओर से अंकित सिंह ने 30 रन, नीतीश ने 17, अंश प्रताप सिंह ने 18 और कुमार आदित्य ने 17 रन बनाए। जबकि, चैलेंजर क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी में सागर मालाकार ने चार ओवर 35 रन देकर दो विकेट, जबकि राजन और अफजल अंसारी ने 1-1 विकेट झटके। वहीं, बेहतर प्रदर्शन के लिए विकाश गर्ग को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ शमशेर सिंह ने दिया।

# डीएसडबल्यूओ ने किया ओल्डएज होम का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार के निर्देश पर गुरुवार को नगर बंशीधर स्थित ओल्डएज होम का निरीक्षण जिला समाज कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने किया। इस दौरान वृद्धाश्रम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं जैसे ब्लैंकेट, वस्त्र, भोजन व्यवस्था, पीने के पानी के लिए वॉटर प्यूरीफायर, विद्युत आपूर्ति एवं शौचालय संतोषजनक एवं सुव्यवस्थित पाया। निरीक्षण के क्रम में डीएसडब्ल्यूओ ने सिविल सर्जन को वृद्धाश्रम के लिए नियमित मेडिकल टीम भेजने का अनुरोध किया। साथ ही स्थायी मेडिकल किट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान बंशीधर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल भी मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने अगले दिन आठ सदस्यीय टीम भेजकर पूरे परिसर की सफाई सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। वहीं, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने अपने विभाग के कनीय अभियंता को वृद्धाश्रम के रंग-रोगन, जीर्णोद्धार एवं आवश्यक मरम्मत के लिए विस्तृत एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि 2016 से संचालित इस भवन में शौचालय, बिजली, प्लास्टर, ग्रिल आदि से संबंधित आवश्यक सुधार कार्य जल्द शुरू किए जा सकें। बतातें चलें कि वर्तमान में वृद्धाश्रम में दो महिलाएं और चार पुरुष सहित कुल छह बेसहारा लोग निवासरत हैं। उनकी देखभाल के लिए एक स्वीपर, एक कुक, एक गार्ड और एक मैनेजर प्रतिनियुक्त हैं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि 'आइए, हम सब थोड़ा समय निकालकर इन उपेक्षित सांध्यकालीन जीवन में स्नेह और सुकून के कुछ पल भरने अवश्य जाएं।'

# कस्तूरबा विद्यालय में चला जागरूकता अभियान पुलिस ने दी ओटीपी साझा न करने की हिदायत



**डंडई (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गुरुवार को एक दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों की ओरसे चलाये गये अभियान में महिला सुरक्षा, बाल विवाह, साइबर सुरक्षा, नशाखोरी, सड़क सुरक्षा, डायन बिसाही और समाज में व्याप्त कई तरह की कुरीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान दौरान साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा पर छात्राओं को जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर ठगी एक ऐसा मकड़जाल है, जिसमें कई लोग एक साथ सक्रिय होकर टेलिफोनिक संवाद कर ठगी करते हैं। कहा कि जब साइबर ठग फोन करते हैं, तो आपसे ओटीपी भी मांगना शुरू कर देते हैं। ओटीपी देते ही व्यक्ति ठगी का शिकार हो जाता है। ऐसे लोगों से संवाद करने से बचना चाहिए। ठगी होने पर उसकी जानकारी अविलंब पुलिस पदाधिकारियों को दें, ताकि उस पर आगे की कार्रवाई हो सके। इस मौके पर विद्यालय की वार्डन तनुजा कुमारी, अकाउंटेंट रोशनी कुमारी, साइंस लैब असिस्टेंट रीना कुमारी, शिक्षिका कुमारी पूनम, सोनम कुमारी, नीतू कुमारी, कविता, नंद कुमार यादव, सतीश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

**Office of the Deputy Commissioner, Chatra, Jharkhand**
**Recruitment Notice for Hospital Manager**

**Under District Mineral Foundation Trust (DMFT)**
Memo No.:XXVII-DMFT/65/2022 /………… Dated:……………….

District Mineral Foundation Trust intends to recruit Hospital Manager on a contractual basis in Chatra district. Applications are invited from suitable candidates for rendering services for the position as detailed and described below:

**Vacancy Table:**

| Sl. No. | Description of Posts | Total Post | Essential Qualification | Category | | Monthly Consolidate Remuneration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Hospital Manager | 7 | MBA- Health Care/MHA/PG Diploma in Hospital & Health Management | Gen | 4 | 41000/- |
| | | | | SC | 1 | |
| | | | | ST | 1 | |
| | | | | BC-I | 0 | |
| | | | | BC-II | 1 | |
| | | | | EWS | 0 | |

Candidates are requested to apply offline against this advertisement on the Offline Recruitment Page on the website https://chatra.nic.in/. They are requested to go through carefully the details of posts and instruction published above as well as on the website https://chatra.nic.in/.

| Sl. No. | Details | Date |
|---|---|---|
| 1 | Publication of Advertisement in News paper | 28.11.2025 |
| 2 | Last Date of Application Submission through Required Post | 12.12.2025, till 05:00 PM |

Deputy Commissioner
- cum-Chairperson,
DMFT Chatra

PR.NO.367245 District(25-26):D

# गरीब की बेटी के लिए मसीहा बने थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार

## आवश्यक सामान के साथ आर्थिक सहयोग भी दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के मानवीय रूप ने सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने गोसाई बाग निवासी गरीब संजय राम की छोटी बेटी की शादी में जिस संवेदनशीलता और मानवीयता का परिचय दिया, वह पूरे गढ़वा जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार संजय राम अपनी आर्थिक स्थिति के कारण बेटी की शादी को लेकर चिंतित थे। इसकी जानकारी जब श्री बंशीधर नगर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार को मिली, तो उन्होंने बिना किसी प्रचार और भेदभाव के आगे बढ़कर मदद का हाथ बढ़ाया। उन्होंने शादी के आवश्यक सामान से लेकर आर्थिक सहयोग तक, परिवार की भरपूर सहायता की। थाना प्रभारी ने यह साबित कर दिया कि मानवता का कोई धर्म, जाति और वर्ग नहीं होता। उधर, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उपेंद्र कुमार सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालने वाले अधिकारी ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों के सच्चे हितैषी भी हैं। उनके इस कदम ने पुलिस के प्रति लोगों की सोच को और अधिक सकारात्मक बना दिया है। उपेंद्र कुमार का यह कार्य पुलिस की असली छवि–जनसेवा, सहयोग और मानवता को दर्शाता है। उनके इस असाधारण कदम ने न सिर्फ एक गरीब पिता के घर में खुशियों की रोशनी जगाई, बल्कि पूरे क्षेत्र को यह संदेश भी दे दिया। वहीं, थाना प्रभारी ने आम लोगों से भी अपील की कि जरूरतमंद लोगों को सहयोग करना चाहिए। आपके एक छोटी सहयोग से किसी के घर में खुशियों की रोशनी जगमगा सकती है।

# पेंशनर्स कल्याण समाज की बैठक आज



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष केके यादव ने बताया कि झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा की मासिक बैठक शुक्रवार को होगी। इसमें निर्धारित एजेंडा के रूप में विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि, कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत आय-व्यय का अनुमोदन, कल्याण कोष एवं सदस्यता अभियान पर चर्चा, अंतर्राष्ट्रीय पेंशन दिवस पर कंबल वितरण की तैयारी, पेंशनरों से संबंधित समस्याओं का निराकरण एवं जीवन प्रमाण पत्र आदि पर समीक्षा की जानी है। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यालय में पुनः लाइफ सर्टिफिकेट लेने की व्यवस्था कर दी गई है। वैसे पेंशनर जिनका अभी तक लाइव सर्टिफिकेट किसी कारण बस जमा नहीं कर पाए हैं वह इस बैठक में सभी कागजातों के साथ उपस्थित होकर अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराना सुनिश्चित करेंगें। सभी से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस बैठक को सफल बनाने में सहयोग करें।

**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन नीलामी (3rd Call)**
**हाट–बाजार, जयनगर एवं मरकच्चो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केवल एक वर्ष **( 06 दिसम्बर 2025 से 30 नवम्बर 2026 तक)** के लिए प्रखण्ड जयनगर एवं मरकच्चो अन्तर्गत पूर्ण रूप से तैयार हाट–बाजार की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के कार्यालय कक्ष / सभागार में निम्नांकित तिथि को सम्पन्न की जायेगी–

| क्र0सं0 | हाट–बाजार का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पेठियाबागी हाट–बाजार, जयनगर प्रखण्ड | 1,00,000.00 | 10,000.00 | 03 / 12 / 2025 | 03:00 बजे अपराह्न |
| 2 | हाट–बाजार, मरकच्चो प्रखण्ड | 3,00,000.00 | 30,000.00 | 03 / 12 / 2025 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवं भार्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.367205 Panchayati Raj(25-26):D

# लोगों को नहीं मिल रहा सेवा सप्ताह का लाभ : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि चंदवा प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की अधिकारी धज्जियां उड़ा रहे हैं। जब अबुआ आवास और मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल बंद है तो फिर यह बात सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है। यह तो साफ-साफ ठगी है खासकर उन भोली-भाली माताओं-बहनों के साथ, जो घंटों लाइन में लगकर शिविरों में भटकती रहती हैं। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जब योजना बंद है, पोर्टल बंद है, मंजूरी की प्रक्रिया बंद है तो सरकारी कार्यालय सिर्फ आवेदन लेकर भोले भोले आदिवासी मूलवासी को गुमराह कर रही है। सेवा सप्ताह के नाम पर जनता को धूप में खड़ा रखकर परेशान किया जा रहा है। शिविरों में दिनभर बैठाने की मजबूरी और उपर से कागज-फोटोकॉपी में ग्रामीणों के पैसे की बर्बादी यह संवेदनहीनता नहीं, यह जनता को ठगने की सरकारी साजिश है।

प्रतुल ने कहा कि चंदवा के अंचल अधिकारी के बारे में आम लोगों की शिकायत है कि वह जल्दी किसी से मिलते नहीं। लातेहार के उपायुक्त और आरक्षी अधीक्षक से मिलने में कठिनाई नहीं होती है। लेकिन चंदवा के अंचल अधिकारी से मिलना ज्यादा कठिन है। एक तो वह बहुत कम समय दफ्तर में बैठते हैं और दूसरा आम जनता से उनकी मुलाकात नहीं के बराबर होती है।

# शिविर में प्राथमिकता के आधार पर हो रहा काम : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में चल रहे 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने विभिन्न पंचायतों का दौरा किया। वे आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति भी हैं। उन्होंने किस्को प्रखंड के पाखर पंचायत (तिसिया खेल मैदान), नवाडिह पंचायत (धुर्वा मैदान) और लोहरदगा प्रखंड के भठखीजरी पंचायत (इरगांव मैदान) में आयोजित शिविरों में शिरकत की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ उरांव ने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ उनके घर के दरवाजे पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले की प्रत्येक पंचायत में शिविर अनिवार्य रूप से आयोजित किये जा रहे हैं, जहां जाति, आवासीय, आय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, म्यूटेशन और भूमि मापी जैसे कार्यों के आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। डॉ उरांव ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के आवेदनों को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त आवेदनों को तुरंत पोर्टल पर अपलोड किया जाये और शिकायतों का 'ऑन द स्पॉट' या निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन किया जाये। इस अवसर पर आइटीडीए डायरेक्टर सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीओ अमित कुमार, बीडीओ, सीओ राम नारायण खलखो, हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, रोहित उरांव, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, प्रमुख सुचित्रा भगत और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दफादार-चौकीदार संघ का धरना, थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत शाखा लोहरदगा जिला कमेटी की ओर से गुरुवार को समाहरणालय परिसर के सामने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष समसुल अंसारी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव मिथलेश यादव ने किया। धरना के दौरान वक्ताओं ने अपनी मुख्य मांगों को रखते हुए कहा कि सेन्हा थाना के चौकीदार बुधवा उरांव के साथ तत्कालीन थाना प्रभारी वारिस हुसैन द्वारा कथित रूप से मारपीट, गाली-गलौज और सार्वजनिक तौर पर अपमानित किए जाने की घटना गंभीर है। इस मामले में दोषी अधिकारी पर तत्काल प्रभाव से निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए। संगठन का कहना है कि इस संबंध में पीड़ित बुधवा उरांव ने 12 अक्टूबर 2025 को अनुसूचित जाति/जनजाति थाना लोहरदगा में लिखित शिकायत दी थी और 14 अक्टूबर को इसकी रिसीविंग भी दे दी गई थी। लेकिन अब तक अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। इसे लापरवाही करार देते हुए संबंधित थाना प्रभारी पर भी कार्रवाई की मांग की गई। धरना में यह भी आरोप लगाया गया कि तत्कालीन थाना प्रभारी ने कई चौकीदारों पर मनगढ़ंत और झूठे आरोप लगाए हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि इन आरोपों को वापस नहीं लिया गया, तो पूरे जिले के चौकीदार-दफादार बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे।

# उपायुक्त ने सरयू में अधूरे पुल का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरयू/ लातेहार।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के गणेशपुर में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने गुरूवार को गणेशपुर एवं कारवाई पंचायत को जोड़ने वाली कारवाई नदी पर अधुरे पड़े पुल का निरीक्षण किया। उपायुक्त को वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने कहा कि पुलिया का निर्माण कार्य आज से 7 वर्ष पहले प्रारंभ किया गया था। इस पुलिया के निर्माण होने से ग्राणीणों को गारू जाने के लिए महज 10 कीमी की दुरी ही तय करना पढ़ता। परंतू निर्माण कार्य नहीं होने से 35 किमी की दूरी तय करना पड़ रहा है। पुल निर्माण अधूरा रहने से ग्रामीणों को आज भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आज भी लोग नदी पार कर अपने गंतब्य स्थान तक पहुँचने को विवश हैं। विशेषकर बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर इतना बढ़ जाता है कि विद्यालय जाने वाले बच्चों एवं मरीजों को घंटों तक नदी का पानी उतरने का इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने उपायुक्त से पुल का निर्माण कार्य जल्द कराने का अनुरोध किया। इस मैके पर उप विकास आयुक्त शयद रियाज अहमद, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहु, मुखिया राजेश सिंह समेत कई पदाधिकारी उपस्थियत थे।

# गणेशपुर पंचायत में लगा 'सेवा का सप्ताह' शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरयू।** लातेहार जिले के नवनिर्मित सरयू प्रखंड के गणेशपुर पंचायत में गुरूवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत सेवा का सप्ताह के तहत शिविर का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उप विकास आयुक्त शैयद रेयाज अहमद, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहु, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला लता जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया। शिविर में लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, बीज, जन्म प्रमाण-पत्र, जाति, आय स्थानिय प्रमाण-पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण भी किया गया। शिविर का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि शिविर में आने वाले लोगों के समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई कर समाधान करें। ताकि लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उपायुक्त ने शिविर में आये ग्रामीणों से संवाद कर समस्याओं को सुना साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतू निर्देश दिये। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आशा साहु ने महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों को अन्नप्रासन किया।

# केंद्रों में परीक्षार्थियों की सुविधाएं सर्वोपरि : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट, परीक्षा-2026 के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण संबंधी बैठक आयोजित हुई। बैठक में माध्यमिक परीक्षा में शामिल होनेवाले 8119 परीक्षार्थियों और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 5142 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण पर विचार-विमर्श संबंधित सदस्यों के साथ हुई। बैठक में पेशरार प्रखंड के माध्यमिक वार्षिक परीक्षा में शामिल होनेवाले छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु परीक्षा केंद्र निकट प्रखण्ड किस्को में निर्धारित करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इसी प्रकार कुडू के चिरी में टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर को परीक्षा केंद्र के रूप में चयन करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त एकलव्य आवासीय विद्यालयों में भी संभावित परीक्षा केंद्र की तैयारी हेतु समीक्षा व आवश्यक भौतिक जांच कर लिये जाने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि निर्धारित मानकों का अनुपालन सभी परीक्षा केंद्रों में किया जाये। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, संबंधित सदस्यगण उपस्थित थे।

## 'सरकार आपके द्वार' में मंईयां सम्मान और आवास योजना के लिए उमड़ी भीड़



**किस्को/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पेशरार प्रखंड की रोरद पंचायत में पंचायत भवन के समीप 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' सह सेवा का अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में हजारों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं का 'ऑन द स्पॉट' लाभ उठाया। कार्यक्रम में सबसे अधिक भीड़ मंईयां सम्मान योजना, मनरेगा में ई-केवाईसी और अबुआ आवास के स्टॉल पर देखी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह प्रखंड वरीय प्रभारी मनीष कुमार ने डायन-बिसाही उन्मूलन, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड और नए राशन कार्ड से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से बढ़-चढ़कर आवेदन करने की अपील की। वहीं, अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने जाति, आवासीय, दाखिल-खारिज और भूमि सीमांकन के निपटारे पर जोर दिया। सीओ पंकज कुमार ने आपदा प्रबंधन के तहत किसानों को सतर्क करते हुए बताया कि 29 नवंबर को बारिश होने की संभावना है। उन्होंने अपील की है कि जिन किसानों की धान की कटनी हो चुकी है, वे अपनी फसल को सुरक्षित स्थानों पर रख लें ताकि नुकसान न हो। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की ने ग्रामीणों से छूटे हुए वृद्धा पेंशन आवेदन जमा करने और मनरेगा मजदूरों को अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने बैंक द्वारा संचालित 'जीवन ज्योति बीमा योजना' का लाभ उठाने का अनुरोध किया। मौके पर प्रमुख सीता देवी, जिप सदस्य रीना कुमारी, मुखिया शिवानी उरांव, बीपीआरओ महेश चौहान, बीपीओ तौसीफ इस्लाम, सूरज प्रजापति, धनेश्वर महतो, गौरव कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और प्रखंड-अंचल कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ के भैंसमुंदो चर्च के समीप बीती रात को हुई सड़क दुर्घटना में जहां बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान 18 वर्षीय सुशील उरांव पिता सहदेव उरांव ग्राम भैसमुदो के रूप में हुई है। लोगों ने बताया कि बाइक सवार युवक सुशील घर से बाइक लेकर लोहरदगा कि ओर से आ रहा था। इसी दौरान चर्च के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने शव को पोस्टमाटम नहीं करने दिया। पुलिस ने सारी कागजी प्रक्रिया कर शव को परिजनों को सौप दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी लेते हुए पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो/ लोहरदगा।** कैरो प्रखंड के गुड़ी स्कूल खेल मैदान में को सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन एलआरडीसी सुजाता कुजूर, सांसद सुखदेव भगत के प्रखंड प्रतिनिधि समीद अंसारी, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ कुमारी शीला उरांव सहित अन्य अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कृषि, मनरेगा, पशुपालन, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पशुपालन, मनरेगा, बिजली, जनवितरण प्रणाली समेत अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। वहीं आवास योजना मनरेगा योजना, बिरसा सिंचाई कूप, बागवानी, जन्म मृत्यु, मातृ वंदना, आयुष्मान्य, फसल बीमा आदि के लाभुकों को स्वीकृति अतिथियों द्वारा पत्र दिया गया तथा परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित एलआरडीसी सुजाता कुजूर ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योजनाओ के बारे में जानकारी देते हुए प्राप्त आवेदनों का यथा संभव निष्पादन किया गया। सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी ने कहा कि सेवा का अधिकार एक अधिनियम है जो ग्रामीण जनता को यह अधिकार देती है कि कुछ सार्वजनिक सेवाओ का लाभ हमे तय समय सीमा के अंदर प्राप्त हो यदि पदाधिकारी कर्मी लापरवाही बरतते है, समय पर निष्पादन नही करते हैं तो उनपर नियम संगत करवाई भी हो सकती है। जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव ने कुडुख भाषा मे लोगों को संबोधित करते हुए सरकार ग्रामीण जनता के द्वार पर पहुंचकर योजनाओ का लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है हमे भी जागरूक होकर शिविर में दी जा रही जानकारी को प्राप्त करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों को हर हाल में मिलेगा।

## बिजली चोरी के आरोप में छह लोगों पर केस

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** बिजली विभाग ने अवैध बिजली चोरी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को भंडरा थाना क्षेत्र के पझरी गांव में छापेमारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता मोहम्मद जीशान के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में अवैध रूप से बिजली जलाते पकड़े गए छह लोगों के खिलाफ भंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है और उन पर आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। विभाग ने जिन लोगों पर केस दर्ज किया है, उनमें पझरी गांव निवासी जलेश्वर महतो, भीम महतो, सुकरमनी उरांव, सुनील उरांव, कृष्ण लोहार, सुरेश उरांव शामिल हैं। सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि छापेमारी के दौरान अवैध कनेक्शन में इस्तेमाल किये जा रहे तारों को जब्त कर लिया गया है। इस अभियान में बिरसा उरांव की पत्नी सुकरमनी उरांव पर सबसे अधिक 8803 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित : अंजना दास



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड की गडरपो और जमगाई पंचायतों में गुरुवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सेवा का अधिकार शिविर का आयोजन किया गया। गडरपो पंचायत के सेमरा स्कूल मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह नोडल अंजना दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार और पंचायत मुखिया सुमित उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में बाल विकास परियोजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, श्रम, आपूर्ति और कल्याण जैसे विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। बतौर मुख्य अतिथि, डीपीआरओ अंजना दास ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की जन समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है और उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का प्रयास कर रही है।

## योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दें : राधा तिर्की



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाडू पंचायत में उत्क्रमित उच्च विद्यालय के समीप मैदान में और सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत में पंचायत भवन के पास सेवा अधिकार सप्ताह के तहत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, डीपीएम विमलेश कुमार सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला बीडीओ संग्राम मुर्मू, मुखिया दिलीप कुमार उरांव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पशुधन, बिरसा हरित ग्राम, स्वास्थ्य विभाग, मुख्यमंत्री सवर्जन पेंशन, बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप योजना सहित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। वही जनता दरबार में आमजनों ने अपनी समस्याओं से प्रखंड प्रशासन को अवगत कराया। जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा संचालित विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दें। ग्रामीण जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने और मदद फण्ड के लिए राज्य सरकार सभी पंचायतों में सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के तहत इस बार भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम प्रारम्भ की है। जिस में जाति आय आवासी प्रमाण पत्र, पेंशन के लाभुकों का कार्य शीघ्र कार्यक्रम स्थल किया जा रहा है। वही मनरेगा से सिंचाई कूप के लाभुक को पांवड़ा और कड़ाही तथा किसानों को गेहूं का बीज वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 205 मरीजों का इलाज कर दवा का वितरण किया गया। मौके पर बीपीआरओ सुजीत उरांव, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, पंचायत सचिव आरती चरमाखो पशुपालन डॉ रोहित कुमार, विशाल कुमार, डॉ राजीव कुमार, पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार समेत अन्य प्रखंड और अंचल कर्मी आदि उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति की कार्यकर्ता कार्यशाला संपन्न, संगठन विस्तार का लिया संकल्प

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्री राम समिति, जिला लोहरदगा द्वारा दुर्गा बाड़ी मंदिर, पावरगंज में एक बृहद कार्यकर्ता कार्यशाला समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें संगठन को प्रखंड और पंचायत स्तर पर वृहद रूप देने का संकल्प लिया गया। कार्यशाला में समिति के नगर, प्रखंड, और पंचायत स्तर के महिला-पुरुष संरक्षक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सम्मानित सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान सामाजिक विषयों, विकास कार्यों, तथा पंचायत स्तर पर जन सहभागिता की भूमिका पर गहन मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा कर नयी जानकारी प्राप्त की। उत्साह और ऊर्जा से भरे इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता, संगठन और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान समिति ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को उनके निरंतर सहयोग, समर्पण और समाजहित में किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया। सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से यह सहमति व्यक्त की कि वे मिलकर सदस्यता बढ़ायेंगे और समिति को बृहद रूप से कार्य करते हुए आगे बढ़ायेंगे। समारोह के अंत में जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने अपना मूल्यवान समय देकर आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी नगर, प्रखंड, पंचायतवासियों का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी सभी इसी तरह समाज के विकास, भाईचारे और जागरूकता को मजबूत करने में योगदान देते रहेंगे।

# शिविर में 1500 आवेदन मिले, 60 मामले हुए निष्पादित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत उकामाड और कुचला पंचायत सचिवालय मे गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत सेवा के अधिकार सप्ताह कार्यक्रम का शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन रेशमा रेखा मिंज, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, उकामाड मुखिया पूनम देवी, कुचिला पंचायत की मुखिया सतरोहन सिंह, कैलास सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने लोगों को सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिविर लगने से लोगों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नही लगना पड़ेगा । उन्हों ने कहा कि शिविर में सभी तरह की योजना का लाभ दिया जा रहा है। उकामाड और कुचीला पंचायत लगा शिविर में 1500 सौ आवेदन संग्रहित किया गया। इसमें से दर्जनों का निपटारा आन द स्पाट किया गया। मौके पर सीता सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी वितरण किया गया। मनरेगा के तहत लाभुकों जाब कार्ड वितरण किया गया। बाल विकास परियोजना से बच्चो को स्वेटर का वितरण किया गया।वही शिवर में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गयी। शिवर में 14 विभागों का स्टॉल लगाया गया था। शिविर में सर्वधन पेंशन योजना, विधवापेंश, पेंशन विकलांग पेंशन जाती आय, स्थानीय प्रमाण पत्र, मृत्यु, जन्म प्रमाण पत्र, नामांतरण, बकरी पालन, अबुआ आवास, राशन कार्ड, जाब कार्ड, श्रम कार्ड मंईया सम्मान योजना के लाभुको की अधिक उमड़ी उमड़ी। मौके पर सभी प्रखंड, अंचल स्वास्थ्य समेत अन्य विभाग के कर्मी थे।

# तरहसी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 45 छात्रों का नामांकन, उपस्थिति मात्र 13

शिक्षक को सामान्य ज्ञान की जानकारी नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/ पलामू।** तरहसी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरनाटोला सिलदिलिया में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। यहां नामांकन तो 45 बच्चों का है, लेकिन मात्र 13 से 15 बच्चे ही उपस्थित रहते हैं। मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं बनता है। शिक्षक केश्वरी मांझी को नार्मल सामान्य ज्ञान तक की जानकारी नहीं है। एक शिक्षक के भरोसे पूरा स्कूल संचालित होता है। व्यवस्था को देखने से प्रतीत होता है कि यहां बच्चों का भविष्य गढ़ने के जगह बर्बाद किया जाता है। विद्यालय में पहुंचने पर पाया गया कि बच्चे क्लास में पढ़ाई नहीं होने से बैठे हुए थे। आरोप है कि एकमात्र शिक्षक केश्वरी मांझी पढ़ाने की जगह मोबाइल फोन पर बिजी रहते हैं। मध्याह्न भोजन की जानकारी लेने पर पता चला कि हर दिन दाल-भात बनता है। महीने कभी-कभार अंडा मिल जाए तो यह बच्चों के लिए खुशनसीबी रहती है। यह भी पाया गया कि यहां बच्चों की उपस्थिति नहीं बनायी जाती है। बच्चों ने आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षक केश्वरी मांझी हमेशा दूसरे कामों में व्यस्त रहते है। स्कूल में पढ़ाई नहीं होती। शिक्षक केश्वरी मांझी से जब बातचीत की गयी तो उन्हें साधारण सामान्य ज्ञान की जानकारी नहीं थी। गोलमटोल जवाब देते नजर आए। अब जब शिक्षक को ही सामान्य ज्ञान की समझ नहीं रहे तो वे बच्चों को शिक्षा क्या देंगे। इधर, शिक्षक केश्वरी मांझी ने कहा कि एमडीएम नियमानुसार बनाया जाता है। विद्यालय में एक ही शिक्षक है, इसलिए कभी बीआरसी जाना पड़ता है तो कभी एमडीएम को लेकर व्यस्तता हो जाती है। इस कारण पढ़ाई प्रभावित होती है। विद्यालय में और शिक्षक होने चाहिए।

# नीलांबर-पीतांबर विवि के सभी कॉलेजों को इंटरनेट से जोड़ना पहली प्राथमिकता : कुलपति

अतिथियों ने भवानी प्रसाद मिश्र एवं गांधी दर्शन नामक पुस्तक का किया विमोचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/ पलामू।** रेहला संत तुलसीदास महाविद्यालय के सभागार में गुरुवार को आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी और प्रो (डॉ) श्याम मिश्र के द्वारा लिखित पुस्तक भवानी प्रसाद मिश्रा व गांधी दर्शन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ दिनेश कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि मानवीकी संकाय अध्यक्ष डॉ मनोरमा सिंह, महाविद्यालय के सचिव डॉ शशी नाथ चौबे,पूर्व सैनिक अधिकारी बृजेश शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार सिंह, विनोबभावे विश्वविद्यालय के प्रो शत्रुघ्न पांडेय और नामधारी कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ बृज कुमार मिश्रा ने सामूहिक रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया। इससे पहले कॉलेज की छात्राएं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं कॉलेज की ओर से सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया।

कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों को इनरनेट से जोड़ा जाये ताकि उनके निगरानी में सुविधा हो। इसके लिये अभियान भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में महिला शक्ति की पर्याप्त उपस्थिति है, इसी तरह छात्रों की भी उपस्थिति होना चाहिए। कुलपति ने यह भी कहा कि महाविद्यालय में छात्र- छात्राओं की उपस्थिति होना चाहिए, तभी शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। इसके पहले महाविद्यालय के सचिव डॉ शशिनाथ चौबे ने विषय प्रवेश कराते हुए अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम में विषयवार टॉपर छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रकाशक पवन कुमार श्रीवास्तव, राजाराम सिंह, विजयकांत शुक्ला, अजय शुक्ला, गोरखनाथ पांडेय, शशि रंजन सिंह, रंजन दुबे, डॉ सुनील यादव, डॉ कुमारी संगीता, ज्योति कुमारी, संतोष शुक्ला, टीपी तिवारी, अजय ओझा, अस्मिता पांडेय, शबनम निशा, बिंदा कुमारी, आशा कुमारी, अमीना खातून, देव प्रकाश पांडे सहित काफी संख्या में विद्यार्थी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद में आराध्या ब्यूटी पार्लर खुला



**हुसैनाबाद (आजार सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के हैदरनगर रोड स्थित बक्शी उच्च विद्यालय के समीप आराध्या मेकओवर लेडीज ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इसका उद्घाटन निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि आज की महिलाएं केवल घर के कामकाज तक सीमित नहीं है,बल्कि हर क्षेत्र में अपनी पहचान बढ़ा रहे है। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवसाय से महिलाएं आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बन रही हैं। पार्लर की संचालिका ममता देवी ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में फेसियल,हेयर कटिंग,मेहदी,थ्रेडिंग,दुल्हन सज्जा आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगा। ग्राहकों की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है। महिलाओं को आगे लाने के लिए यह एक छोटा सा प्रयास है। मौके पर उदय पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

# चैनपुर की तीन पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**चैनपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत नेउरा, झरिवा एवं भड़गांवा में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत सेवा का अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा का अधिकार कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य फैयजाल अहमद, प्रभारी प्रमुख सुनील सिंह, मुखिया बबीता देवी, जमीला बीबी, सुनीता देवी एवं पंचायत सचिव जया कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पेंशन,राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा, कृषि सहायता, भूमि धारण, मनरेगा जॉब कार्ड, दीदी बाड़ी, अनुदान, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गये थे, जहां ग्रामीणों ने जानकारी प्राप्त की। कई आवेदनों का ऑन द-स्पॉट निष्पादन भी किया गया। जिला परिषद सदस्य फैयजाल अहमद ने कहा कि सरकार लोगों के दरवाजे तक सेवाएँ पहुंचा रही है, ताकि निर्धारित समय सीमा में आवेदन का निष्पादन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि सभी जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचाने के लिए ये शिविर बेहद महत्वपूर्ण हैं। प्रभारी प्रखंड प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर गांव के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं, क्योंकि कई लाभुक प्रखंड या जिला मुख्यालय नहीं जा पाते। जहां नेउरा पंचायत में 45, झारिवा में 69 और भड़गांवा पंचायत में 35 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 33 आवेदन को ऑन द स्पोर्ट निपटारा किया गया।मौके पर पंचायत सचिव राहुल मेहरा,अनुपम प्रिया,पंचायत समिति बेबी देवी,मुखिया पति आलेहसन अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थें।

# एके सिंह कॉलेज जपला के विद्यार्थियों ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का लिया संकल्प

बाल विवाह जैसी कुप्रथा समाप्त करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : प्राचार्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला में बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सुभग सिंह की अध्यक्षता में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बाल विवाह नहीं करने और इसके रोकथाम में योगदान देने की प्रतिज्ञा ली।

प्राचार्य डॉ राम सुभग सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं को यह संदेश दिया कि वर्तमान समय में स्वयं से ऊपर उठकर समाज के बीच बाल विवाह को रोकने हेतु जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने बाल विवाह को एक सामाजिक अभिशाप बताते हुए कहा कि इससे बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इस सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जीसीआरपी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ।

उपस्थित सभी छात्र-छात्राएं और स्वयंसेवकों ने स्वयं और अपने आस-पड़ोस में बाल विवाह को रोकने के लिए, शपथ लिए और समाज में एक नया संदेश देने का संकल्प किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण तथाजीसीआरपी की सिंधु देवी, लीलावती देवी, चांदनी कुमारी, व्रत देवी, चंदा कुमारी, नेहा कुमारी, प्रिया कुमारी, रीना कुमारी, अनिता देवी और रीना देवी समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

# चोरी की बढ़ती घटनाओं पर लोगों से की सतर्कता की अपील

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा थाना पुलिस ने हाल ही में जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, ठंड के मौसम की शुरुआत के बाद से बाहरी और अज्ञात चोर गिरोह सुनियोजित तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ये अपराधी दिन में इलाके की रेखा-रेकी करते हैं और रात के समय चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने जनप्रतिनिधियों से विशेष आग्रह किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के लोगों को इस मामले में जागरूक करें और अपराधियों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दें। साथ ही क्षेत्रवासियों से अपील की गयी है कि वे अपने मोहल्ले और गांव में आने वाले किसी भी नए या अज्ञात व्यक्ति पर नजर रखें।

# कांग्रेस मीडिया टैलेंट हंट के माध्यम से खोज रही है प्रवक्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** शहर के सेठ भिला निजी आवास में गुरुवार को कांग्रेस के तीन जिला के संयोजक शबाना खातून और अवधेश प्रजापति ने संयुक्त रूप प्रेस वार्ता किया। मौके पर संयोजक प्रजापति ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार मीडिया टैलेंट हंट के तहत पार्टी प्रवक्ता नियुक्ती के लिए प्रतिभा खोज कार्यक्रम पूरे देश में एक साथ चलाया जा रहा है। कहा कि पार्टी का प्रवक्ता बनाने के लिए जिला, प्रखंड और ग्रामीण स्तर से प्रतिभा खोजने का काम किया जा रहा है। प्रवक्ता ऐसा हो जो पार्टी के विचारों को अपने टैलेन्ट के बल पर किसी भी मंच पर मजबूती से रख सके। इसको लेकर सभी संयोजकों को एक लिंक भेजा गया है। कहा कि कांग्रेस के विचारों को चयनित प्रवक्ता अपने टैलेन्ट से हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करेंगे और ज्यादा प्रतिभावान व्यक्ति को राष्ट्रीय प्रवक्ता तक पहुंचने का एक पायदान मिलेगा। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सैफ अहमद, मिडिया प्रभारी गोल्डी खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद राजा, इंटक उपाध्यक्ष अमर शर्मा और कैलाश रजक आदि मौजूद थे।

# मधुपुर शहर के चार वार्डों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के पनाह कोला रोड स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में गुरुवार को वार्ड संख्या 17, 18 एवं 19 एंव 20 के लाभुकों के लिए आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने हेतु अपने-अपने आवेदन फार्म जमा किए। कार्यक्रम स्थल पर राशन,पेंशन, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, मंईयां सम्मान योजना, श्रम कार्ड, विद्युत से संबंधित समस्या, सामाजिक सुरक्षा सहित कई विभागों का स्टॉल लगाया गया था, जहां मौके पर ही लोगों की कुछ समस्याओं का समाधान किया गया और नये लाभुकों का फार्म स्वीकार किया गया। वहीं बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं को कंबल का विवरण किया गया। मौके पर नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू नगर प्रबंधक सुभाष हैंब्रम, अनुज राकेश किस्पोट्टा, झामोमो नगर अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन उर्फ बीके, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फिरोज कैसर, मंत्री स्वास्थ्य प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद उर्फ फैंकु, पूर्व वार्ड पार्षद मुस्ताक अहमद, सनोवर यासमीन, डाक्टर अजमत, मोहम्मद अबरार समेत कई पदाधिकारियों मौजूद थे। वहीं नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू ने कह कि वार्ड क्षेत्र में आयोजित यह कार्यक्रम लोगों की सहभागिता और सक्रियता के कारण काफी सफल रहा। स्थानीय निवासियों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि उनसे जुड़ी अनेक समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर मिल रहा है। मौके पर डॉ मार्गट अंचल कर्मी मोहम्मद खुर्शीद आलम, सुनील कुमार दास, विश्वजीत महतो अंचल अमीन, अभय कुमार नाजीर बाबू, महेंद्र चौकीदार, नगर परिषद कर्मी मिथुन रवानी, मोहम्मद अशफाक, शाहनवाज शाहिद, संजय कुमार, मनीष कुमार, सदानंद राउत, प्रभाकर कुमार, विद्युत कर्मी मिस्टर योगी, सुनील कुमार, मोहम्मद जमील समेत कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# मधुपुर कॉलेज में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सेमिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** अनुमंडल क्षेत्र के मधुपुर कॉलेज में स्वयं सेवी संस्था आश्रय ने जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के सौजन्य से सेमिनार किया इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रत्नाकर भारत, मधुपुर महिला थाना प्रभारी ललिता कुजूर, देवघर डालसा के एडवोकेट ज्योति कर्मशील, मधुपुर कॉलेज के प्रोफेसर अनीता गुहा, डॉक्टर रंजीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में आश्रय के मुजम्मिल हुसैन ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ कर फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित हो कर आश्रय ने कहा कि हम सब आश्रय के पूरे टीम और आप सब के सहयोग से देवघर जिला को एक साल में को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए, सरकारी एजेंसियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम करेंगे। आश्रय ने 100 दिवसीय कार्यक्रम के मद्देनजर पुरे देवघर जिला के स्कूल, कॉलेज और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। उसके बाद प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रत्नाकर भारती ने कहा कि बाल विवाह तो रुकना चाहिए इसके लिए आश्रय का सराहनीय कदम है कि इन्होंने देवघर जिला को बाल विवाह मुक्त के लिए कदम उठाए हैं। उसके बाद महिला थाना प्रभारी ललिता कुजूर ने बताया कि हम सब भी इस कदम को आगे लेकर जाएंगे और बाल विवाह मुक्त भारत को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। एडवोकेट श्रीमती ज्योति कर्मशील ने भी बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर कहा कि हमसे भी जो सहयोग होगा करेंगे। प्रोफेसर अनीता गुहा ने कहा कि बाल विवाह नहीं हो नी चाहिए इसके लिए प्रत्येक स्कूल व कॉलेज में कार्यक्रम करने कि जरूरत है। डॉक्टर रंजीत जी ने कहा कि देश में बाल विवाह होने से बच्चियों की पढ़ाई छूट जाती है।

# सरकार आपके द्वार शिविर में लाभुकों की उमड़ी भीड़, 250 आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/ पलामू।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सलैया पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष दर्ज करायी। कैंप नोडल पदाधिकारी शिवशंकर चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर करीब 250 आवेदन लिए गए। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस एवं ग्राम संगठन की महिलाओं ने 10 गरीब, असहाय व दिव्यांग लाभुकों को पोषण किट, आई-कार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाल विकास परियोजना की ओर से एक गर्भवती महिला की गोद भराई और एक बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। वहीं खाद्य आपूर्ति विभाग ने 20 कार्डधारियों को राशन कार्ड निर्गत करने के लिए आवेदन और 105 लाभुकों को धोती-साड़ी बांटी। मनरेगा के स्टॉल पर दर्जनाधिक मजदूरों को जॉब कार्ड दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के डॉ अनीस जौहर द्वारा बीपी, शुगर, हिमोग्लोबिन की जांच कर 150 मरीजों को जांच कर मुफ्त दवा दिया गया। मौके पर सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ हर पात्र लाभुक तक पहुंचाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मुखिया कमला देवी, एमओ ब्रजेश कुमार, प्रधान सहायक प्रभाकर प्रेम सिंह, अंचल के प्रभाकर कुमार,समाजसेवी सनोज गुप्ता, डॉ. अनीश जौहर, सीएचओ बबलू कुमार, एएनएम संगीत कुमारी, रंजीत कुमार, संजू चंद्रा, जेंडर सीआरपी संजू कुमारी, पैक्स अध्यक्ष रामनंदन यादव, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव, रेशमी देवी, एजीएम सच्चिदानंद राम, सुनैना देवी, बागवानी सखी जयमाला कुमारी सहित सैकड़ो आजीविका सखी मंडल की महिलाएं मौजूद थे।

# संविधान का ज्ञान जीवनभर रहता है साथ : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय डालटनगंज द्वारा गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर (पलामू) में संविधान दिवस 2025, जनजातीय गौरव दिवस और एक पेड़ मा के नाम के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चित्र प्रदर्शनी के समापन समारोह में वक्ताओं ने कहा कि संविधान भारतीय महा का आधार और इतिहास प्रेरणा का स्रोत है।

कार्यक्रम में पलामू के उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व पर प्रेरित करते हुए कहा कि संविधान का ज्ञान अर्जित करना प्रत्येक नागरिक की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अच्छी बातों को आत्मसात करने से वे जीवनभर साथ रहती हैं। उन्होंने डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर संविधान से संबंधित सामग्री एवं एपिसोड देखने की सलाह दी तथा बताया कि पलामू का इतिहास स्वतंत्रता संग्राम और संविधान सभा से जुड़ा हुआ है, जो यहां के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रो केके मिश्रा ने राष्ट्र निर्माण में नागरिक के कर्तव्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अधिकारों की रक्षा के लिए कर्तव्यनिष्ठ होना अनिवार्य है। उन्होंने संविधान को जीवन का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि यह केवल अधिकार नहीं देता, बल्कि मर्यादा, कर्तव्य और अनुशासन का भी बोध कराता है। उन्होंने बताया कि पलामू से दो सदस्य संविधान सभा में शामिल थे तथा महान स्वतंत्रता सेनानी अशफाकउल्ला खान का पलामू से गहरा जुड़ाव रहा है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रभात मिश्रा 'सुमन' ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पलामू के स्वतंत्रता संग्राम, स्थानीय क्रांतिकारियों और संविधान सभा में जिले की भूमिका का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पलामू की धरती हमेशा संघर्ष व साहित्य-सृजन की केंद्र रही है। कांस फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित अरण्येर दिनरात्रि फिल्म की शूटिंग पलामू में हुई थी। जन-गण-मन तथा वंदे मातरम के रचनाकारों का पलामू से संबंध रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानी स्व. नीलकंठ सहाय के पुत्र अमित सहाय तथा जेपी रॉय के पुत्र गौतम रॉय को शॉल और स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त बंगीय दुगाबाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा एवं सचिव दिवेंदु गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।

अति रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन दिव्यता और भक्तिभाव से सराबोर

# 108 कुंडों में आहुतियों से गूंज उठी बाबा की नगरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवी संपत मंडल के तत्वाधान में आयोजित अति रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आज दूसरा दिन भक्तिभाव, आध्यात्मिक उल्लास और दिव्य अनुष्ठानों से पूरी तरह सराबोर रहा। सुबह से ही नगर का वातावरण मंत्रोच्चारों और शंखध्वनि से गूंज उठा। बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्ग श्रद्धालुओं का सैलाब देवघर परिक्रमा मार्ग पर उमड़ पड़ा। विशेष रूप से महिलाओं की भारी भागीदारी ने पूरे आयोजन को और भी भक्तिमय बना दिया। अति रुद्र महायज्ञ के अंतर्गत अरणी मंथन से प्रज्वलित की गयी पवित्र अग्नि को आज 108 कुंडों में विधिवत स्थापित किया गया। दसों दिशाओं तथा चारों मुख्य द्वारों के पूजन के साथ ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार शुरू हुआ। 108 ब्राह्मणों ने 108 यजमानों तथा उनकी पत्नियों के साथ भगवान शिव को आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ स्थल पर चारों ओर गूंजते ॐ नमः शिवाय के स्वर वातावरण को हर पल और पवित्र बनाते रहे। दोपहर 3 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित रमाकांत मिश्रा (दिल्ली) ने अपने सरस, मधुर और भावपूर्ण संगीत के साथ उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा रस में डुबो दिया। कथा के दौरान परीक्षित-शुक संवाद, वराह अवतार, कपिल देव-होती संवाद के प्रसंगों के साथ शिव-पार्वती चरित्र का अद्भुत वर्णन किया गया। कार्यक्रम के बीच शिव और पार्वती की आकर्षक जीवंत झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रात्रि 7 बजे से शुरू हुए सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में विश्वविख्यात भजन गायक सुनील मिश्रा ने भगवान शंकर, श्रीराम और श्रीकृष्ण की वंदना करते हुए कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। उनके भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक नाचते, गाते और झूमते रहे। पूरा परिसर अलौकिक ऊर्जा और भक्ति से परिपूर्ण दिखा। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि महा निर्वाणीअखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती जी महाराज का आगमन रहा। उनके 4 दिसंबर तक आशीर्वचन देने की घोषणा से श्रद्धालुओं में उत्सुकता और बढ़ गयी है।

# नशे में धुत बेटे ने पिता पर किया चाकू से हमला



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टोटो थाना क्षेत्र के फोरी निवासी सत्यनारायण महतो (50) पर उनके ही बेटे सूरज महतो (24) ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे सत्यनारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद सूरज मौके से फरार हो गया। उधर, परिजनों ने घायल सत्यनारायण को तुरंत गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की दोपहर 12 बजे सत्यनारायण धान लाद कर रहे थे। तभी नशे में धूत होकर सूरज वहां पहुंच गया। इससे नाराज पिता ने खून फटकार लगायी। पर कलयुगी बेटे को पिता की डांट नागवार गुजरी और वह वहां से चला गया। उधर, काम खत्म कर जब सत्यनारायण घर पहुंचे, तो सूरज भी पीछे-पीछे घर आया और अचानक पिता पर चाकू से वार कर फरार हो गया। पेट सत्यनारायण के पेट में लगी और खून से लथपथ हो कर वह वहीं गिर पड़ा। बतातें चलें कि कुछ दिन पहले सूरज की बाइक खराब हो गई थी, जिसे वह गैरेज में देकर आया था। पिता ने उसे समझाया था कि उसे धान बेचने दे। कमानी होने पर उसकी बाइक की मरम्मत करवा देगा। पर बेटा इसी बात से नाराज चल रहा था। पुलिस फरार आरोपी बेटे की तलाश में जुटी है।

## चैनपुर पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाया विशेष अभियान, शराब-महुआ को किया नष्ट



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला एसपी के दिशा-निर्देश पर चैनपुर पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान शुरू किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चैनपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन बरवे रोड बाजार ताड़ सहित कई संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी और बड़े पैमाने पर अवैध हड़िया, महुआ शराब को विनष्ट किया। इस बाबत नंदकिशोर महतो ने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 40 से 50 लीटर अवैध शराब नष्ट की गई है। वहीं, पुलिस की इस कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की है। स्थानीय प्रबुद्धजनों का मानना है कि साप्ताहिक बाजार (गुरुवार) के दिन अक्सर नशे की हालत में युवाओं द्वारा वाहन चलाने से गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। पुलिस की इस मुहिम से न केवल अवैध बिक्री पर रोक लगेगी, बल्कि सड़क हादसों में भी कमी आएगी, जिससे लोग सुरक्षित अपने परिवार के पास लौट सकेंगे।

## यातायात नियमों की अनदेखी, 12 बाइक जब्त



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने को लेकर चैनपुर पुलिस ने गुरुवार को एक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। बस स्टैंड के समीप चलाए गए इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुए 12 बाइक जब्त की। इस बाबत नंदकिशोर महतो ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। पुलिस का यह कदम सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## शिक्षिका के गुम मोबाइल को चैनपुर पुलिस ने लौटाया




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** साप्ताहिक बाजार में एक शिक्षिका के गुम हुए मोबाइल फोन को पुलिस की तत्परता से कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया गया। शिक्षिका ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार, चैनपुर कन्या मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका तपेश्वरी बाई चैनपुर साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गई थीं। इसी बीच उनका मोबाइल फोन गुम हो गया। प्रधानाध्यापिका ने बाजार में काफी खोजबीन की, लेकिन फोन नहीं मिला। इसके बाद, इसकी सूचना चैनपुर थाने को दी और मोबाइल गुम होने का एक लिखित आवेदन किया। जिसके बाद चैनपुर पुलिस ने बिना समय गंवाए कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस टीम ने कुछ ही घंटों के भीतर गुम हुए मोबाइल फोन का पता लगा लिया और उसे बरामद कर लिया। जिसे बाद में एएसआई नंदकिशोर कुमार एवं निर्मल राय ने संयुक्त रूप से प्रधानाध्यापिका तपेश्वरी बाई को उनका मोबाइल फोन सौंप दिया। उधर, मोबाइल वापस पाकर प्रधानाध्यापिका तपेश्वरी बाई ने चैनपुर पुलिस-पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। कहा कि मेरे मोबाइल फोन में स्कूल से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कागजात और डेटा थे। बाजार में फोन गुम होने के बाद बहुत चिंतित थी। पुलिस कर्मियों, विशेषकर एएसआई नंदकिशोर कुमार और निर्मल राय, ने फोन ढूंढकर वापस लौटा कर सराहनीय काम किया है।

## पालकोट में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दो पंचायतों पालकोट उतरी और पालकोट दक्षिणी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाते हुए शत-प्रतिशत लाभ देने की पहल की गयी। इस दौरान प्रखंड, अंचल, स्वास्थ, शिक्षा, बिजली, पेयजल और पशुपाल सहित विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर आम नागरिकों को लाभ देने की पहल की गयी। इस मौके पर पालकोट उतरी पंचायत के 11 लोगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण बीडीओ विजय उरांव ने किया। इसके बाद पालकोट उतरी के मुखिया अनिल भगत एवं पंचायत सचिव राजकुमार पुरी ने स्वास्थ विभाग के स्टॉल में एक शिशु को अंनप्रसन कराया। साथ ही 10 वृद्ध महिला-पुरुषों को सोना सोबरन धोती साड़ी लुंगी योजना के तहत धोती-साड़ी का निःशुल्क वितरण किया गया। वहीं, अबुआ आवास के तहत 105 लोगों ने आवेदन मिले। नया राशन कार्ड के लिये 40 लोगों ने आवेदन दिया। जबकि मंइयां सम्मान योजना के तहत 60 लोगों ने नये सिरे से आवेदन दिया। इसके बाद जाति,आय एवं आवासीय का 75 लोगों का आवेदन लेते हुए तत्काल निष्पादन किया गया। इस मौके पर मुखिया जंसिता मिंज, पंसस शांति देवी, जनसेवक हेनरी इग्नाशियुस एक्का, पंचायत सचिव मल्लिका गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि भूषण सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुसीबत का सबब बनने लगा सिसई का 'साप्ताहिक बाजार'

## थाना रोड में भीड़ भाड़ घंटों जाम में फंसे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड मुख्यालय के थाना रोड स्थित बाजार टांड़ में प्रत्येक गुरुवार को लगने वाले 'साप्ताहिक बाजार' मुसिबत का सबब बनने लगा है। यहां खरीदारी के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ के कारण भारी जाम लग जा रही है, जिससे लोग काफी परेशान हो रहे हैं। गुरुवार को भी 'साप्ताहिक बाजार' के चलते थाना रोड करीब एक घंटा से अधिक समय तक जाम रहा, जिस कारण स्कूली बच्चों एवं प्रखंड क्षेत्र के दूर दराज से आए लोग जाम से कराहते रहे। बताते चलें कि प्रखण्ड मुख्यालय का बड़ा बाजार होने के कारण 18 पंचायतों के सैकड़ों गांवों से हजारों लोग बाजार हाट करने आते हैं। ग्रामीण अपनी जरूरतों के मुताबिक सप्ताह भर का जरूरी सामान खरीदकर ले जाते हैं। बाजार में आने-जाने के लिए एकमात्र सड़क थाना रोड है, जहां चौक से लेकर थाना गेट के पास तक दोनों तरफ दुकानों की लंबी लाइन लगी होती है। वहीं, दुकानदार अपने दुकान के सामान बिक्री के लिए फुटपाथ पर रख देते हैं। जिससे सड़क और भी संकरी हो जाता है और भीड़ काफी बढ़ जाती है जिससे रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है और सड़क पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। इस कारण पैदल चल रहे लोगों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। पास में ही आधा दर्जन से अधिक सरकारी एवं निजी विद्यालय भी हैं। जब स्कूल से छुट्टी होती है तो सड़क पर स्कूली बच्चों की भीड़ अलग होती है और बाजार की भीड़ अलग जिस कारण लंबा जाम लग जातै है। इस बाबत सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि इससे संबंधित अधिकारी के साथ बातचीत कर समस्या का समाधान निकाला जाएगा। जरूरत पड़ने पर सड़क को वन वे भी किया जा सकता है। वहीं, सीओ अशोक बड़ाइक से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क एवं फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और फाइन भी वसूला जाएगा। बहुत जल्द सिसई वासियों को जाम से छुटकारा दिलाने का काम होगा।

## सिसई में अवैध कब्जाधारी दुकानदारों के खिलाफ जल्द शुरू होगी कार्रवाई : सीओ

# गुमला जिले में 24 घंटे में फांसी लगा तीन लोगों ने की आत्महत्या

## तीनों ही मामले में मृतकों की मानसिक स्थिति नहीं थी ठीक

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक किशोर की फाइल फोटो।

**गुमला।** जिले में एक ही दिन में फांसी लगाकर तीन अललग-अलग जगहों पर तीन लोगों द्वारा आत्महत्या कर लिये जाने का मामला सामने आया है। उनकी पहचान सहाय मिंज (35), सुरेश उरांव (29) और राज कुमार उरांव (16) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना गुमला शहर से सटे दुंदरिया में गुरुवार की सुबह छह बजे घटित हुई। यहां रहने वाला रायडीह थाना क्षेत्र के तुरी डीह गांव निवासी सहाय मिंज झारखंड से बाहर दूसरे प्रदेश में मजदूरी का काम करता है। बुधवार को वह बस से गुमला पहुंचा था। जिसके बाद वह अपने एक रिश्तेदार दुंदरिया निवासी विलियम तिर्की के घर रात में रुक गया। वहीं, गुरुवार की सुबह उसने फांसी लगा ली। वह अविवाहित था। इसकी सूचना पाकर मृतक के पिता और भाई गुमला पहुंचे, लेकिन वे भी आत्महत्या को लेकर कुछ नहीं बता पाये। उधर, पुलिस की मानें तो मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। उसने 112 नंबर में डायल कर पांच लोगों द्वारा उसका पीछा करने की बात पुलिस को बताई थी। वह थाना भी गया था इसके बाद शाम होने पर अपने रिश्तेदार के यहां चला गया। दूसरी ओर, गुमला प्रखंड के टोटो थाना क्षेत्र के खरका निवासी सुरेश उरांव ने इस दिन सुबह नौ बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पाकर टोटो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, मृतक के छोटे भाई सुरेंद्र उरांव ने कहा कि सुरेश का कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसकी दवा भी चल रही थी। सुबह में सभी घर के सदस्य धानकटनी में गये थे। इसी बीच घर में खुद को अकेला पाकर उसने गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जबकि, तीसरी घटना, घाघरा प्रखंड के कोहीपा में घटित हुई। दीपा टोली निवासी राज कुमार उरांव ने बुधवार की दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। उधर, मृतक के बड़े पिता बुड़ना उरांव ने बताया कि राज कुमार गुरदरी के कंदापाट आवासीय विद्यालय का 10वीं का छात्र था। वो विद्यालय के हास्टल में रह कर पढ़ाई करता था। मंगलवार को उसके सिर में तेज दर्द होने के कारण छुट्टी लेकर घर आ गया। उसके बाद उसे गुमला अस्पताल में डाक्टर से दिखवाया गया। घर आने के बाद वो खाना खाकर सो गया। बुधवार की सुबह सब ठीक था। पर दोपहर में घर में कोई नहीं था उसी समय राजकुमार ने मोफलर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## विशनपुर के नरमा में सरकार आपके द्वार का आयोजन, मिले 400 आवेदन



**विशनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरमा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। जिसमें बीडीओ सुलेमान मुंडरी, प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव और पंचायत प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित थे। इस शिविर का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक सीधे पहुंचाना और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से कुल 400 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें पेंशन, राशन कार्ड, आवास, आय प्रमाणपत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं एवं अन्य जनहितकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन शामिल थे। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान शिविर में तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की गयी। जिसके माध्यम से मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। साथ ही 15 लाभुकों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया, जिससे उन्हें वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

## मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठा रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की अगुवाई में गुरुवार की दोपहर 12 बजे चंडाली स्थित समाहरणालय भवन के मुख्य द्वार के समीप अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया। इस दौरान संगठन के लोगों ने शिक्षा विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी करते हुए अपने लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की। संस्था की जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि जिलेभर की रसोईया का बकाया मानदेय राशि शीघ्र भुगतान किया जाए। जिन रसोइयों की उम्र 60 वर्ष हो गयी है उसके बेटी, बहु या परिवार के सदस्यों को ही उसके स्थान पर काम पर रखा जाए। वहीं, संयोजिका को उसकी हर जिम्मेवारी मिलनी चाहिए। रसोईया राखी देवी, प्रतिमा देवी, मीना देवी, सिलीना उराईन, फौली देवी, असारी देवी, अंजेला बेक, कोनो उरांव, कांति देवी, सुभद्रा देवी सहित अन्य रसोईयों का मानदेय वर्षों से बकाया है। जिसका अविलंब भुगतान किया जाए। इसके अलावा जिले भर के रसोईया के विद्यालय में काम करने के दौरान जलने पर उपचार का खर्च राशि शिक्षा विभाग की ओर से दी जाए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति, अनिता देवी, एलिस एक्का, सीमा देवी, अनिता उरांव आदि मौजूद थे।

## सिसई की तीन पंचायतों में सरकार आपके द्वार के के तहत 'सेवा का अधिकार' सप्ताह का आयोजन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायत बोंडो, नगर एवं ओलमुंडा में गुरुवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 'सेवा के अधिकार' सप्ताह का आयोजन हुआ। जिसमें 24 विभागीय स्टॉल लगाये गये थे। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा पंचायत एवं ग्राम स्तर पर संचालित सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए उनके लाभों के बारे में बताया गया। वहीं, बीडीओ रमेश कुमार यादव ने बारी-बारी से सभी स्टॉल का निरीक्षण कर कर्मियों को दिशा निर्देश दिया। इस दौरान तीनों शिविरों में अबुआ आवास, मनरेगा, राजस्व, आपूर्ति, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा, बाल विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग,श्रम विभाग,निर्वाचन सहित विभिन्न विभागों से कुल 2365 आवेदन मिले, जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए 1167 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। साथ ही लाभुकों के बीच धोती साड़ी, जॉब कार्ड, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा सावित्री बाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत प्रखंड प्रमुख, बीडीओ एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बालिकाओं के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख मीना देवी, सीओ अशोक बड़ाइक, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, बोन्डों पंचायत मुखिया सोनी तिर्की, नगर मुखिया रवि उरांव, ओलमंडा के मुखिया शांति लकड़ा, कल्याण पदाधिकारी शैलेश कुमार यादव आदि थे।

## चैनपुर में 'सेवा का अधिकार सप्ताह' और 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को 'सेवक का अधिकार सप्ताह' और 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ ओलिभा कांता कुजूर, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश कुमार, मुखिया शोभा देवी और सचिव संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को उनकी योजनाओं का सीधा लाभ मिले। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शिविर में आकर आवेदन दें, ताकि उनका त्वरित निष्पादन कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जा सके। वहीं, सीओ दिनेश गुप्ता ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कहा कि शिविर में जाति, आवासीय, आय, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, मोटेशन, पंजी-२ और अन्य योजनाओं का सीधा लाभ दिया जा रहा है। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने ग्रामीणों को बेझिझक आवेदन देने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें। वहीं, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने और जानकारी पहुंचाने के लिए ही 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत की है। कार्यक्रम का समापन मुखिया शोभा देवी और पंचायत सचिव संतोष कुमार ने किया। इस मौके पर उप प्रमुख प्रमोद खलखो, मुखिया शोभा देवी, पंचायत सचिव संतोष कुमार, लक्षण राम, राममोहन साहू, विश्वकर्मा मिंज, जनसेवक बिश्वराम केवट, बीटीएम राजनेंद्र तिर्की, रोजगार सेवक सहित आंगनबाड़ी सेविका, सहिया स्वस्थ और प्रज्ञा केंद्र संचालक कर्मी मौजूद रहे।

## कामडारा के सालेगुटु में सरकार आपके द्वार का आयोजन

# सरकारी कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ों छात्र-छात्राएं अधिकारियों से की शौचालय निर्माण की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**कामडारा।** प्रखंड क्षेत्र के सालेगुटु पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरहाटोली के छात्र-छात्राओं ने अधिकारियों को एक आवेदन सौंपते हुए विद्यालय में यथाशीघ्र शौचालय बनाने की मांग रखी। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरहाटोली में वर्ग प्रथम से लेकर कक्षा 10वीं तक की पढ़ाई होती है। इस विद्यालय में वर्तमान में कुल 320 छात-छात्राएं अध्ययनरत हैं। पर विद्यालय के चाहरदीवारी के अंदर शौच की कोई व्यवस्था नहीं है। हालांकि पूर्व मे एक शौचालय बनाया गया था, लेकिन उसकी स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। जिस कारण छात्र-छात्राओं को शौच के लिये बाहर जाना पड़ता है। उधर, गुरुवार को सालेगुटु पंचायत मुख्यालय में शिविर लगने की खबर लगते ही विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एकजुट होकर शिविर में पहुंचे और अधिकारियों को अपनी समस्या बताते हुए आवेदन सौंपा। इसके बाद यथाशीघ्र विद्यालय में शौचालय बनवाने की मांग की। आवेदन सौंपने वालों में विद्यालय बाल संसद के अलमा होरो, मुस्कान कुमारी, अनुराधा कुमारी, आंचल रानी, नेहा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, श्वेता कुमारी, किरण कुमारी, कृति कुमारी, सुस्मिता होरो और खीस्टीना होरो सहित 50 छात्र-छात्राएं शामिल थे।

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग**

सामयिक सूचना अंक 07/वर्ष– 2025–26

**कृषक भाई/बहनों हेतु आवश्यक सूचना**

रामगढ़ जिलांतर्गत सभी कृषक भाई/बहनों को सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के राज्यादेश संख्या–03/कृ0रा0यो0–07/2023–37/कृ0, दिनांक– 23.07.2025 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादकता को बढ़ाने हेतु फसल सुरक्षा योजना अंतर्गत निम्नवत् आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है:–

| क्र0सं0 | कार्य अवयव | लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रक्षेत्र प्रत्यक्षण | 76 हेक्टेयर | |
| 2. | कीटनाशी विक्रेता हेतु प्रशिक्षण | संख्या–01 | कीटनाशी विक्रेता हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कीटनाशी का लाईसेंस आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 3. | कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम | संख्या–01 | प्रति कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन में कम से कम 50 कृषक अनिवार्य है। |
| 4. | जिला स्तरीय युवा कौषल संवर्धन प्रशिक्षण | संख्या–01 | जिला स्तरीय युवा कौषल संवर्धन पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु अधिकतम कृषक की संख्या 20 है। कृषक की अधिकतम उम्र 40 वर्ष होगी। |
| 5. | पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण | संख्या–34 | पंचायत स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण हेतु प्रति प्रशिक्षण अधिकतम कृषक की संख्या 30 है। कृषक की अधिकतम उम्र 50 वर्ष होगी। |

योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह अपना आवेदन पंचायती राज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि/जिला परिषद् सदस्य से अनुशंसा कराकर आवश्यक कागजात तथा पहचान पत्र/आधार कार्ड/बैंक पासबुक विवरणी/मोबाईल नंबर/जमीन का रकबा के साथ पूर्ण विवरणी संलग्न करते हुए आवेदन पत्र दिनांक – 08.12.2025 के संध्या 5:00 बजे तक न्यु कलेक्ट्रेट परिसर ब्लॉक–सी, छतरमांडु अंतर्गत आत्मा के कार्यालय में जमा कर सकतें है।

लाभुक का चयन पहले आओं–पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

अनुदान हेतु लाभुक चयन के लिए निम्नांकित न्युनतम मापदण्ड आवश्यक होगा–

1. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं सभी कागजात के साथ होगा।
2. आवेदन की प्रति मुखिया अथवा अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा अनुशंसित किया हुआ हो।
3. आवेदक द्वारा पूर्व के तीन वर्षों तक इस योजना कार्य अवयव का लाभ नहीं लिया हो।
4. आवेदक के पास पर्याप्त भूमि हो तथा सब्जी, फल, फुल आदि की खेती करते हो।
5. आवेदक द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित आवेदन ही स्वीकार्य होगा।
6. लाभुक के चयन में FPO /प्रगतिशील कृशकों/महिला स्वयं सहायता समूह/सिंचाई सुविधा युक्त कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
7. विशेष परिस्थिति में किसी भी आवेदन को स्वीकृत करना या रद्द करने का अधिकार कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग के पास सुरक्षित रहेगा, जिसपर किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

योजना की विस्तृत जानकारी आत्मा कार्यालय, रामगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीगबाग

PR 367254 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (25-26)_D

# फेक आधार कार्ड रैकेट का खुलासा, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** फेक आधार रैकेट का बड़ा खुलासा तब हुआ जब मुनीडीह ओपी पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड तैयार कराने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने चंदन नामक युवक को गिरफ्तार किया है, जो बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार वक्ऊ बनवाने में सहायता करता था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, चंदन बोकारो जिले के आदर्श नगर का रहने वाला है। उसने अपने घर के पास ही आधार कार्ड बनाने का एक अवैध सेंटर खोल रखा था, जहां वह दस्तावेजों में हेरफेर कर बांग्लादेशी नागरिकों के लिए पहचान पत्र तैयार कराने का काम करता था। इस सेंटर पर अवैध गतिविधियों के चलते कई संदिग्ध दस्तावेज भी मिले हैं, जो फेक आधार मामले को और गंभीर बनाते हैं।

इस पूरे नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब उत्तम कुमार सिन्हा नामक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले का निवासी है। उसके पास से चोरी की बाइक, मोबाइल फोन, बांग्लादेशी बांग्ला लिंक का सिम कार्ड, दो विदेशी सिम, मो मसूद राणा की चार फोटो और बांग्लादेशी आइडी कार्ड बरामद किये गये थे।

पूछताछ में उत्तम ने बताया कि चंदन बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में अवैध पहचान दिलाने के लिए फर्जी आधार कार्ड बनवाता था। इसी आधार पर पुलिस ने चंदन को दबोचा और अब पूरे नेटवर्क की गहन जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कितने बांग्लादेशी नागरिकों के आधार कार्ड तैयार किए जा चुके हैं और इस रैकेट में और कौन शामिल है।

# बीएसएल में आपात स्थितियों से निपटने के लिए मॉक-ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल में गैस रिसाव को लेकर वृहद पैमाने पर मॉकड्रिल आयोजित किया गया जिसमे बीएसएल के कई विभागों जैसे गैस सेफ्टी (इएमडी), सेफ्टी, ब्लास्ट फर्नेस, प्लांट कंट्रोल, चिकित्सा सेवाएं, बीएसएल सिक्योरिटी इत्यादि के अलावा सीआइएसएफ, जिला-प्रशासन और एनडीआरएफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। गैस स्राव के किसी आपदा में तैयारियों का जायजा लेने के लिए किये गये। इस मॉकड्रिल में ऐसी आपदा से निपटने के लिए परिचालनीय तैयारी, त्वरित प्रक्रिया का समय, सम्बंधित एजेंसियों को दुर्घटना संबंधी सूचना की संप्रेषणीयता, चिकित्सीय व्यवस्था की मुस्तैदी और एकाधिक एजेंसियों के शामिल रहने की स्थिति में उनके बीच के समन्वय और कमान-श्रृंखला जैसे कई पहलुओं की परख हुई ताकि समय आने पर बचाव अभियान सुचारु रूप से सफल हो सके।



प्रातः लगभग 11 बजे से शुरू हुई ये मॉकड्रिल डेढ़ घंटे तक चली। मॉकड्रिल में इस तरह के आपात स्थिति को निपटने के लिए रही तैयारी के सभी प्रमुख बिंदु संतोषजनक पाये गये। मॉकड्रिल के दौरान चिन्हित स्थानों पर नियुक्त पर्यवेक्षकों ने मॉकड्रिल के परिणामों की चर्चा के लिए बुलायी। बैठक में अपने अवलोकनों को एक दूसरे के साथ साझा किया। इस मॉकड्रिल के दौरान बोकारो इस्पात संयंत्र तथा जिला प्रशासन के सभी वरीय अधिकारी यथा जिला उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, अधिशासी निदेशक (वर्क्स) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) अनूप कुमार दत्त, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, एसडीएम चास प्रांजल ढाडा सहित बोकारो इस्पात संयंत्र एवं जिला प्रशासन के अन्य वरीय अधिकारी घटना की तैयारी के लिए बने इंसिडेंट पोस्ट पर मौजूद रहें। मॉकड्रिल के सफल संचालन के पश्चात जिला आपदा पदाधिकारी शक्ति कुमार, सीआइएसएफ और एनडीआरएफ के 9वीं बटालियन के वरीय अधिकारीयों ने भी अपने प्रेक्षणों से सबों को अवगत कराया। ज्ञातव्य हो कि बोकारो इस्पात संयंत्र झारखण्ड ही नहीं बल्कि पुरे पूर्वी भारत की एक प्रमुख औद्योगिक इकाई है। इस्पात संयंत्र होने के नाते ये एक थर्मो-सेंसिटिव इकाई है जहां रासायनिक खतरों के तत्व विद्यमान होते है। इसी के मद्देनजर एनडीआरएफ समय-समय पर यहां सीबीआरएन मॉकड्रिल अभियान चलाती है

# मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का प्रशिक्षण शिविर लगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी धनबाद जिला कमिटी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर अग्रवाल धर्मशाला झरिया में गुरुवार को शुरू हुई। प्रशिक्षण शिविर 28 नवंबर तक चलेगी। प्रारंभ में शहीद वेदी पर माल्यार्पण किया गया। आज का प्रशिक्षण शिविर दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में राजनैतिक शब्दावली तथा द्वितीय सत्र में वैचारिक हमलों की चुनौतियां विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षण शिविर का उद्घाटन राज्य कमिटी सदस्य कामरेड रामकृष्ण पासवान ने करते हुए कहा कि आज के दौर में जब मजदूर और किसानों पर चौतरफा हमला हो रहा है, तब हमें वैचारिक रूप से मजबूत होकर संघर्ष के मैदान में उतरना होगा।

डॉ काशीनाथ चटर्जी ने प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष के मैदान में उतरने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है।

जिला सचिव कामरेड विकास कुमार ठाकुर ने प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता की। शिक्षक के रूप में राज्य कमिटी के सचिव मंडल सदस्य कामरेड समीर दास, कुमार सत्येंद्र तथा रवि सिंह मौजूद थे।

# सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** पदुगोड़ा पंचायत में सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित शिविर आपके द्वार, सर्वजन की सरकार कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन जमा कर लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त किया। शिविर का शुभारंभ बाघमारा वीडियो लक्ष्मण यादव एवं पंचायत के मुखिया महेश पटवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या 498 रही, जिसमें राशन कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, मईया सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, दीदी बाड़ी योजना सहित कई जनोपयोगी योजनाओं से संबंधित आवेदन शामिल थे। सभी स्टॉलों पर अधिकारियों एवं कर्मियों को तैनात कर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बाघमारा प्रखंड पदाधिकारी लक्ष्मण यादव ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा लाभुकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनके अनुभव और समस्याएँ जानीं। शिविर में पात्र लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्नप्राशन एवं गोदभराई जैसे सामाजिक मांगलिक समारोह भी पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बीडीओ लक्ष्मण यादव ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होती हैं जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। हमारा प्रयास है कि किसी भी ग्रामीण को सरकारी सेवाओं के लिए भटकना न पड़े। शिविर आपके द्वार के माध्यम से हम प्रशासन को जनता के निकट ला रहे हैं, ताकि हर पात्र परिवार को उसका हक और सम्मान समय पर मिल सके।



# गोमो स्टेशन में आरपीएफ जवान की मौत पर रेल मंत्रालय ने जांच के दिये आदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** हावड़ा गया रेलखंड के गोमो रेलवे स्टेशन पर बीती रात हुए दर्दनाक हादसे में आरपीएफ हेड कांस्टेबल श्रीपती बास्की की मौत ने रेलवे प्लेटफॉर्म निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं।

मिडिया ने प्लेटफॉर्म की टूटी-फूटी स्थिति निर्माण कार्य में लापरवाही, और वर्षों से लंबित मरम्मत के गंभीर मुद्दों को बेबाकी से उजागर किया रिपोर्ट में यात्रियों की पीड़ा, सुरक्षा खतरे, और ठेकेदारों की गैर-जिम्मेदारी का साफ चित्रण था। जो प्रशासनिक स्तर पर तेजी से फैलते ही उच्चाधिकारियों की नजर इस मामले पर गयी।

खबर चलने के बाद रेल मंत्रालय, भारत सरकार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए और हादसे की विस्तृत जांच के आदेश भी जारी किये जा रहे हैं। रेल मंत्रालय के इस कदम के बाद स्थानीय प्रशासन और रेलवे इंजीनियरिंग विभाग में हलचल तेज हो गयी है। अब प्लेटफॉर्म की सुरक्षा, निर्माण कार्य की गुणवत्ता और ठेकेदारों की जवाबदेही की जांच की जायेगी।

# नंद घर कार्यक्रम से पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बना रहा इलेक्ट्रो स्टील

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** इलेक्ट्रो स्टील ग्रामीण झारखंड में पोषण, शिक्षा और मातृ स्वास्थ्य को सशक्त बनाते हुए प्रारंभिक बाल विकास की मजबूत नींव तैयार करने के अपने नंद घर कार्यक्रम को निरंतर गति दे रहा है। हाल ही में सभी नंद घरों में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उत्साहपूर्ण गतिविधियों ने नन्हे बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सीखने की खुशी को बढ़ावा दिया। नंद घर उसरडीह में आयोजित कार्यक्रम में इलेक्ट्रो स्टील के वरिष्ठ नेतृत्व संजय सिन्हा (हेडझ्रपीआर एवं स्टेकहोल्डर मैनेजमेंट) और कुणाल दरिपा (हेड-सीएसआर) ने बच्चों के साथ ड्राइंग, रंग भरने और कविता पाठ में हिस्सा लिया। जिससे ग्रामीण समुदायों में खुशहाल और समावेशी शिक्षा के प्रति इएसएल की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। यह आयोजन पोषण माह के सफल आयोजन के बाद हुआ। जिसमें माताओं को संतुलित आहार, स्तनपान, स्वच्छता और घरेलू पोषण के महत्व पर जागरूक किया गया। इसी दौरान शिशु संजीवनी विशेष रूप से तैयार मिलेट हलवा का नियमित वितरण भी किया गया। जिससे छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों में प्रतिरक्षा क्षमता, स्वस्थ विकास एवं ऊर्जा में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। मिलेट्स को दैनिक पोषण का हिस्सा बनाकर भारत सरकार के मिलेट मिशन को मजबूत करते हुए कुपोषण के खिलाफ झारखंड में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। नंद घर उसरडीह की सेविका माया खोवास ने कहा कि सही पोषण ही इनके सपनों की सबसे मजबूत नींव है। ये बच्चे सिर्फ नंद घर के नहीं, मेरे अपने हैं। इनकी हर खुशी, हर प्रगति मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।




## एफसीआइएल आवासों खाली करने के लिए जारी नोटिस के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** एफसीआइएल आवासों को खाली कराने के लिए जारी नोटिस के खिलाफ क्षेत्र में विरोध तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड बचाओ संग्राम समिति ने 28 नवंबर 2025, शुक्रवार को 3 बजे से एक विशाल जुलूस निकालने की घोषणा की है। समिति के अध्यक्ष कौशल सिंह ने सिंदरी वासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। कौशल सिंह ने बताया कि एफसीआईएल आवासों में वर्षों से रह रहे परिवारों को अचानक नोटिस देकर बेघर करने का प्रयास अन्यायपूर्ण है। इस तरह की कार्रवाई जनविरोधी है, जिसके विरोध में यह जुलूस आयोजित किया जा रहा है। समिति ने डोमगढ़, मनोहरटांड, एसएल-2, रांगामाटी, सहरपुरा और झुग्गी-झोपड़ी बस्ती के सभी निवासियों से एकजुट होकर अपनी चाटानी एकता का परिचय देने और जुलूस में शामिल होने की अपील की है। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। स्थानीय सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए शांतिपूर्ण जनआंदोलन के समर्थन की बात कही है। कौशल ने कहा कि यदि एफसीआइएल ने नोटिस वापस नहीं लिया, तो आंदोलन और भी तेज किया जायेगा।

## आरजेडी पिछड़ा प्रकोष्ठ के सचिव बने अनिल कुमार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नव मनोनीत प्रदेश सचिव अनिल कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने संगठन विस्तार की तीसरी सूची जारी की हैं। जिसमें प्रदेश सचिव का दायित्व देकर मुझ पर भरोसा जताने के लिए प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। आरजेडी पिछड़ा प्रकोष्ठ के माध्यम से राष्ट्रीय जनता दल को और भी अधिक मजबूत बनाने के लिए निर्देशानुसार लगातार प्रयत्नशील रहूंगा। अनिल कुमार यादव को प्रदेश सचिव बनाकर उचित और सराहनीय निर्णय लेने के लिए धनबाद जिला के आरजेडी नेताओं के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू को धन्यवाद और अनील यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार यादव, धनबाद नगर के अध्यक्ष मुमताज कुरैसी, प्रदेश उपाध्यक्ष बिक्रम प्रसाद यादव, प्रदेश महासचिव सुखदेव विद्रोही एवं तारापदो दिवाकर, पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार महतो इत्यादि कई लोग शामिल रहें।

## 1 दिसंबर को होगा फुटपाथ दुकानदार महासंघ का धरना

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ और अन्य सहयोगी दुकानदार संघों की ओर से सोमवार एक दिसंबर को बोकारो इस्पात नगर सेवा भवन के समक्ष प्रदर्शन किया जायेगा। सेल प्रबंधन के संपदा न्यायालय द्वारा दुंदीबाद और सिटी सेंटर सेक्टर चार के दुकानदारों को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत एक हफ्ते में दुकाने हटा लेने का का नोटिस जारी किया गया है। इसी के विरोध में झुग्गी-झोंपड़ी और दुकानदार संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन का निर्णय लिया है। यह जानकारी महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने दी है। उन्होंने बताया कि सेल अध्यक्ष को नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक के माध्यम से मांगपत्र सौंप कर न्याय की मांग की जायेगी। मांगपत्र में किसी भी दुकान को हटाने से पूर्व पुनर्वासित करने, अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जिन मीट दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गयी हैं या जिन्होंने स्वयं ही व्यवसाय बंद कर दिया है, उन्हें पुनर्वासित करने, जो अन्य दुकानदार और झुग्गीवासी बेघर हुए हैं, उन्हें मुआवजा देने और पुनर्वासित करने सहित अन्य मांगे शामिल रहेंगी।

# मेडिकल कैंप में तीन सौ महिला कर्मियों और 48 समिति सदस्यों की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन, निवारक स्वास्थ्य देखभाल को प्रोत्साहित करने तथा स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 27 नवंबर 2025 को बोकारो जनरल अस्पताल के हेल्थ रिट्रीट परिसर में सीआइएसएफ की महिला कर्मियों एवं सीआईएसएफ संरक्षिका की महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए) डॉ बीबी करुणामय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीआइजी (सीआईएसएफ) नीति मित्तल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ आनंद कुमार, डॉ अनिन्दा मंडल, डॉ इन्द्रनील चौधरी, एसीएमओ प्रभारी डॉ दीपक कुमार सहित बोकारो जनरल अस्पताल के अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।



शिविर के दौरान महिलाओं की उंचाई, वजन, बॉडी मास इंडेक्स, रक्तचाप, ईसीजी, रक्त परीक्षण, कैंसर स्क्रीनिंग जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें की गयी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व अक्टूबर माह में भी बीएसएल की महिला कर्मचारियों एवं बोकारो महिला समिति की सदस्याओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 300 महिला कर्मचारियों एवं 48 समिति सदस्याओं की जांच की गयी थी।

बोकारो इस्पात संयंत्र महिला स्वास्थ्य संरक्षण और निवारक चिकित्सा को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयास करता रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि रोगों से बचाव उपचार से अधिक प्रभावी है। नियमित स्वास्थ्य जांच न केवल बीमारियों की प्रारंभिक पहचान में सहायक होती है, बल्कि महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य, सुरक्षा और कार्य क्षमता को भी बेहतर बनाती है।

# सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल के बच्चों ने श्रम सर्वोपरि विषय पर नाटक का किया मंचन




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल में हिंदी नाट्य प्रतियोगिता का आयोज किया गया। जिसमें प्रेप कक्षा के बच्चों ने श्रम सर्वोपरिह्व विषय- वस्तु पर आधारित एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी। नन्हे कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से यह प्रेरणादायक संदेश दिया कि श्रम ही सच्चा धन है। बच्चों ने बताया कि मेहनत से ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है और जो व्यक्ति परिश्रम को अपनाता है, वही जीवन में सच्ची सफलता प्राप्त करता है। प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। सभी ने बच्चों के आत्मविश्वास तथा अभिनय कौशल की सराहना की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रेवरेंड फादर डीनू एम डेनियल ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों में नैतिक मूल्यों, परिश्रम के महत्व और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं।

# केंद्रीय कोयला सचिव विक्रम दत्त का बेलगाड़िया दौरा आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** भारत सरकार के कोयला सचिव विक्रम देव दत्त शुक्रवार यानी 28 नवंबर को धनबाद में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने वाले हैं। इस दौरान वो बीसीसीएल कार्यालय और झारिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) के अधिकारियों के साथ बैठक करने के साथ साथ बेलगाड़िया समेत प्रभावित क्षेत्रों का भी दौरा करने वाले है। जिसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन बेलगाड़िया में हो रही प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने इस दौरान बताया कि पुनर्वास में विस्थापितों को बेहतर सुविधाए, विभिन्न योजनाओं का लाभ और उन्हें उनका अधिकार मिल सके इसको लेकर कार्य किये जा रहें हैं, ताकि विस्थापितों को किसी तरह का मलाल न रहे। उन्होंने बताया कि बेलगाड़िया में विस्थापितों को प्रीमियम सोसायटी में बनने वाले प्राइवेट अपार्टमेंट जैसे आवास बनाकर देने का प्रयास किया जा रहा हैं। जिसमें उन्हें 24 घंटे बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा, इत्यादि मिलेंगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए यह पुलिस थाना का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां के आसपास के तमाम सड़को का नवीनीकरण कर उसे फोर लेन बनाने की प्रक्रिया भी चल रही है, जिससे आने वाले समय मे यह जगह धनबाद के जाने-माने क्षेत्रों में गिना जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां के युवकों को रोजगार से जोड़ने के लिए भी अब तक यहां के बेरोजगार युवकों के बीच 20 टोटो का भी वितरण किया जा चुका है, साथ ही युवाओं की मंशा भी जानने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उन्हें अन्य और ज्यादा से ज्यादा रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा सके। वहीं, फेज तीन में बने आवासों के खिड़की-दरवाजे चोरों द्वारा चोरी किए जाने के मामले पर उपायुक्त ने बताया कि भवन बनाए जाने के बाद वहां विभिन्न कारणों से लोगों को बसाया नही जा सका, जिससे चोरों को मौका मिला, जिसमें उन्होंने सरकार की भी गलती मानते हुए कहा कि अब सरकार का मेन फोकस विस्थापितों के शिफ्टिंग पर है।



# जोड़ापोखर में चोरी के बुलेट के साथ एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर/ झरिया।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंग्ला से चोरी हुई बुलेट मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है और चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि फुसबंग्ला निवासी शुभम कुमार की बुलेट संख्या यूपी 16 सीआर 7544 जामाडोबा बाजार से अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। इस मामले में जोड़ापोखर थाना में काण्ड सं 148/25 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने अज्ञात चोर संजय कुमार सिंह जोडापोखर निवासी को जोड़ापोखर ग्राउंड से गिरफ्तार किया और उसके पास से चोरी हुई बुलेट मोटरसाइकिल संख्या यूपी16 सीआर 7544 बरामद की। अभियुक्त संजय कुमार सिंह को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता, पुअनि सोमेश्वर कुमार सिंह, सअनि सलन पौल केरकेट्टा आदि शामिल थे।



## राष्ट्रपति ने ओड़िशा विधानसभा के सदस्यों को संबोधित किया

# सभी हितधारक 2036 तक मिल कर काम करें, तो 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में ओड़िशा का सबसे बड़ा योगदान होगा : द्रौपदी मुर्मु



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर में विधानसभा के सदस्यों को संबोधित किया। ओड़िशा विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति की पुरानी यादें ताजा हो गयीं। राष्ट्रपति ने कहा कि कई वर्षों के बाद, इस जगह की पुरानी यादें ताजा हो गयी हैं, जहां उन्होंने एक विधायक के रूप में इस सदन में कई प्रश्न पूछे थे और एक मंत्री के रूप में विधायकों के प्रश्नों के उत्तर दिए थे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने कहा कि ओड़िशा ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस भूमि ने चंद्रशोक को धर्मशोक के रूप में परिवर्तन होते देखा है। उन्होंने आगे कहा कि ओड़िशा के जनजातीय समुदायों ने विदेशी शासन के विरुद्ध संघर्ष करके देश में एक मिसाल कायम की है।

राष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि ओड़िशा में महिला सशक्तिकरण की एक प्राचीन परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि राज्य विधानसभा में महिला प्रतिनिधित्व का एक लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले और बाद में, राज्य में कोई भी ऐसी विधानसभा नहीं रही है, जहां महिलाओं को प्रतिनिधित्व न प्राप्त हुआ हो। उन्होंने कहा कि ओड़िशा की महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करके देश का नाम रौशन किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि ओड़िशा विधानसभा ने अनेक जन कल्याणकारी कानून पारित किए हैं। उन्हें यह जानकर खुशी महसूस हुई कि राज्य की 17वीं विधानसभा ने बहुत ही कम समय में कई सार्थक बैठकें आयोजित की हैं। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा में संवाद की एक स्वस्थ परंपरा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि ओड़िशा तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने ओड़िशा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजाति एवं अन्य वंचित वर्गों के विकास, आवास, आपदा प्रबंधन आदि क्षेत्रों में कई नई पहलें हुई हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों से ओड़िशा में औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया नया स्वरूप ले रही है।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति ने ओड़िशा को हर प्रकार की संपदा से समृद्ध किया है। यह खनिज संसाधनों, जंगलों और जल संसाधनों के साथ-साथ मानव संसाधनों से भी समृद्ध है। ओड़िशा का पर्यावरण कृषि, उद्योग एवं वाणिज्य के विकास के लिए अत्यधिक अनुकूल है। उन्होंने कहा कि इन सभी अवसरों का उपयोग करके ओड़िशा को देश के एक प्रमुख राज्य में स्थापित किया जा सकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि 2036 में ओड़िशा की स्थापना शताब्दी मनायी जायेगी। अगर सभी संबंधित हितधारक 2036 तक एक समृद्ध ओड़िशा के निर्माण के लिए मिलकर काम कर सकते हैं तो यह ओड़िशा का भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे बड़ा योगदान होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी 'राष्ट्र पहले' की भावना के साथ काम करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि विधायक जन प्रतिनिधि होते हैं। ओड़िशा के लोग उनसे अत्यधिक आशा रखते एवं विश्वास करते हैं और लोगों ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सभी विधायकों का कर्तव्य है कि वे नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करें, उनके सपनों को साकार करें और उनके चेहरे पर मुस्कान लायें।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है। जन प्रतिनिधि के रूप में विधायकों के कई प्रशंसक एवं अनुयायी होते हैं और वे जानने को उत्सुक रहते हैं कि वे क्या कहते हैं और क्या करते हैं। उनके शब्द और आचरण दोनों ही अमूल्य हैं। विधायक जो भी कहते हैं और इसे कैसे कहते हैं, वह सदन के अंदर और बाहर सभी को पता होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि विधायकों का आचरण और शब्द ऐसे होने चाहिए कि उन्हें अपनाकर उनके प्रशंसक एवं अनुयायी समाज और राज्य के निर्माण में मदद कर सकें।

# बिहार राज्य ब्रह्मर्षि महासम्मेलन संपन्न
## शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रस्ताव पारित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेगूसराय, तेघड़ा।** बरौनी गांव, तेघड़ा में बिहार राज्य ब्रह्मर्षि महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बिहार के 38 जिलों से प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन बरौनी गांव के सम्मानित मुखिया पंकज कुमार सिंह द्वारा गरिमापूर्ण तरीके से किया गया। महासम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह रहे तथा उनकी अध्यक्षता में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

उपस्थित अतिथियों ने समाज की एकता, शिक्षा, युवाओं के मार्गदर्शन एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम के दौरान समाज को संगठित करने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने हेतु महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गये। अंत में सभी आगंतुकों ने बिहार राज्य ब्रह्मर्षि समाज की मजबूती एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## झारखंड में फर्म : बांग्लादेश तक सप्लाई
# मास्टरमाइंड के करीबी अमित टाटा को एसटीएफ ने दबोचा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लखनऊ।** कोडीन मिक्स कफ सिरप की तस्करी मामले में सिंडिकेट के फरार मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल के करीबी अमित सिंह टाटा को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूछताछ की जा रही है। इसके पिता अशोक सिंह पर एफआइआर दर्ज है। सिरपकांड में एसटीएफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बताया गया कि झारखंड की फर्म देवकृपा अमित सिंह टाटा से जुड़ी है। इस पूरे सिंडिकेट का मास्टरमाइंड वाराणसी निवासी शुभम जायसवाल है, जो दुबई भाग चुका है। ज्ञात हो कि 18 अक्तूबर को सोनभद्र पुलिस ने इस सिंडिकेट का खुलासा किया था। इसके बाद 4 नवंबर को गाजियाबाद से सौरभ त्यागी की गिरफ्तारी हुई।


**Ph.D. Awarded**



By order of the Vice - Chancellor, YBN University **Dr. Amit Das S/o Late. Sudhanshu Shekhar Das,** Research Scholar, School of Pharmacy YBN University Ranchi has been awarded Ph.D. Degree by YBN University for his thesis entitled **"Synergistic effects of Some Medicinal Plants for Treatment of Skin Disease".** He carried out his research work under the guidance of Prof. (Dr.) Ashish Sarkar, Dean, School of Pharmacy, YBN University, Ranchi, Jharkhand, Pin-8340010.


## इमरान खान जेल में, बाहर मौत की अफवाह

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मौत को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह तेज हो गयी है। इमरान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। पिछले 3 हफ्तों से इमरान की बहनें उनसे मिलने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन जेल प्रशासन इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। इसके चलते से इमरान की खराब सेहत के कयास लगाये जा रहे हैं।

## हांगकांग के 'ताई पो' जिले में लगी 77 साल में सबसे भीषण आग
# 8 बहुमंजिला इमारतें जलीं, 65 मौतें

- 280 लोग अभी भी लापता ठेकेदार समेत 3 गिरफ्तार

**एजेंसी**



**हॉन्ग कॉन्ग।** हॉन्गकॉन्ग के 'ताई पो' जिले में बुधवार को एक बड़े रिहायशी कॉम्प्लेक्स में आग लग गयी। यह 77 साल में लगी सबसे भीषण आग बतायी जा रही है। आग इतनी तेज थी कि 24 घंटे बाद भी 8 में से सिर्फ 5 इमारतों पर काबू पा लिया गया। 3 इमारतों की ऊपरी मंजिलों में आग अभी भी जल रही है। इस हादसे में अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 76 गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, 280 लापता हैं। ये कॉम्प्लेक्स आठ इमारतों का था, जिनमें हर इमारत 35 मंजिलों की थी। इसमें करीब दो हजार अपार्टमेंट थे। जांच में पता चला कि लिफ्ट की खिड़कियों को ढकने के लिए इस्तेमाल किया गया स्टाइरोफोम में आग तेजी से फैली। इसी वजह से आग इतनी तेजी से फैल गई। मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

**एक इमारत से दूसरी इमारत तक फैली आग :** तेज हवा और जलते हुए मलबे की वजह से लपटें एक इमारत से दूसरी इमारत तक फैलती चली गयीं। जब आग भड़की, तो कई लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी, क्योंकि मरम्मत की वजह से खिड़कियां बंद थीं। आग बुझाने पहुंची टीम को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## नयी दिल्ली में वीमेंस प्रीमियर लीग का पहला मेगा ऑक्शन
# दीप्ति शर्मा को यूपी ने 3.20 करोड़ में खरीदा श्री चरणी को दिल्ली ने दिये 1.30 करोड़ रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का पहला मेगा ऑक्शन नयी दिल्ली में चल रहा है। भारत की दीप्ति शर्मा पर सबसे बड़ी बोली लगी, उन्हें 3.20 करोड़ रुपये में यूपी वॉरियर्स ने खरीदा। मुंबई इंडियंस ने न्यूजीलैंड की अमीलिया केर को 3 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा।

पहली बोली ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और विकेटकीपर एलिसा हीली पर लगी, लेकिन उन्हें किसी ने नहीं खरीदा। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन को गुजरात ने 2 करोड़ रुपये में खरीदा है। दिल्ली को 3 बार फाइनल में पहुंचाने वालीं कप्तान मेग लैनिंग 1.90 करोड़ रुपये में यूपी का हिस्सा बनीं।

| टीम | खिलाड़ी | बेस प्राइस | विनिंग बोली |
|---|---|---|---|
| यूपी | दीप्ति शर्मा | ₹50 लाख | ₹3.2 करोड़* |
| मुंबई | अमेलिया केर | ₹50 लाख | ₹3 करोड़ |
| गुजरात | सोफी डिवाइन | ₹50 लाख | ₹2 करोड़ |
| यूपी | मेग लैनिंग | ₹50 लाख | ₹1.9 करोड़ |
| दिल्ली | चिनेल हेनरी | ₹30 लाख | ₹1.3 करोड़ |
| दिल्ली | श्री चरणी | ₹30 लाख | ₹1.3 करोड़ |

* प्लेयर्स पर RTM यूज हुआ है।

दीप्ति को पहले दिल्ली ने 50 लाख रुपए में खरीदा था। फिर यूपी ने उन पर राइट टु मैच (आरटीएम कार्ड) का इस्तेमाल किया। दिल्ली ने उनकी कीमत बढ़ाकर 3.20 करोड़ रुपये कर दी। यूपी ने इस प्राइस को भी मैच किया और दीप्ति को टीम में शामिल कर लिया।

**8 प्लेयर्स करोड़पति बनीं :** डब्ल्यूपीएल मेगा ऑक्शन में 11 सेट तक 67 प्लेयर्स का नाम आया, जिनमें 27 को ही खरीदार मिले। बाकी प्लेयर्स अनसोल्ड रहीं। 27 में 13 विदेशी और 14 भारतीय रहीं। इन पर 25.15 करोड़ रुपये खर्च हुए। 8 खिलाड़ियों की कीमत 1 करोड़ रुपये से ज्यादा रही। जिनमें 6 विदेशी और 2 ही भारतीय रहीं। दीप्ति शर्मा 3.20 करोड़ रुपये के साथ सबसे महंगी प्लेयर रहीं। उन्हें यूपी वॉरियर्ज ने खरीदा। अमीलिया केर 3 करोड़ में मुंबई, सोफी डिवाइन 2 करोड़ में गुजरात और मेग लैनिंग 1.90 करोड़ में यूपी का हिस्सा बनीं। दिल्ली ने शिनेले हेनरी को 1.30 करोड़, लौरा वोल्वार्ट को 1.10 करोड़ और श्री चरणी को 1.30 करोड़ रुपए में खरीदा। फीबी लिचफील्ड 1.20 करोड़ रुपये में यूपी का हिस्सा बनीं।

**9वें सेट की सभी प्लेयर्स अनसोल्ड रहीं :** 9वें सेट की सभी प्लेयर्स अनसोल्ड रही। अनकैप्ड विकेटकीपर्स के इस सेट में 5 प्लेयर्स के नाम ऑक्शन पूल पर रखे गये, लेकिन इन पर किसी फ्रैंचाइजी ने रुचि नहीं दिखायी।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**